@Qpatrika
@qaumipatrika hindi
instagram.com/qaumipatrika

# कौमी पत्रिका
## राष्ट्रीय दैनिक अखबार

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित
शनिवार, 30 अगस्त 2025

VISIT:
www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 18 अंक 290 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

# उत्तराखंड के चार जिलों में तबाही

## ● चमोली और बागेश्वर में दो-दो शव बरामद

**एजेंसी**

**देहरादून।** उत्तराखंड में एक बार फिर बारिश ने कहर बरपाया है। रुद्रप्रयाग, चमोली, टिहरी और बागेश्वर में बादल फटने से भारी तबाही हुई है। इस घटना के बाद कई लोगों के वहां फंसने एवं लापता होने की जानकारी है। प्रशासन लगातार रेस्क्यू आपरेशन चला रहा है। इसअभियान में अभी तक मलबे से चार शव बरामद बरामद किये जा चुके हैं। इनमें चमोली जिले के देवाल तहसील के मोपाटा गांव और बागेश्वर जिले के पंचायत पौसारी गांव में दो-दो शव मिले हैं। चमाली के छेनागाड़ बाजार में बाढ़ के पानी के साथ आए मलबे में दबे लोगों की तलाश चल रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रुद्रप्रयाग, चमोली, टिहरी और बागेश्वर में बादल फटने की से हुए नुकसान की जानकारी ली है और उन्होंने प्रभावित लोगों को तुरंत सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के निर्देश दिए हैं। चमोली के मुख्य विकास अधिकारी डॉ अभिषेक त्रिपाठी ने बताया कि आपदा प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्य तेजी से किए जा रहे हैं। जिले के देवाल तहसील के मोपाटा गांव में बचाव अभियान चलाया जा रहा है। इसी बीच जानकारी मिली है कि चमोली जिले के देवाल तहसील के गांव मोपाटा में बचाव दल ने मलबे में दबे दो लोगों के शव बरामद किए हैं।




इसी तरह जनपद बागेश्वर में मध्य रात्रि तहसील कपकोट अन्तर्गत ग्राम पंचायत पौसारी में अतिवृष्टि के कारण लगभग पांच से छह आवासीय भवनों के क्षतिग्रस्त हुए हैं। यहां भी बचाव दल ने दो लोगों के शव बरामद किए है। यहां से तीन लोगों के लापता होने की सूचना है। एक व्यक्ति घायल हुआ है।

### गंगा घाटों को खाली कराया गया

पहाड़ों पर लगातार हो रही बारिश और चमोली में बादल फटने की घटना के कारण गंगा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। इसके चलते ऋषिकेश और हरिद्वार के गंगा घाटों के किनारे रहने वाले लोगों को जल पुलिस द्वारा सुरक्षित स्थानों पर जाने की सलाह दी जा रही है। सभी गंगा घाटों को खाली करा दिया गया है।

### ग्रामीणों ने राहत एवं बचाव का बीड़ा उठाया

चमोली में राहत और बचाव दलों की राह में बंद रास्ते रोड़ा बने तो ग्रामीणों ने राहत एवं बचाव का बीड़ा उठाया। देवाल के मोपाटा गांव में ग्रामीण राहत एवं बचाव कार्य में जुटे हैं। यहां मकान टूटने से दो लोग लापता हैं।

# मणिमहेश यात्रा में अब तक 11 श्रद्धालुओं की मौत

## 10 हजार फंसे

**एजेंसी**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के चम्बा जिले में मूसलाधार बारिश एवं भूस्खलन ने भारी तबाही मचाई है। इस प्राकृतिक आपदा के बीच मणिमहेश यात्रा के दौरान अब तक 11 श्रद्धालुओं की मौत हो चुकी है। इनमें से तीन शव अब तक नहीं मिल पाए हैं। वहीं करीब 10 से 12 हजार यात्री मार्ग टूटने के कारण विभिन्न स्थानों पर फंसे हुए हैं। लगातार बारिश और भूस्खलनों से चम्बा-भरमौर राष्ट्रीय राजमार्ग सहित जिले के सैकड़ों मार्ग यातायात के लिए अवरुद्ध हो गए हैं। बिजली के ट्रांसफार्मर और पेयजल योजनाओं को भी भारी नुकसान पहुंचा है, जिससे पूरे जिले में जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र जनजातीय पांगी और भरमौर रहे हैं, जहां संचार सेवाएं भी कई दिनों से ठप हैं। जिले में पिछले चार दिनों तक मोबाइल और नेटवर्क सेवाएं पूरी तरह बंद रहीं और केवल बीती रात कुछ हद तक बहाल हो सकीं। हालांकि भरमौर क्षेत्र में अब भी संचार व्यवस्था सुचारू नहीं हो पाई है। बारिश और भूस्खलन के चलते मणिमहेश यात्रा को बंद कर दिया गया है। हजारों श्रद्धालु रास्ते में फंसे हैं। प्रशासन, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें लगातार राहत व बचाव कार्य कर रही हैं। इसके अलावा हेलीकॉप्टर की मदद से भी



यात्रियों को सुरक्षित स्थानों तक लाने का प्रयास किया जा रहा है। प्रशासन का कहना है कि फंसे हुए श्रद्धालु सुरक्षित हैं और उनके रहने-खाने की व्यवस्था रास्ते में ही कर दी गई है। पैदल ट्रैक पर फंसे 29 यात्रियों को भी भरमौर तक पहुंचाने का कार्य जारी है।

### केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने शहीद रमेश पोपावत को श्रद्धांजलि दी


जोधपुर। केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत आज जोधपुर पहुँचे और पश्चिम बंगाल में ड्यूटी के दौरान शहीद हुए बीएसएफ के जवान रमेश पोपावत को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने जोधपुर एयरपोर्ट पर शहीद को पुष्पांजलि अर्पित की और उनके परिवार से मिलकर उन्हें सांत्वना दी। जोधपुर जिले के बोयल गाँव के निवासी शहीद रमेश पोपावत के पार्थिव शरीर को उनके पैतृक गाँव भेजा गया, जहाँ उनका अंतिम संस्कार पूरे सैन्य सम्मान के साथ किया जाएगा। एयरपोर्ट पर बड़ी संख्या में साँसी समाज के लोग मौजूद थे और उन्होंने 'रमेश पोपावत अमर रहे' के नारे लगाए।इस दौरान पाली के सांसद पी.पी. चौधरी, राज्यसभा सांसद राजेंद्र गहलोत और राजस्थान सरकार के मंत्री अविनाश गहलोत ने भी शहीद को श्रद्धांजलि दी।

# पीएम को जितनी गाली दोगे उतना कमल खिलेगा : अमित शाह

## कहा- राहुल में थोड़ी भी शर्म है तो मोदीजी और उनकी मां से माफी मांगें

**एजेंसी**

**शिमला।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को बिहार में विपक्षी गठबंधन के एक कार्यक्रम के दौरान



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी मां के खिलाफ कथित तौर पर अपमानजनक शब्दों के इस्तेमाल की घटना की निंदा की। शाह ने कहा, 'कांग्रेस नेताओं ने अपनी 'घुसपैठिया बचाओ यात्रा' के दौरान प्रधानमंत्री मोदी की मां के खिलाफ अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल करके बेहद निंदनीय कृत्य किया है। मैं इसकी निंदा करता हूं। हर कांग्रेस नेता ने प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ अपमानजनक शब्द कहे हैं।' शाह ने कहा, 'दो दिन पहले जो हुआ, उससे सभी को दुख पहुंचा है। पीएम मोदी की मां ने एक गरीब घर में जीवन जिया, अपने बच्चों को मूल्यों के साथ पाला और अपने बेटे को एक भरोसेमंद नेता बनाया। ऐसे जीवन के लिए अपशब्दों का इस्तेमाल करना भारत की जनता कभी बर्दाश्त नहीं कर सकती। राजनीतिक जीवन में इससे बड़ी कोई गिरावट नहीं हो सकती और मैं इसकी कड़ी निंदा करता हूं।' उन्होंने आगे कहा, 'मैं राहुल गांधी से आग्रह करना चाहता हूं कि अगर उनमें जरा भी शर्म बची है, तो उन्हें पीएम मोदी, दिवंगत मां और देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए। ईश्वर सभी को सद्बुद्धि दे।'

### ● मतदाता अधिकार यात्रा में कहे गए अपशब्द

इससे पहले चुनावी राज्य बिहार में राहुल गांधी की मतदाता अधिकार यात्रा के दौरान कुछ कांग्रेस कार्यकर्ताओं की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी दिवंगत मां के खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल किए जाने के बाद विवाद खड़ा हो गया। भाजपा ने इस कथित टिप्पणी को लेकर पटना के कोतवाली थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई और कांग्रेस सांसद से माफी मांगने की मांग की।

# 12 अक्टूबर की हाफ मैराथन मे महिलाओं की संख्या अधिक होगी: सीएम रेखा गुप्ता

**कौमी पत्रिका**
**सिम्मी कौर बब्बर**

नई दिल्ली, 29 अगस्त। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर कल दिल्ली सचिवालय में वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन 2025 के फिनिशर मेडल का अनावरण किया। इस आयोजन का उद्देश्य खेल भावना, फिटनेस और स्वास्थ्य के महत्व को जन-जन तक पहुंचाना है। मुख्यमंत्री का कहना है कि यह हाफ मैराथन सिर्फ़ एक खेल आयोजन नहीं, बल्कि यह स्वस्थ, सशक्त और अनुशासित समाज के निर्माण की दिशा में एक बड़ा अभियान है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि हमारी सरकार यह भी प्रयास करेगी कि मैराथन में इस बार महिलाओं की संख्या पुरुष से अधिक हो। मुख्यमंत्री ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हर धावक का संकल्प और मेहनत समाज के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि यह मेडल केवल धावकों की जीत का प्रतीक नहीं है, बल्कि उनकी हिम्मत, लगन और प्रतिबद्धता का सम्मान है। उन्होंने बताया कि वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन 12 अक्टूबर को आयोजित किया जाएगा, जिसमें दिल्ली के हजारों लोग न केवल दिल्ली से बल्कि पूरे देश और विश्वभर से हिस्सा लेंगे। यह आयोजन 'स्वस्थ दिल्ली, सशक्त दिल्ली' के विज़न को आगे बढ़ाने का प्रतीक है। उन्होंने यह भी कहा कि दिल्ली में अब महिला मुख्यमंत्री है, इसलिए हम चाहेंगे कि मैराथन में भाग लेने वालों में इस बार महिलाओं की संख्या पुरुषों से अधिक हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी समय-समय पर फिटनेस का संदेश देते हैं। कभी




वह तेल का सेवन कम करने की बात करते हैं, कभी योग और व्यायाम को बढ़ावा देते हैं, कभी स्वस्थ जीवन-शैली अपनाने और मोटे अनाज (मिलेट्स) के उपयोग पर बल देते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री जी का यह विज़न है कि देश स्वस्थ रहे और भारत का हर नागरिक स्वस्थ और सशक्त बने। उन्होंने यह भी कहा कि सामाजिक स्तर पर स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए जितने भी प्रयास सरकार के साथ मिलकर किए जाते हैं, दिल्ली सरकार उन सभी को प्रोत्साहित करती है। मुख्यमंत्री ने दिल्लीवासियों से, विशेष रूप से युवाओं और महिलाओं से, अपील की कि वे बड़ी संख्या में इसमें भाग लें। मुख्यमंत्री ने वेदांता के इस प्रयास को अत्यंत महत्वपूर्ण और गंभीर पहल बताते हुए कहा कि प्रतिभागी केवल औपचारिकता निभाने के लिए नहीं, बल्कि पूरे मन से दौड़ते हैं और फिटनेस को अपनी प्राथमिकता बनाते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि दिल्ली सरकार चाहती है कि राजधानी का हर नागरिक स्वस्थ रहे और फिट रहकर दिल्ली के विकास में योगदान दे। उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि यह आयोजन दिल्ली सचिवालय से शुरू हो रहा है और साथ ही वेदांता द्वारा दिल्ली की सेहत सुधारने के लिए किए जा रहे अन्य प्रयासों की भी सराहना की। मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि इस आयोजन के लिए दिल्ली सरकार हर तरह की सहायता और सहयोग उपलब्ध कराएगी।

शेष पृष्ठ 3 पर

# 'आतंकवाद के खिलाफ मानवता की जीत का स्वर्णिम अध्याय है ऑपरेशन सिंदूर'

## ● राष्ट्रपति मुर्मू का बयान

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एक कार्यक्रम में अपने संबोधन में कहा कि ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ मानवता की लड़ाई का एक स्वर्णिम अध्याय है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने स्वदेशी आकाशतीर एयर डिफेंस और रिपोर्टिंग प्रणाली के निर्माण में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के योगदान की तारीफ की। आकाशतीर एयर डिफेंस सिस्टम ने भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।


**● लाभ कमा रहे सार्वजनिक उद्यमः** स्कोप एमिनेंस अवार्ड्स को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने साल 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों की भूमिका पर बात की। राष्ट्रपति ने कहा



कि सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों ने राजस्व और लाभ सहित प्रमुख वित्तीय मानकों पर अच्छा प्रदर्शन किया है। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि तीन-चौथाई सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम लाभ कमा रहे हैं, और पिछले दशक के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों का शुद्ध लाभ काफी बढ़ा है।

**● विभिन्न क्षेत्रों में योगदान दे रहे सार्वजनिक उद्यम**

राष्ट्रपति ने जोर देकर कहा कि नवाचार और भारत की बढ़ती तकनीकी विशेषज्ञता से राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने में सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों का बड़ा योगदान है। सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों ने कृषि, खनन और अन्वेषण, विनिर्माण, प्रसंस्करण और सेवाओं सहित कई क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मुर्मू ने आगे बताया कि महिलाओं के नेतृत्व वाला विकास सरकार की राष्ट्रीय प्राथमिकताओं में से एक है, लेकिन उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि महिला नेताओं को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को यहां जापान के पूर्व प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा और योशीहिदे सुगा के साथ मुलाकात कर दोनों देशों के संबंधों तथा विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के बारे में बातचीत की।

# सुप्रीम कोर्ट को मिले दो नए जज

## जस्टिस आलोक अराधे और जस्टिस विपुल पंचोली ने ली शपथ

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** सुप्रीम कोर्ट में दो नए जजों की नियुक्ति हुई है। शुक्रवार को भारत के चीफ जस्टिस (सीजेआई) बीआर गवई ने नवनियुक्त जजों, जस्टिस आलोक अराधे और जस्टिस विपुल मनुभाई पंचोली को पद की शपथ दिलाई। केंद्र सरकार की ओर से



जजों की नियुक्तियों को मंजूरी देने के दो दिन बाद यह शपथ ग्रहण समारोह हुआ। बॉम्बे हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रहे आलोक अराधे और पटना हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रहे विपुल मनुभाई पंचोली को सुप्रीम कोर्ट के जज के रूप में पदोन्नति मिली है। दोनों जजों के शपथ ग्रहण के साथ सुप्रीम कोर्ट में चीफ जस्टिस समेत कुल जजों की संख्या अब 34 हो गई। सीजेआई गवई की अध्यक्षता वाले कॉलेजियम ने सोमवार को अपनी सिफारिशें केंद्र को भेज दी थीं। सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड किए गए एक बयान में कहा गया, 'सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 25 अगस्त को हुई अपनी बैठक में दो हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस को सर्वोच्च अदालत में न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत करने की सिफारिश की।' सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की सिफारिश पर त्वरित कार्रवाई करते हुए केंद्रीय कानून और न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर बताया कि राष्ट्रपति ने सीजेआई से परामर्श के बाद इन दोनों न्यायाधीशों की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है।

# एसआईआर समय-सीमा बढ़ाने की याचिका पर 1 सितंबर को सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

**● न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने एसआईआर प्रक्रिया को चुनौती देने वाली याचिकाओं को सूचीबद्ध करने पर सहमति जताई।**


**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बिहार की मतदाता सूची में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के पहले चरण के बाद भारतीय चुनाव आयोग द्वारा प्रकाशित मसौदा मतदाता सूची पर दावे और आपत्तियां दर्ज करने की समय-सीमा बढ़ाने की मांग वाली याचिकाओं पर विचार किया। कोर्ट ने इस मामले की सुनवाई 1 सितंबर को करने पर सहमति जताई। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने एसआईआर प्रक्रिया को चुनौती देने वाली याचिकाओं को सूचीबद्ध करने पर सहमति जताई। अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने दलील दी कि राष्ट्रीय जनता दल और कुछ अन्य राजनीतिक दलों ने चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित 1 सितंबर की समय सीमा बढ़ाने के लिए आवेदन दायर किए हैं। पिछली सुनवाई में न्यायमूर्ति कांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने पक्षकारों को मौखिक रूप से आश्वासन दिया था कि समय सीमा बढ़ाने के उनके अनुरोध पर बाद में विचार किया जा सकता है। इस मामले की सुनवाई 8 सितंबर के लिए निर्धारित की थी। इसके साथ-साथ चुनाव आयोग को निर्देश दिया था कि वह मसौदा मतदाता सूची में शामिल न किए गए मतदाताओं से ऑनलाइन दावा प्रपत्र स्वीकार करे और उन पर दस्तावेजों को भौतिक रूप से जमा करने पर जोर न डाला जाए। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए क्लेम फॉर्म को चुनाव आयोग द्वारा पहले सूचीबद्ध 11 दस्तावेजों में से किसी एक या आधार कार्ड के साथ जमा किया जा सकता है। कोर्ट ने बिहार में सभी राजनीतिक दलों और उनके बूथ-स्तरीय कार्यकर्ताओं (बीएलए) को निर्देश दिया कि वे उन लोगों की मदद करें जो गणना फॉर्म जमा नहीं कर पाए और जिनके नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए।

# प्रधानमंत्री मोदी ने भारत-जापान द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ाने के लिए 5-पॉइंट रोडमैप किया पेश

**● पीएम मोदी ने बिजनेस लीडर्स से मेक इन इंडिया और मेक फॉर द वर्ल्ड का आग्रह किया।**

**एजेंसी**

**टोक्यो।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को टोक्यो में जापान के प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा के साथ भारत-जापान आर्थिक मंच में भाग लिया। शीर्ष उद्योग जगत के नेताओं को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने दोनों देशों के बीच मजबूत आर्थिक साझेदारी पर प्रकाश डाला और द्विपक्षीय सहयोग को गहरा करने के लिए पांच-पॉइंट रोडमैप पेश किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा अभी भारत-जापान बिजनेस फोरम की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। इसमें कंपनियों के बीच हुई बिजनेस डील का विस्तार से वर्णन दिया गया है। इस प्रगति के लिए मैं आप सभी का बहुत-बहुत अभिनंदन करता हूं। उन्होंने कहा, 'हमारी साझेदारी के लिए मैं भी कुछ सुझाव नम्रतापूर्वक आपके सामने रखना चाहता हूं।' उन्होंने दोनों देशों के बीच साझेदारी के लिए पांच-पॉइंट रोडमैप में मैन्युफैक्चरिंग, टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन, ग्रीन एनर्जी ट्रांजिशन, नेक्स्ट जेन इंफ्रास्ट्रक्चर और स्किल डेवलपमेंट को अहम बताया। पीएम मोदी ने मैन्युफैक्चरिंग को लेकर कहा, 'ऑटो सेक्टर में हमारी भागीदारी बेहद सफल रही है। हम साथ मिलकर बैटरी, रोबोटिक्स, सेमीकंडक्टर, शिपबिल्डिंग और न्यूक्लियर एनर्जी में भी मैजिक को दोहरा सकते हैं। साथ मिलकर हम ग्लोबल साउथ विशेष कर अफ्रिका के विकास में अहम योगदान दे सकते हैं।' उन्होंने बिजनेस लीडर्स से मेक इन इंडिया और मेक फॉर द वर्ल्ड का आग्रह किया।



टेक्नोलॉजी और इनोवेशन को लेकर पीएम मोदी ने कहा, 'जापान टेक पावरहाउस और भारत एक टैलेंट पावरहाउस है। भारत ने एआई, सेमीकंडक्टर, क्वांटम कंप्यूटिंग, बायोटेक और स्पेस में कई बोल्ड और बेहतरीन पहलें की हैं। जापान की टेक्नोलॉजी और भारत का टैलेंट मिलकर इस सदी की टेक क्रांति का नेतृत्व कर सकते हैं।' उन्होंने ग्रीन एनर्जी ट्रांजिशन को लेकर कहा कि भारत तेजी से 2030 तक 500 गीगावाट रिन्यूएबल एनर्जी के लक्ष्य की ओर अग्रसर है। हमने 2047 तक 100 गीगावाट न्यूक्लियर पावर का भी लक्ष्य रखा है। उन्होंने जोर देकर कहा, 'सोलर सेल्स हो या ग्रीन हाइड्रोजन साझेदारी की अपार संभावनाएं हैं। भारत और जापान के बीच जॉइंट क्रेडिट मैकेनिज्म पर समझौता हुआ है। इसका लाभ उठाकर क्लीन और ग्रीन फ्यूचर के निर्माण में सहयोग किया जा सकता है।' उन्होंने नेक्स्ट जेन इंफ्रास्ट्रक्चर को लेकर कहा कि पिछले 1 दशक में भारत ने नेक्स्ट जनरेशन मोबिलिटी और लॉजिस्टिक्स इंफ्रास्ट्रक्चर में अभूतपूर्व प्रगति की है। 1000 किलोमीटर लंबी मेट्रो लाइन बनी हैं। जापान के इस सहयोग और मुंबई और अहमदाबाद हाई स्पीड रेल पर काम चल रहा है लेकिन हमारी यात्रा यहीं नहीं रुकती।स्किल डेवलपमेंट लेकर पीएम मोदी ने कहा कि भारत का स्किल्ड युवा टैलेंट वैश्विक जरूरतें पूरी करने की क्षमता रखता है। इसका लाभ जापान भी उठा सकता है। उन्होंने सभा से भारतीय टैलेंट को जापानी भाषा और सॉफ्ट स्किल में ट्रेनिंग देकर एक जापान -रेडी वर्कफोर्स तैयार करने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री मोदी ने जापानी व्यवसायों का आह्वान करते हुए कहा कि दोनों देशों के बीच साझेदारी रणनीतिक और स्मार्ट है। मिलकर हम स्थिरता, विकास और समृद्धि के लिए आसियान सदी को आकार देंगे।

## कपिल मिश्रा के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन मामले में दिल्ली हाईकोर्ट का निचली अदालत से अनुरोध

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली हाई कोर्ट ने दिल्ली के कानून मंत्री कपिल मिश्रा के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन मामले में निचली अदालत से सुनवाई टालने का अनुरोध किया है। यह मामला 2020 के विधानसभा चुनावों के दौरान कथित रूप से भड़काऊ टिप्पणी करने से जुड़ा है। न्यायमूर्ति रविंदर डुडेजा ने निर्देश तब दिया जब मिश्रा के वकील, महेश जेठमलानी, ने कोर्ट को जानकारी दी कि दिल्ली पुलिस ने अपने पूरक आरोपपत्र में कुछ ऐसी फाइलें शामिल की हैं, जो एक्स (पूर्व में ट्विटर) से मिली थीं। जेठमलानी के अनुसार, ये फाइलें कोडित और पढ़ने योग्य नहीं थीं। मिश्रा के वकील जेठमलानी ने कोर्ट से निचली अदालत की कार्यवाही पर रोक लगाने की मांग कर तर्क दिया कि दस्तावेजों का एक पठनीय संस्करण उपलब्ध कराए बिना कार्यवाही शुरू करना सही नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर ट्रायल कोर्ट आगे बढ़ता है, तब उनकी अपील निरर्थक होगी। कोर्ट ने इन दलीलों को स्वीकार करते हुए निचली अदालत से सुनवाई को दिल्ली हाई कोर्ट द्वारा तय की गई अगली तारीख तक स्थगित करने का अनुरोध किया। अब इस मामले की अगली सुनवाई 13 अक्टूबर को होगी। यह मामला 24 जनवरी, 2020 को दर्ज हुई एक एफआईआर से शुरू हुआ था, जिसमें कपिल मिश्रा पर सोशल मीडिया पर भड़काऊ सामग्री पोस्ट करके आदर्श आचार संहिता और जन प्रतिनिधित्व अधिनियम का उल्लंघन करने का आरोप लगाया गया था।

## महुआ मोइत्रा का विवादित बयान, शाह का सिर काटने की बात कही

कोलकात (एजेंसी)। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर अभद्र टिप्पणी को लेकर तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा विवादों में फिर गई हैं। भारतीय जनता पार्टी ने आरोप लगाए हैं कि मोइत्रा ने शाह का सिर काटने की बात कही है। खास बात है कि यह मामला तब सामने आया है, जब बिहार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अभद्र टिप्पणी करने का मामला तूल पकड़ रहा है। बंगाल भाजपा ने लिखा, जब महुआ गृहमंत्री का सिर काटने की बात करती हैं, तब ये टीएमसी की निराशा और हिंसा की संस्कृति को दिखाता है, जो बंगाल की छवि खराब कर रही है और राज्य को पीछे ले जा रही है। पार्टी ने वीडियो भी शेयर किया है, जिसमें मोइत्रा पत्रकारों से बातचीत करती दिख रही हैं।

## पंजाब में 37 साल में पहली बार भीषण बाढ़, कई जिले पूरी तरह जलमग्न

### -एनआरआई पंजाबियों ने बढ़ाया मदद का हाथ

अमृतसर (एजेंसी)। पंजाब में 37 साल में पहली बार भीषण बाढ़ आई, जिसने 1988 का रिकॉर्ड तोड़ दिया। हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में भारी बारिश के कारण सतलुज, ब्यास और रावी नदियाँ उफान पर हैं, जिससे पंजाब के कई जिले बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। पंजाब के प्रभावित क्षेत्र में पठानकोट, गुरदासपुर, फाजिल्का, तरनतारन, कपूरथला, फिरोजपुर, होशियारपुर, और अमृतसर जैसे जिलों में हालात गंभीर हैं। सैकड़ों गाँव जलमग्न हो गए हैं। बाढ़ के कारण हजारों लोगों को पलायन करना पड़ा है, और जान-माल का बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ है। लोग अपने घरों और पशुओं को छोड़कर अस्थायी शिविरों में रहने को मजबूर हैं। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने बचाव कार्यों में तेजी लाने के आदेश दिए हैं। चंडीगढ़ में एक उच्च-स्तरीय बैठक भी बुलाई गई है। राजपुरा में एक बाढ़ नियंत्रण कक्ष और आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर स्थापित किया गया है। विदेशों में रहने वाले पंजाबी समुदाय ने भी मदद का हाथ बढ़ाया है। सोशल मीडिया पर प्रप्रे फार पंजाब ट्रेंड कर रहा है। यह बाढ़ पंजाब के लिए एक बड़ी चुनौती है, और सरकार के साथ-साथ आम लोग भी इस आपदा से निपटने के लिए एकजुट होकर काम कर रहे हैं।

## झारखंड के दो मंत्रियों की हत्या की धमकी....युवक पटना से गिरफ्तार

रांची (एजेंसी)। झारखंड के गिरिडीह पुलिस की विशेष जांच टीम (एसआईटी) ने 21 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया है, युवक ने वीडियो में झारखंड के दो मंत्रियों की हत्या की धमकी दी थी। राजेंद्र नगर निवासी आरोपी अंकित कुमार मिश्रा को पटना में गिरफ्तार किया। मिश्रा ने वीडियो में दावा किया था कि उसके गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई से संबंध हैं। गिरिडीह पुलिस अधीक्षक (एसपी) ने बताया कि सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में मिश्रा ने गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू और स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी को 24 घंटे के भीतर जान से मारने की धमकी दी। कुमार ने कहा, गिरिडीह के निवासी द्वारा युवक के खिलाफ मामला दर्ज करने के बाद एसआईटी का गठन किया। एसआईटी ने तकनीकी और खुफिया जानकारी की मदद से आरोपी को पटना से गिरफ्तार किया। उन्होंने कहा कि मिश्रा का किसी लोरेंस गैंग से कोई संबंध नहीं है, लेकिन वह कई बार छोटे-मोटे अपराधों के लिए जेल जा चुका है। पुलिस ने बताया कि मिश्रा के खिलाफ धमकी देने और अशांति फैलाने के आरोप में मामला दर्ज किया जाएगा।

## हिमाचल, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर में जल्द बहाल होंगी मोबाइल सेवाएं

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय संचार और उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बृहस्पतिवार को हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में मोबाइल संपर्क सेवा बहाल करने के संबंध में एक उच्च-स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में सचिव (दूरसंचार) डॉ. नीरज मित्तल, संचार मंत्रालय, भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) और अन्य दूरसंचार संचालकों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने सभी प्रभावित क्षेत्रों, विशेष रूप से जम्मू के डोडा और उधमपुर जिलों में, जहाँ बाढ़ का सबसे अधिक प्रभाव पड़ा है, सेवाएँ बहाल करने के लिए तत्काल युद्धस्तर पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। अंतर-जिला और घाटी संपर्क में क्रमिक प्रतिबंधों पर भी कड़ी नज़र रखी जा रही है ताकि सेवाएँ शीघ्र अति शीघ्र सामान्य हो सकें।

# कब भरी जाएंगी 2021 से ख़ाली जम्मू कश्मीर से राज्यसभा की 4 सीटें?

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर की 4 राज्यसभा सीटें फरवरी 2021 से रिक्त पड़ी हैं। चुनाव आयोग ने केंद्र से अनुरोध किया था कि राष्ट्रपति द्वारा सभी चार रिक्त पड़ी राज्यसभा सीटों का कार्यकाल अलग-अलग यानी स्टेगर्ड टर्म्स के लिए निर्धारित कर दिया जाए ताकि हर दो साल में क्रमशः एक सीट खाली हो और नया चुनाव हो सके। लेकिन कानून और न्याय मंत्रालय ने यह मांग ठुकरा दी है। मंत्रालय ने आयोग से स्पष्ट कहा कि संविधान और मौजूदा कानूनों में ऐसी व्यवस्था की कोई अनुमति नहीं है।

आयोग ने कहा था कि संविधान का उद्देश्य राज्यसभा को स्थायी सदन बनाना है, जहाँ हर दो साल में एक-तिहाई सदस्य बदलते रहें। चूंकि जम्मू-कश्मीर में चारों सीटें एक साथ खाली हुई हैं, इस चक्र में असमानता आ गई है। इसलिए राष्ट्रपति आदेश से टर्म्स अलग-अलग कर दिए जाएं। कानून मंत्रालय ने कहा कि इस तरह की मांग का कोई कानूनी आधार नहीं है। यदि राष्ट्रपति आदेश से एक बार टर्म बदल दिया गया तो वही नियम अन्य राज्यों में भी लागू करना होगा, जहाँ अतीत में ऐसी स्थिति बनी थी (जैसे पंजाब और दिल्ली)। ऐसा करना संविधान संशोधन के बिना संभव नहीं।

जम्मू कश्मीर की नई विधानसभा में कुल 90 निर्वाचित सदस्य और 5 नामित सदस्य हैं। इनमें नेशनल कॉन्फ्रेंस 34 विधायक हैं जबकि कांग्रेस के 17, भारतीय जनता पार्टी के 22, अन्य व निर्दलीय - 17 विधायक हैं। राज्यसभा चुनाव में मतदान केवल निर्वाचित विधायक करते हैं। इस लिहाज़ से नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस गठबंधन के पास 51 विधायकों की संख्या है जो बहुमत से काफी अधिक है। इस समीकरण में नेशनल कॉन्फ्रेंस-कांग्रेस को राज्यसभा की 3 सीटें मिलना लगभग तय माना जा रहा है। चौथी सीट के लिए भाजपा और नेशनल कांफ्रेंस-कांग्रेस के बीच टक्कर होगी। यदि गठबंधन निर्दलीयों को साथ ले आया, तो चारों सीटें उसके खाते में जा सकती हैं। भाजपा की झोली ख़ाली रह सकती है।

नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस ने कहा कि कानून मंत्रालय का फैसला सही है और इससे जम्मू-कश्मीर की जनता की आवाज़ राज्यसभा में दोबारा सुनी जाएगी। भाजपा नेताओं ने आयोग की मांग को ÷तर्कसंगत÷ बताते हुए कहा कि एक साथ चुनाव से विपक्ष को अनुचित लाभ मिलेगा। जबकि संवैधानिक विशेषज्ञों का कहना है कि चुनाव आयोग की मंशा संवैधानिक भावना के अनुरूप हो सकती है, लेकिन कानूनी प्रावधानों के अभाव में ऐसा करना संभव नहीं।

विशेषज्ञों का मानना है कि जम्मू-कश्मीर का मामला पहला नहीं है। इससे पहले भी पंजाब और दिल्ली में राष्ट्रपति शासन और आपातकाल



के दौर में राज्यसभा सीटें एक साथ खाली हुई थीं। पंजाब में आपातकाल के दौरान विधानसभा भंग हो जाने से राज्यसभा सीटों के कार्यकाल एकसाथ खत्म हुए। दिल्ली में 1990 के दशक में इसी तरह की स्थिति बनी थी। लेकिन तब भी कभी टर्म्स को स्टैगर करने का आदेश नहीं दिया गया। सभी सीटों पर एक साथ चुनाव कराए गए और नए सदस्यों का कार्यकाल एक ही तारीख से शुरू माना गया। यही परंपरा अब जम्मू-कश्मीर में भी अपनाई जाएगी।

## देहरादून में विक्रम में 6 से ज्यादा सावरियों पर रोक... ड्राइवर के बंगल वाली सीट पर कोई सवारी नहीं बैठेगी

**देहरादून (एजेंसी)।** उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में नियमों को दरकिनार कर चल रहे विक्रम अब केवल छह सवारियों के साथ ही चल सकते है। ड्राइवर के बंगल वाली सीट पर कोई सवारी नहीं बैठेगी। हाईकोर्ट के निर्देशों का पालन करते हुए, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण (आरटीए) ने एक आदेश जारी किया है। विक्रम अब सिक्स प्लस वन की श्रेणी में ही माने जाएंगे, जिसका मतलब है कि वे ड्राइवर के अलावा केवल छह सवारियां बैठा सकते हैं। विक्रम चालकों को आदेश दिया गया है कि वे 10 सितंबर तक आगे वाली सीट हटा दें और ड्राइवर के केबिन को लोहे की चादर या रॉड से बंद करवा दें। जो विक्रम 10 सितंबर तक यह बदलाव नहीं करते हैं, उनकी फिटनेस नहीं होगी और न ही उनके टैक्स से संबंधित कोई काम किया जाएगा। यदि किसी विक्रम में आगे की सीट पर सवारी बैठी पाई गई, तब 20,000 तक का जुर्माना लगाया जाएगा। ओवरलोडिंग करने वाले विक्रमों के खिलाफ उनके परमिट की शर्तों के उल्लंघन के तहत भी कार्रवाई की जाएगी। क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि शहर में कुल 784 विक्रम पंजीकृत हैं। यह फैसला नैनीताल हाईकोर्ट के आदेश के बाद लिया गया है, जिसने स्पष्ट किया है कि परिवहन मुख्यालय इस संबंध में कोई निर्णय नहीं ले सकता। इससे पहले, साल 2019 में भी यही नियम लागू किया गया था, लेकिन बाद में चालकों ने रॉड हटाकर फिर से सवारियां बैठाना शुरू कर दिया था।

## अंतरिक्ष यात्री शुभांशु अपने घर पहुंचे, माता-पिता की खुशी का ठिकाना न रहा



### -मां के हाथ की बनी मठरी खाई, चचेरे भाई ने कर थी फरमाईश

**लखनऊ (एजेंसी)।** अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला शुक्रवार को लखनऊ स्थित अपने घर पहुंचे। बेटे को देख माता-पिता की बहुत खुश नजर आए। उन्होंने कहा कि हमने बेटे से आने को कहा था और उसने व्यस्तता के बावजूद समय निकाला, हमारी बात मानी और मान बढ़ाया। वहीं, शुभचिंतकों से घिरे शुभांशु भी काफी भावुक नजर आए।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इस खास मौके पर शुभांशु के पिता शंभु दयाल शुक्ला ने कहा कि हमें बहुत अच्छा लगा कि मेरा बेटा घर आया। उसके आने के बाद सभी के चेहरे खिल उठे। जैसे ही आसपास के लोगों को पता लगा, सब उससे मिलने आए। उसने सभी लोगों से बात की। मेरे बेटे से कई विषयों को लेकर बात हुई। एक बार उसका कार्यक्रम पूरा हो जाए, तो इसके बाद हम बेंगलुरु जाएंगे। शुभांशु की माता आशा ने कहा कि हमें बहुत अच्छा लगा कि हमारा बेटा घर आया। मैं लंबे समय से इंतजार कर रही थी। ऐसी स्थिति में हमें लग रहा था कि शायद उसका आना मुश्किल हो जाएगा, लेकिन जैसे ही हमें पता लगा कि वह आया है, तो हमारी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। शुभांशु की मां ने कहा कि उन्होंने बेटे के आने की खुशी में कुछ खास नहीं बनाया। हमारे घर में जो भी सामान्य तौर पर बनता है, वही बनाया था। वो तो मेरा बेटा है। जैसा मेरे लिए पहले था, वैसे ही आज है। हमें बहुत खुशी हुई कि वो समय निकालकर हमसे मिलने आया।

शुभांशु शुक्ला के चचेरे भाई आशीष ने कहा कि हमें बहुत अच्छा लगा कि शुभांशु हमारे बीच में आए और अपनी मां के हाथ का बना खाना खाया। उसके लिए मठरियां बनाई गई थीं, जिसे उसने बहुत ही चाव से खाया था। हमने शुभांशु से कहा कि लखनऊ में एक एयरशो होना चाहिए है। अगर ऐसा करते हैं, तो निश्चित तौर पर इससे आने वाली पीढ़ियों को व्यापक स्तर पर फायदा पहुंचेगा।

# भाजपा ने विपक्ष पर साधा निशानाः मराठा आरक्षण पर शरद पवार और उद्धव ठाकरे की चुप्पी

**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की महाराष्ट्र इकाई ने विपक्ष के महा विकास आघाडी (एमवीए) गठबंधन पर मराठा आरक्षण के मुद्दे पर चुप्पी साधने का आरोप लगाया। भाजपा के प्रवक्ता केशव उपाध्ये ने कहा कि जब एमवीए सत्ता में थी, तब उन्होंने मराठा समुदाय की मांगों की अनदेखी की। बीजेपी प्रवक्ता उपाध्ये ने विशेष रूप से एनसीपी (एसपी) प्रमुख शरद पवार, शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे, और कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मराठा आरक्षण के लिए कार्यकर्ता मनोज जरांगे का आंदोलन शुरू होने के बावजूद, ये नेता चुप हैं।

उपाध्ये ने पोस्ट कर आरोप लगाया कि एमवीए सरकार ने जानबूझकर मराठा समुदाय की मांगों को नजरअंदाज किया।

उन्होंने दावा किया कि शरद पवार ने एक बार आरक्षण के मुद्दे को आगे न बढ़ाने की बात कही थी और अब उन्होंने भ्रामक रुख अपनाया है। उन्होंने आरोप लगाया कि शिवसेना के मुखपत्र सामना ने मराठा समुदाय के मौन मार्च को मुक्का मोर्चा कहकर उनका मज़ाक उड़ाया था। उपाध्ये ने कहा कि कांग्रेस ने दशकों तक मराठों को सिर्फ वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया।

### मनोज जरांगे का आंदोलन

मराठा आरक्षण आंदोलन के नेता मनोज जरांगे हजारों समर्थकों के साथ शुक्रवार को मुंबई के आजाद मैदान पहुंचे। उन्होंने अनशन शुरू करते हुए कहा कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं हो जातीं, वे पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की तरफसे सहयोग की कमी के कारण उन्हें मुंबई तक मार्च करना



पड़ा। जरांगे ने अपने समर्थकों से शांति बनाए रखने और पुलिस के साथ सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि कोई भी ऐसा काम नहीं करना चाहिए जिससे समुदाय की छवि खराब हो।

भाजपा ने अपना रुख स्पष्ट करते हुए कहा कि मराठों को ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) कोटा को छेड़े बिना आरक्षण मिलना चाहिए। पार्टी ने दावा किया कि इस दिशा में कानूनी तैयारियां चल रही हैं।

## सौगात : बिहार को दो और वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन जल्द मिलेंगी

मुजफ्फरपुर। बिहार की राजधानी पटना के साथ ही उत्तर बिहार के विभिन्न शहरों से श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या से आना-जाना आसान और सुगम हो जाएगा। दोनों नई प्रस्तावित वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें पटना से चलाए जाने की योजना है, जो मुजफ्फरपुर होकर संचालित होंगी। जल्द ही इनका आधिकारिक टाइम टेबल जारी किया जाएगा। मालूम हो कि, उत्तर पूर्व रेलवे पहले से गोरखपुर से एक वंदे भारत एक्सप्रेस का परिचालन कर रहा है। यह गोरखपुर से बगहा, बेतिया, बापूधाम मोतिहारी, मुजफ्फरपुर होते हुए पाटलिपुत्र के बीच चल रही है। शुरुआती दिनों में यात्रियों की कमी थी। अब यात्रियों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। जानकारी के अनुसार, पटना से अयोध्या के बीच नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन जल्द शुरू होगी। यह ट्रेन पटना से खुलने के बाद पाटलिपुत्र, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, बापूधाम मोतिहारी, सुगौली, बेतिया, नरकटियागंज, बगहा, सिसवा बाजार, गोरखपुर, बस्ती और अयोध्या धाम होते हुए अयोथ्या कैंट स्टेशन तक पहुंचेगी। कुल 565 किलोमीटर की दूरी यह ट्रेन लगभग पौने 8 घंटे में पूरी होगी। दूसरी वंदे भारत एक्सप्रेस का संचालन पूर्णिया से पटना के दानापुर के बीच होगा। यह ट्रेन पूर्णिया से खुलकर मधेपुरा, सहरसा, खगड़िया, हसनपुर रोड, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, हाजीपुर और पाटलिपुत्र होते हुए दानापुर तक पहुंचेगी। इस ट्रेन की घोषणा बीते दिनों रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दिल्ली में की थी। फिलहाल इन दोनों वंदे भारत ट्रेनों की समय सारिणी पर आधिकारिक मुहर नहीं लग सकी है। कयास लगाए जा रहे हैं कि आगामी विधानसभा चुनाव से पहले इन सेमी हाई स्पीड ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई जा सकती है।

# स्वार्थ के कारण राजनीति का गिरता स्तर अति-दुखद एवं चिंतनीय

### -मायावती ने कहा-एक-दूसरे को नीचा दिखाने के लिए देश का माहौल खराब ना करें

**लखनऊ (एजेंसी)।** बिहार के दरभंगा में कांग्रेस और राजद की वोटर अधिकार यात्रा के दौरान पीएम मोदी के खिलाफ मंच से कथित अभद्र टिप्पणी को लेकर देशभर में राजनीतिक बवाल मच गया है। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती ने भी इस प्रकरण पर नाराजगी जताई है। उन्होंने बिना नाम लिए पीएम के खिलाफ हुई अभद्र टिप्पणी की निंदा की है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मायावती ने शुक्रवार को एक्स पर लिखा- देश में खासकर राजनैतिक स्वार्थ के कारण राजनीति का गिरता स्तर अति-दुखद एवं चिंतनीय है। इस संबंध में सभी पार्टियों की राजनीति, पार्टी के संविधान के हिसाब से विचार और सिद्धान्तों के आधार पर, देश व करोड़ों गरीबों व आमजन के हित में होनी चाहिए, जो कि खासकर पिछले कुछ सालों से



सही से देखने को नहीं मिल रहा है, जबकि देश के सामने कई आन्तरिक एवं बाहरी चुनौतियां हैं।

उन्होंने कहा कि देश के उच्च सरकारी व गैर-सरकारी संस्थाओं व विशेषकर राजनीति में उच्च पदों पर बैठे लोगों के बारे में जिस प्रकार की अभद्र, अशोभनीय, अमर्यादित व असंसदीय टिप्पणी सार्वजनिक तौर पर की जा रही हैं उनकी व देश की छवि को भी धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है, वह अति-दुखद व चिंतनीय है। इसी क्रम में अभी बिहार में भी जो कुछ देखने व सुनने को मिला है, वह देश की चिन्ता को बढ़ाने वाला है।

मायावती ने कहा कि बसपा शुरू से ही सर्वजन हिताय व सर्वजन सुखाय के अम्बेडकरवादी सिद्धान्त और नीति पर आयरन दृढ़ इच्छा शक्ति के साथ पार्टी व सरकार चलाने का साहस दिखाने वाली पार्टी होने के कारण किसी भी प्रकार की दूषित राजनीति के खिलाफ है और दूसरों से भी यही उम्मीद करती है कि वे देश व आमजन के हित में घिनौनी स्वार्थ की राजनीति करने से दूर रहें और एक-दूसरे को जबरदस्ती नीचा दिखाने की सस्ती राजनीति से देश का माहौल खराब ना करें तो बेहतर है।

उन्होंने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के संविधान का उल्लेख करते हुए कहा कि आदर्श कल्याणकारी भारतीय संविधान, भारत के करोड़ों लोगों के हित, सुरक्षा व उनके आत्म-सम्मान को सर्वोपरि मानते हुए हर संवैधानिक संस्था को अपनी-अपनी तय सीमा में रहकर कार्य करने अर्थात उन सबके लिए चेक एण्ड बैलेन्स की गारण्टी तय की है, जिस पर सही से अमल करके ही हालात को बिगड़ने से बचाया जा सकता है।

## बिहार एसआईआर को लेकर स्टालिन का आरोप, ऐसी प्रक्रिया तमिलनाडु में नहीं होनी चाहिए

**चेन्नई (एजेंसी)।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का कड़ा विरोध किया है। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रक्रिया तमिलनाडु में नहीं होनी चाहिए, और लोगों को बिहार की स्थिति के बारे में जागरूक किया जाना चाहिए। सीएम स्टालिन ने इस विरोध में विपक्षी इंडिया ब्लॉक का समर्थन किया है। उनका तर्क है कि एसआईआर से समाज का एक बड़ा वर्ग मताधिकार से वंचित होगा। वह हाल ही में राहुल गांधी की वोट अधिकार यात्रा में भाग लेने के लिए बिहार गए थे, जहाँ उन्होंने तेजस्वी यादव और दीपांकर भट्टाचार्य जैसे अन्य नेताओं के साथ मंच साझा किया था।

स्टालिन ने भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) को एक कठपुतली बताया है। उन्होंने भाजपा पर चुनाव आयोग को रिमोट कंट्रोल से चलाने और बिहार के लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाने का



आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अगर चुनाव निष्पक्ष हो जाएं तब एनडीए हार जाएगा। राहुल गांधी और अन्य नेताओं ने वोट चोरी का आरोप लगाया है। राहुल गांधी ने चुनाव आयोग की मिलीभगत से भाजपा पर वोट चोरी का आरोप लगाया है। स्टालिन ने राहुल गांधी का समर्थन करते हुए कहा कि भाजपा उन पर हमला कर रही है क्योंकि उन्होंने चुनावों को मज़ाक बनाने के भाजपा के प्रयासों को उजागर कर दिया है। वोट अधिकार यात्रा जारी है। यह अभियान अब अपने अंतिम चरण में पहुँच गया है, जिसमें राहुल गांधी, तेजस्वी यादव और मुकेश सहनी जैसे नेता शुक्रवार को बेतिया में शामिल हुए।

उन्होंने आगे कहा कि कल, मैं अगले सप्ताह के लिए जर्मनी और इंग्लैंड जा रहा हूँ। तमिलनाडु ने हमारी द्रविड़ मॉडल सरकार की नीतियों के माध्यम से 10 लाख करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित किया है।

# ट्रंप टैरिफ के बीच पुतिन और जिनपिंग के साथ बैठक को तैयार पीएम मोदी...दुनिया की नजर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चीन में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने वाले हैं, जहाँ वे चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ अहम द्विपक्षीय बैठकें करने वाले है। यह यात्रा इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह भारत की विदेश नीति में एक संतुलनकारी कदम है, खासकर अमेरिका में ट्रंप प्रशासन से बढ़ते आर्थिक और कूटनीतिक तनाव के कारण ऐसी परिस्थिति बनी है। वहीं इस घटनाक्रम पर पूरी दुनिया की नजर बनी हुई है। मजेदार बात ये हैं कि भारत और चीन की इस दोस्ती से अमेरिका को चिढ़ हो रही है। इसलिए अमेरिकी प्रशासन के कई सारे अधिकार इस मुलाकात को लेकर अपना विरोध जता रहे है। अमेरिका के माथे पर चिंता की लकीरें साफ देखी जा रही है। क्योंकि ट्रंप के टैरिफ वॉर ने गलवान विवाद के बाद एक-दूसरे से दूर रहे भारत और चीन को एकसाथ ला दिया है।

दरअसल अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा



भारत के प्रमुख निर्यात उत्पादों जैसे इस्पात, कपड़ा और कृषि उत्पादों पर 50 प्रतिशत तक के भारी टैरिफ लगाने से भारत के निर्यातकों को काफी नुकसान हो रहा है। इसके अलावा, अमेरिका रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर दबाव डाल रहा है, जिसमें भारत भी शामिल है। यूक्रेन युद्ध के कारण पश्चिमी देशों ने रूस पर कई प्रतिबंध लगाए हैं, लेकिन भारत ने रूस से तेल खरीदना जारी रखा है, जिससे अमेरिका-भारत संबंधों में तनाव बढ़ा है।

वहीं जून 2020 में गलवान घाटी में हुई हिंसक झड़प के बाद भारत और चीन के बीच काफी तनाव रहा था। हालाँकि, अब दोनों देश सैन्य और कूटनीतिक बातचीत के जरिए तनाव कम करने की कोशिश कर रहे हैं। पीएम मोदी की जिनपिंग से यह मुलाकात इस बात का संकेत है कि भारत-चीन संबंधों में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है।

इतना ही नहीं रूस-यूक्रेन युद्ध और पश्चिमी प्रतिबंधों के बावजूद, भारत और रूस अपनी पारंपरिक साझेदारी को आगे बढ़ रहे हैं। पुतिन और मोदी के बीच बैठक में भारत-रूस-चीन के बीच त्रिपक्षीय बातचीत को आगे बढ़ाने पर भी चर्चा हो सकती है। रूस के लिए भारत एक महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार है, और यह बैठक दोनों देशों के बीच आर्थिक, रक्षा और कूटनीतिक सहयोग को गहरा करने के लिए महत्वपूर्ण है।

शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) एक महत्वपूर्ण मंच है, इसमें 20 से ज़्यादा देश शामिल हैं। यह क्षेत्रीय सुरक्षा, आर्थिक सहयोग और राजनीतिक संवाद को बढ़ावा देता है। चीन इस मंच का उपयोग अपनी नेतृत्व क्षमता दिखाने और रूस को कूटनीतिक समर्थन देने के लिए करता है। वहीं, भारत के लिए यह मंच अपनी बहुपक्षीय नीति को मजबूत करने और वैश्विक परिदृश्यों में खुद को एक संतुलनकारी शक्ति के रूप में स्थापित करने का अवसर है।

इन बैठकों के जरिए, भारत अपनी विदेश नीति में संतुलन बनाए रखने का प्रयास कर रहा है। अमेरिका के साथ आर्थिक तनाव के बावजूद, भारत अपनी स्वतंत्र विदेश नीति पर कायम है और चीन व रूस जैसे देशों के साथ अपने संबंधों को मजबूत कर रहा है। यह बैठकें भारत की भविष्य की विदेश नीति की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

## दो भाइयों समेत मुजफ्फरनगर के पांच लोगों की कटरा में मौत

मुजफ्फरनगर। कटड़ा में माता वैष्णो देवी यात्रा मार्ग पर हुए भूस्खलन में मुजफ्फरनगर शहर के मोहल्ला रामपुरी निवासी तीन परिवारों के कई सदस्य दब गए। इनमें दो बच्चों समेत पांच लोगों की मौत हो गई। स्थानीय पुलिस ने सूचना परिजनों को दे दी है। वे कटरा के लिए रवाना हो गए हैं। वहीं जिले में शोक की लहर है। शहर के मोहल्ला उत्तरी रामपुरी निवासी अलग-अलग परिवारों के करीब 22 सदस्य 25 अगस्त को जम्मू तवी एक्सप्रेस ट्रेन से माता वैष्णो देवी दर्शन के लिए रवाना हुए थे। उत्तरी रामपुरी निवासी रूपेश ने बताया कि बुधवार शाम जानकारी मिली कि कटरा में हुए हादसे के दौरान उत्तरी रामपुरी निवासी ममतेश (42) पत्नी रविंदर की मौत हो गई। वहीं रामवीरी (45) पत्नी इंद्रपाल और उनकी पुत्री अंजलि (20) की भी हादसे में मौत हो गई। रूपेश ने बताया कि दर्शन के लिए उत्तरी रामपुरी दो टंकी वाली सड़क निवासी अजय कुमार का परिवार भी गया हुआ था। अजय के दो बेटे अनंत (10) और दीपेश (8) की भी मौत हो गई। अजय को घायल बताया जा रहा है। जम्मू से जानकारी मिलने पर अन्य परिजन कटरा के लिए रवाना हो गए हैं। पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. संजीव बालियान ने उत्तरी रामपुरी पहुंचकर मृतकों के परिजनों को सांत्वना दी।

# पूजा पंडाल के पास युवक की चाकू घोंपकर हत्या

**कौमी पत्रिका**

दिल्ली। पूर्वी दिल्ली के मंडावली इलाके में बुधवार रात एक पार्क में लगे गणेश पंडाल के पास एक युवक की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस को लहूलुहान हालात में 25 से 30 साल के युवक का शव मिला, जिसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है। जिले के एएटीएस और स्पेशल स्टाफ की टीम को जांच के लिए मौके पर बुला लिया गया। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से हत्यारों को तलाशने का प्रयास कर रही है। पुलिस के मुताबिक ईस्ट विनोद नगर के डॉ. राजेंद्र प्रसाद पार्क में बुधवार को गणेश चतुर्थी पर गणेश महोत्सव की शुरुआत हुई है। भजन-कीर्तन के बीच में रात में जब लोग पंडाल से लौटने लगे तो कुछ लोगों ने एक युवक का खून से लथपथ शव देखा। पुलिस उपायुक्त अभिषेक धानिया ने बताया कि पंडाल के आयोजकों से भी बातचीत की जा रही है। एरिया में दहशत का माहौल है। पुलिस ने तमाम औपचारिकताएं पूरी करने के बाद युवक का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एलबीएस अस्पताल की मोर्चरी रखवा दिया है। मंडावली थाना पुलिस हत्या का मामला दर्ज कर छानबीन कर रही है। द्वारका जिला के बाबा हरिदास नगर थाना इलाके में उधार दिए गए रुपये वापस मांगने के दौरान हुई कहासुनी में थप्पड़ मारने से जमीन पर गिरे युवक गंगा राय की मौत हो गई। पुलिस ने शुरुआती जांच के बाद पुलिस ने गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर दोनों आरोपी भाइयों रंजीत यादव और रामू यादव को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक सोमवार देर शाम झगड़े के दौरान एक युवक की मौत की सूचना पर टीम जब मौके पर पहुंची तो आरोपी भाग गए थे। टीम ने कुछ ही घंटे बाद दोनों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि गंगा राय ने उनसे 40 हजार रुपये उधार लिए हुए थे। दो साल से वह पैसे नहीं दे रहा था। सोमवार रात वह रुपये लेने गए। इस बीच पैसों को लेकर दोनों की गंगा राय से बहस होने लगी। तभी गुस्से में एक आरोपी ने उसे थप्पड़ मार दिया, जिससे वह सिर के बल जमीन



पर गिर गया और उसकी मौत हो गई। दिल्ली के कनॉट प्लेस स्थित एक बार के बाउंसर और कर्मचारियों ने तीन दोस्तों से बहस के बाद उन पर हमला कर दिया। पुलिस ने बुधवार को बताया कि शिकायतकर्ताओं में से दो व्यक्ति पेशे से वकील हैं। कनॉट प्लेस थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। आरोपियों की पहचान के लिए बार और उसके आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। नई दिल्ली जिला पुलिस अधिकारियों के अनुसार घटना शनिवार देर रात करीब एक बजकर 15 मिनट पर एन. ब्लॉक स्थित एक बार के बाहर हुई। धर्मेंद्र कुमार (36), नवीन कुमार (31) और नवीन शौकीन (28) ने बताया कि रात करीब एक बजे ऑनलाइन बिल का भुगतान करने के बाद वह धूम्रपान करने के लिए बाहर निकले। बार के बाहर एक व्यक्ति को ढोल बजाते हुए सुनने लगे तभी बार के एक बाउंसर ने ढोल बजाने वाले को गाली दी और उसे भगाने लगे। तीनों ने इसका विरोध किया तो बाउंसर ने बार से आठ से 10 अन्य बाउंसर और कर्मचारियों को बुला लिया। बाउंसर और कर्मचारियों के समूह ने तीनों व्यक्तियों को पीटा। आरोप है कि तीनों को धमकी दी गई कि अगर वह यहां से नहीं गए तो उन्हें गोली मार दी जाएगी। उन्होंने बताया कि हाथापाई के दौरान धर्मेंद्र की सोने की चेन कथित तौर पर गायब हो गई। पुलिस तीनों को लेडी हार्डिंग अस्पताल ले गई। उधार दिए रुपये मांगने पर सोमवार सुबह बदमाशों ने ईस्ट विनोद नगर निवासी कारोबारी संजय चावला पर गोली चला दी। उन्होंने किसी तरह झुककर जान बचाई। इसके बाद पुलिस ने कल्याणपुरी थाना पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर मुख्य आरोपी तोशिन मलिक उर्फ अज्जू (27), प्रशांत (19) व उस्मान (21) को गिरफ्तार कर लिया जबकि 15 साल के नाबालिग को भी दबोच लिया। तोशिन के खिलाफ 50 आपराधिक मामले दर्ज हैं। आरोपी गाजीपुर थाने का घोषित बदमाश है। आरोपियों के पास से वारदात में इस्तेमाल स्कूटी और बाइक बरामद की गई है। पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त अभिषेक धानिया ने बताया कि संजय ने जानलेवा हमला करने की शिकायत दी थी। उसने बताया था कि बेटे ने तोशिन को डेढ़ लाख रुपये दिए हुए थे। रुपये वापस मांगने पर आरोपी पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहा था। सुबह जैसे ही संजय घर से निकले तो आरोपी ने तीन साथियों के साथ मिलकर उस पर गोली चला दी। उन्होंने किसी तरह झुककर जान बचाई। मामला दर्ज कर स्पेशल स्टाफ, एएटीएस, एंटी नारकोटिक्स स्क्वायड और कल्याणपुरी थाना ने पुलिस ने प्रशांत और उस्मान को पकड़ लिया। इनके पास से बाइक बरामद हुई। इसके बाद मंगलवार को स्पेशल स्टाफ के इंस्पेक्टर जितेंद्र मलिक ने तोशिन व नाबालिग को भी दबोच लिया। कल्याणपुरी में गिरी जेवर महल के मालिक से लॉरेंस बिश्नोई के नाम पर 25 लाख रुपये की रंगदारी मांगने के मामले में स्पेशल स्टाफ ने पंजाब से तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने बहरीन में रह रहे बिश्नोई के करीबी शेरू के इशारे पर ज्वेलर को धमकाकर रुपये मांगे थे। आरोपियों की पहचान पंजाब के तरन-तारन निवासी रोहित भुल्लर (23) व अर्शदीप सिंह (21) और गुरदासपुर निवासी गुरजिंदर सिंह (21) के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के पास से वारदात में इस्तेमाल मोबाइल बरामद कर लिया है। व्हाट्सएप कॉल कर ज्वेलर को धमकाया गया था। पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त अभिषेक धानिया ने बताया कि 12 अगस्त को रंगदारी मांगी गई थी। पुलिस को दीशिकायत में पीड़ति ने बताया था कि लारेंस बिश्नोई गिरोह के बदमाशों ने व्हाट्सएप कॉल रकम मांगी है। रुपये न देने पर जान से मारने की धमकी गई है। कल्याणपुरी थाना पुलिस के अलावा स्पेशल स्टाफ के इंस्पेक्टर जितेंद्र मलिक की टीम ने जांच शुरू की तो पंजाब से रंगदारी मांगने की जानकारी मिली। टेक्निकल सर्विलांस की मदद से पुलिस ने पहले रोहित और अर्शदीप को गिरफ्तार किया। इसके बाद गुरजिंदर को भी दबोच लिया। आरोपियों ने खुलासा किया कि गुरदासपुर निवासी गैंगस्टर शेरू बहरीन में रह रहा है। उसने गगन से संपर्क कर रंगदारी मांगने के लिए कहा था। अप्रैल 2025 में गगन इंस्टाग्राम के जरिये अर्शदीप से मिला था। गगन ने अर्शदीप को ज्वेलर की रेकी करने के लिए कहा था। उसे एक बाइक भी दी गई थी। शेरू ने ज्वेलर का नंबर इंस्टाग्राम से लिया था।

# मदरसे में करने वाले थे शिक्षक का खतना, मौलाना समेत चार गिरफ्तार; बरेली में छांगुर जैसे गैंग का पर्दाफाश

बरेली। बरेली में जमालुद्दीन उर्फ छांगुर की तरह धर्मांतरण कराने वाले बड़े गिरोह का पर्दाफाश हुआ है। पुलिस ने मदरसा संचालक समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरोह का सरगना अब्दुल मजीद नाम का शख्स बताया गया है। यह गिरोह लोगों को लालच देकर उनका धर्मांतरण करता था। आरोपियों से धार्मिक पुस्तकें, सीडी, शैक्षिक दस्तावेज, पासपोर्ट, बैंक पासबुक, आधारकार्ड आदि बरामद हुआ है। एसपी दक्षिणी अंशिका वर्मा ने मंगलवार को प्रेसवार्ता कर इस गिरोह का खुलासा किया। अलीगढ़ के थाना क्वार्सी क्षेत्र की निवासी अखिलेश कुमारी ने भुता थाने में गांव फैजनगर निवासी अब्दुल मजीद, महमूद बेग, सलमान और आरिफ व एक अन्य के खिलाफ तहरीर दी। आरोप लगाया कि इन लोगों ने उनके दृष्टिबाधित पुत्र प्रभात उपाध्याय को शादी का प्रलोभन दिया। उसे जबरन फैजनगर स्थित मदरसे में रोक रखा है। उसका धर्मांतरण करना चाहते हैं। तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। जांच में भोजीपुरा के सैदपुर चुन्नीलाल निवासी मोहम्मद फईम का नाम सामने आया। एसपी दक्षिणी अंशिका वर्मा ने बताया कि 25 अगस्त को भुता थाने की पुलिस टीम फैजनगर स्थित मदरसा में पहुंची। वहां चार-पांच लोग एक प्रभात को घेरे बैठे थे। प्रभात के खतना की तैयारी चल रही थी। उसे हामिद बनाया जाना था। पुलिस ने आरोपियों को पकड़कर धर्मांतरण करने से रोका। तलाशी के दौरान प्रभात के पास 10 पुस्तकें बरामद हुईं। 12 सीडी जिनमें धार्मिक व जाकिर नाइक के वीडियो हैं। पुलिस ने आरोपियों से धर्मांतरण के तीन प्रमाणपत्र, पासपोर्ट, आधार कार्ड आदि दस्तावेज बरामद किए हैं। एसपी दक्षिणी के मुताबिक जांच में पता लगा है कि इस गिरोह ने बरेली के सुभाषनगर क्षेत्र निवासी ब्रजपाल साहू को अब्दुल्ला बनाया था। उसकी बहन राजकुमारी का धर्मांतरण कर आयशा और मां ऊषा कुमारी को अमीना बनाया है। आरोपियों ने एक नाबालिग लड़के को भी प्रभावित किया है। उसे ड्रग्स का आदी बना दिया, जिससे उसके तौर तरीके बदल गए हैं। अब तक की जांच में सामने आया है कि ये आरोपी कई राज्यों में घूमकर चंदा जुटाकर मदरसे को चलाते थे। सलमान और उसकी बीवी के 12 बैंक खाते हैं। अब्दुल मजीद के पांच खाते हैं। दो हजार से ज्यादा ट्रांसक्जेशन मिले हैं। विदेशी फंडिंग के एंगल पर भी पुलिस जांच कर रही है। इन लोगों का छांगुर गैंग से कोई कनेक्शन तो नहीं है, इसका भी पुलिस पता लगाने में जुटी है। खुलासे के बाद चारों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

## आवारा कुत्तों के झुंड का बच्ची पर हमला...मासूम को किया लहूलुहान

मथुरा। मथुरा के चौमुहां में आवारा कुत्तों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। थाना जैंत के तेहरा गांव में कुत्तों के झुंड ने एक बच्ची पर हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। थाना जैंत क्षेत्र के गांव तेहरा निवासी सृष्टि (8) पुत्री उमेश अपने घर की ओर जा रही थी। अचानक पीछे से आए आवारा कुत्तों के एक झुंड ने उस पर हमला बोल दिया। कुत्तों के काटने से बच्ची बुरी तरह घायल हो गई। राहगीरों ने बच्ची को कुत्तों से बचाया। परिजनों ने तुरंत बच्ची को चिकित्सक के पास इलाज के लिए पहुंचाया। घटना की सूचना मिलने पर जैंत पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और मामले की जानकारी ली। गांव में आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या और उनके हमलों से ग्रामीण विशेषकर बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं।

# शिक्षकों को मिलेगा प्रशिक्षण, बच्चों को देंगे समग्र और तकनीक-संचालित शिक्षा

नई दिल्ली। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक और दूरगामी पहल की है। राजधानी के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण और भविष्य के लिए तैयार शिक्षा देने के उद्देश्य से एनडीएमसी ने आईआईटी बॉम्बे के शैलेश जे मेहता स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के साथ मिलकर शिक्षक क्षमता निर्माण कार्यक्रम शुरू किया है। यह साझेदारी एनडीएमसी और किसी राष्ट्रीय महत्व के संस्थान के बीच पहला संरचित प्रशिक्षण सहयोग है। एनडीएमसी अध्यक्ष केशव चंद्रा ने कहा, यह कार्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 की भावना के अनुरूप है। शिक्षकों को नई पीढ़ी का मार्गदर्शक बनने में सक्षम बनाएगा। शिक्षक केवल पढ़ाने वाले नहीं रहेंगे, बल्कि वे बच्चों को मूल्य-आधारित, समग्र और तकनीक-संचालित शिक्षा देंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में उभरती शिक्षण पद्धतियां, भारतीय ज्ञान प्रणालियां, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और आभासी वास्तविकता जैसे अत्याधुनिक विषयों को शामिल किया गया है। इसके अलावा मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण पर भी विशेष फोकस होगा। इस तरह एनडीएमसी ने छात्रों और शिक्षकों के लिए भविष्य का पारिस्थितिकी तंत्र तैयार करने की पहल की है। एनडीएमसी की ओएसडी (शिक्षा) रंजना देशवाल ने बताया, इस चरण में 240 शिक्षक इस प्रशिक्षण से गुजरेंगे। उन्होंने कहा, ये शिक्षक नई रणनीतियां, तकनीकी समावेशन और सांस्कृतिक मूल्यों से लैस होकर कक्षा को अधिक प्रभावी और प्रेरक बनाएंगे। शिक्षा निदेशक कृतिका चौधरी ने कहा, यह साझेदारी विकसित भारत की दिशा में परिवर्तनकारी कदम है। उनके अनुसार, सशक्त शिक्षक ही शैक्षिक सुधार के असली उत्प्रेरक बनेंगे और छात्रों को समग्र विकास का अनुभव मिलेगा। आईआईटी बॉम्बे के साथ यह समझौता राजधानी के शिक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर माना जा रहा है। इससे न केवल शिक्षकों की भूमिका बदलेगी, बल्कि छात्रों को भी कक्षा में वैश्विक स्तर की तकनीक, भारतीय ज्ञान परंपरा और जीवन मूल्यों का अद्वितीय मिश्रण मिलेगा। वहीं, शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि यह समग्र व्यक्तित्व निर्माण और भविष्य निर्माण की प्रक्रिया है। राजधानी के 240 शिक्षक जब इस प्रशिक्षण से निकलकर अपनी कक्षाओं में लौटेंगे, तो वह नई दिल्ली के हजारों छात्रों के जीवन को नई दिशा देंगे।

## मणिपुर से लाकर हरियाणा, एनसीआर व यूपी में करते थे सप्लाई

नई दिल्ली। सेना में तैनात दो लोग पार्टी ड्रग्स मिथाइलीनडाई ऑक्सीमेथाफेटामाइन (एमडीएमए) की तस्करी कर रहे थे। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने दोनों व्यक्तियों जिला जालौर, राजस्थान निवासी जसराज (29) और जिला बाडमेर, राजस्थान निवासी थाना राम (29) को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 3.080 किलोग्राम एमडीएमए बरामद की गई है। अतंरराष्ट्रीय बाजार में बरामद ड्रग्स की कीमत 15 करोड़ रुपये से अधिक बताई जा रही है। आरोपी जिस कार का मादक पदार्थों की तस्करी के लिए इस्तेमाल करते थे उसका रजिस्ट्रेशन नंबर सेना का लिखते थे। दोनों ने बड़े पैमाने पर अपना नेटवर्क खड़ा कर लिया था। स्पेशल सेल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आरोपी मणिपुर से कार से ड्रग्स लेकर आते थे। ये लोग तस्करी के लिए अपने सेना के परिचय पत्र व वर्दी का इस्तेमाल करते थे। एसीपी नीरज कुमार ने टीम के साथ 24 अगस्त को धौला कुआं रिज क्षेत्र में घेराबंदी की और यहां सेना रजिस्ट्रेन नंबर की कार में इंतजार कर रहे दोनों लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। तलाशी लेने पर कार में छिपाकर रखे गए 6 पैकेटों में पैक किए गए 3.080 किलोग्राम एमडीएमए बरामद किया गया। ये कार प्रभु राम के नाम पर पंजीकृत है। इस संबंध में स्पेशल सेल के थाने में मामला दर्ज किया गया है। स्पेशल सेल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि थानाराम राजपूताना राइफल में तैनात है। वह वर्ष 2024 के मध्य से सेना से फरार था। ये एक वर्ष से पार्टी ड्रग्स की तस्करी में लगा हुआ है। जसराज 15वीं ग्रेनेडियर में तैनात है। वह एक महीने की छुट्टी लेकर पार्टी ड्रग्स की सप्लाई करने में लगा हुआ था। वह पहले भी दो से तीन बार मादक पदार्थों की तस्करी कर चुका है। दोनों आरोपी पार्टी ड्रग्स लेने मणिपुर खुद जाते थे।

## राजधानी में वकीलों के न्यायिक बहिष्कार

नई दिल्ली। राउज एवेन्यू कोर्ट में वकीलों ने एलजी का पुतला फूंका और नारे लगाए। निचली अदालतों के वकीलों के पक्ष में दिल्ली हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने भी अपना समर्थन जताते हुए बुधवार को काम के दौरान वकीलों को काली पट्टी पहनने का आह्वान किया। वहीं, बुधवार को हुई कोऑर्डिनेशन कमिटी की बैठक में हड़ताल को बृहस्पतिवार और शुक्रवार को भी जारी रखने का निर्णय लिया गया। नई दिल्ली बार एसोसिएशन के सचिव तरुण राणा ने कहा कि शुक्रवार दोपहर 12 बजे उपराज्यपाल भवन के बाहर सभी बार एसोसिएशनों के वकील प्रदर्शन करेंगे। बुधवार को तीस हजारी, रोहिणी, कड़कड़डूमा, द्वारका, साकेत, राउज एवेन्यू और पटियाला हाउस जिला अदालतों में कोई सुनवाई नहीं हुई। जमानत याचिकाएं, गवाही और क्रॉस-एग्जामिनेशन (जिरह) समेत कई महत्वपूर्ण मामले स्थगित कर दिए गए। फरियादी और उनके परिवार वाले अदालत परिसरों के बाहर भटकते नजर आए। वकीलों की अनुपस्थिति के चलते उन्हें कोई राहत नहीं मिल सकी। अदालत परिसरों के बाहर वकीलों ने विरोध प्रदर्शन किए। वकीलों ने बुधवार को पटियाला हाउस कोर्ट के बाहर सड़कों पर प्रदर्शन किया। कड़कड़डूमा कोर्ट के वकीलों ने कृष्णा नगर रेड लाइट पर जाम लगा दिया था। लगभग दिल्ली की सभी निचली अदालतों में वकीलों ने न्यायिक बहिष्कार के तहत अलग-अलग तरीके से विरोध प्रदर्शन किया। वकीलों ने कोर्ट परिसर में पुलिस और सरकारी वकीलों समेत ईडी, सीबीआई और नायब कोर्ट को प्रवेश नहीं करने दिया। कड़कड़डूमा कोर्ट के वकील प्रदीप चौहान ने बताया कि यह नोटिफिकेशन जनता के खिलाफ है। हड़ताल के चलते पब्लिक प्रॉसिक्यूटर्स, ईडी और सीबीआई के अधिकारी भी कोर्ट में नहीं पहुंचे। कई हिरासत संबंधी जरूरी मामले ही सुने गए, लेकिन अधिकांश ट्रायल स्थगित हो गए हैं।

## दिल्ली सचिवालय से 'स्वस्थ दिल्ली, सशक्त दिल्ली' की दौड़ का आगाज

प्रथम पृष्ठ का शेष

उन्होंने उत्साहपूर्वक कहा कि इस वर्ष दिल्ली एकजुट होकर दौड़ेगी मुख्यमंत्री श्रीमती गुप्ता ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री जी द्वारा 2019 में शुरू किए गए फिट इंडिया मूवमेंट को हमें और आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि हर नागरिक को अपने स्वास्थ्य और देश की समृद्धि दोनों का ध्यान रखना चाहिए। अंत में मुख्यमंत्री ने वेदांता समूह को इस आयोजन के लिए बधाई दी और विश्वास व्यक्त किया कि यह पहल दिल्ली को स्वस्थ और जागरूक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। कार्यक्रम में वेदांता की अनिल अग्रवाल फाउंडेशन एंड बिज़नेस स्ट्रैटेजी की अध्यक्ष श्रीमती रितु झिंगोन, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के वरिष्ठ अधिकारी तथा प्रोकैम इंटरनेशनल के प्रतिनिधि मौजूद थे।

# दिल्ली में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन गंभीर चुनौती, अब एमसीडी की ये है प्लानिंग

नई दिल्ली। राजधानी में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन (एसडब्ल्यूएम) एक गंभीर और चुनौतीपूर्ण विषय बना हुआ है। प्रतिदिन 11,500 मीट्रिक टन कचरा उत्पन्न करने वाली राजधानी के लिए यह समस्या केवल पर्यावरणीय ही नहीं, बल्कि जनस्वास्थ्य और शहरी विकास से भी जुड़ी है। एमसीडी ने मौजूदा स्थिति, चुनौतियों और भावी योजनाओं का खाका तैयार किया है, लेकिन इसके तहत राहत आने वाले वर्षों में मिलने की संभावना है। एमसीडी की एक रिपोर्ट के अनुसार, राजधानी में प्रतिदिन उत्पन्न होने वाले 11,500 मीट्रिक टन कचरे में 40 प्रतिशत बायोडिग्रेडेबल और 60 प्रतिशत गैर-बायोडिग्रेडेबल है। मौजूदा अपशिष्ट प्रसंस्करण क्षमता 8,065 मीट्रिक टन प्रतिदिन है, लेकिन वास्तविक प्रसंस्करण केवल 7,259 मीट्रिक टन प्रतिदिन तक सीमित है। इस तरह लगभग 4,242 मीट्रिक कचरा प्रतिदिन बिना संसाधित हुए लैंडफिल साइटों पर दबाव बढ़ा रहा है। रिपोर्ट में यह स्वीकार किया गया है कि कई परियोजनाए समय से पीछे चल रही हैं। तेहखंड ऊर्जा संयंत्र के विस्तार के लिए पर्यावरण मंत्रालय से नियम व शर्तों को मंजूरी का मामला लंबित है। वहीं निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन भी बड़ी चुनौती है। दिल्ली रोजाना 5,500 से 6,000 मीटक टन सीएंडडी अपशिष्ट उत्पन्न करती है। एसडब्ल्यूएम का असली चेहरा आने वाले वर्षों में बदलेगा =?एमसीडी के अनुसार, दिल्ली के एसडब्ल्यूएम का असली चेहरा आने वाले वर्षों में बदलने वाला है। इसके केंद्र में अपशिष्ट से ऊर्जा परियोजनाए और नई अपशिष्ट प्रबंधन तकनीकें होंगी। नरेला-बवाना ऊर्जा संयंत्र में 3,000 टन प्रतिदिन क्षमता वाले इस संयंत्र का काम शुरू हो चुका है। उम्मीद है कि यह दिसंबर 2027 तक चालू हो जाएगा। इसके शुरू होने से प्रतिदिन हजारों टन कचरे का निपटान वैज्ञानिक ढंग से संभव होगा। एमसीडी ने बताया कि बीते महीनों में सबसे बड़ी सफलता बायोमाइनिंग की गति बढ़ाने के रूप में सामने आई है। जनवरी 2025 में जहां 3,787 टन प्रतिदिन बायोमाइनिंग हो रही थी, वहीं जून 2025 तक यह बढ़कर 23,657 टन प्रतिदिन हो गई। इससे आने वाले महीनों में लैंडफिल साइटों का बोझ घटने की उम्मीद है। बायोमाइनिंग के बाद खाली हुई भूमि का उपयोग आधुनिक अपशिष्ट प्रसंस्करण संयंत्र कम्पोस्ट प्लांट और बायो-सीएनजी इकाइयों के लिए किया जाएगा।


**RAMGARHIA CO-OPERATIVE BANK LTD., HEAD OFFICE PAHARGANJ, NEW DELHI - 110 055.**

**NOTICE**

Annual General Meeting of the Ramgarhia Co-operative Bank Ltd., Paharganj, New Delhi will be held at 11 : 30 A. M. on 7th September, 2025 at Head Office of the Bank, i.e. ¼, Desh Bandhu Gupta Road, Paharganj, New Delhi - 110 055.

**AGENDA**

1. Welcome address by the Chairperson
2. To condole the death of Members who passed away since last General Meeting.
3. Confirmation of minutes of Last AGM.
4. To approve & adopt the Audited Accounts for the year 31st March, 2025.
5. To approve agenda for amendment in Bye-Laws for specifying the authorized share capital of the Bank.
6. To transact any other business with the approval of the Chair.

**By order of Board of Directors**
**Daljit Singh**
**Place : New Delhi Chief Executive Officer**

**NAME CHANGE**
I,SHEHELA H/O ANZAR HASAN KHAN R/O H.No D-43/2 ,2nd Floor Johari farm street no 6, Noor Nagar Extn Jamia Nagar Okhla delhi 110025 I have changed my name to Shahala Firoz

**NAME CHANGE**
I, Zorawar Singh S/O Aaditya Singh Jaswal R/O 252 Yamuna Enclave, Near Bhramputra Market, Sector-28 Noida Gautam Budha Nagar Uttar Pradesh 201301 have changed my name to Zorawar Singh Jaswal for all future purposes.

**NAME CHANGE**
I, MOHD UMAR s/o Faiyazuddin R/o 5833, 4th Floor, Basti Harphool Singh, Sadar Bazar, Delhi-110006 have changed my name to MOHMMAD UMAR permanently

**NAME CHANGE**
It is for general information that I, JAVED SAIFI S/o MOHD YAMEEN, R/o J-50, RAMESH PARK, STREET NO-12, LAXMI NAGAR, DELHI-110092, declare that name of mine has been wrongly written as JAVED in my minor daughter namely AAFIYA SAIFI, aged 15 years in her School record. The actual name of mine is JAVED SAIFI, which may be amended accordingly. It is certified that I have complied with other legal requirements in the connection

**NAME CHANGE**
I Raj Devi W/o Kadam Singh R/o Bhainswal Kalan, Bhainswal Kalan Mithan (68), Sonipat, Haryana 131409 have changed my name to Rajo Devi for all future purposes.

**PUBLIC NOTICE**
NOTICE is hereby given to public at large that my client **Kanchan Singh** is the purchasing the Flat bearing No. FF-1, First Floor (without roof rights), admeasuring 44.13 Sq. Mtrs. ("Herein referred as said Flat"), built on Plot No. 11/13, Situated in DLF Ankur Vihar, Village Sadullabad, Pargana & Tehsil Loni, Distt. Ghaziabad, U.P. from Smt. Nanda Aggarwal who is the owner of the abovementioned property vide Gift Deed dated 08.05.2025 which are registered Doc. No. 8748, Book No.1, Volume No. 3406, On Pages 87-106, Dated 08.05.2025, SRO-Loni-II, Ghaziabad and Intend to mortgage the said property with **GRIHUM HOUSING FINANCE LIMITED.** That the **Original Sale Deed dated** 01.04.2024 executed by (1) Sh. Nitin Parashar S/o Sh. Bhoole Ram Sharma, (2) Sh. Rajeev Arora S/o Sh. Ram Krishan Arora and (3) Sh. Prateek Kumar S/o Sh. Rajesh Kumar in favour of Sh. Rohit Aggarwal S/o Sh. Ramu which is registered as Doc No. 5741, Book No.1, Volume No. 5619, On Pages 185-206, Dated 01.04.2024, SRO-Loni-is lost/misplaced. Public is being warned not to deal with the said document. Any person dealing with the said document would do so at their own risk & responsibility. Owner shall not be liable in any manner whatsoever for any loss incurred by such person. If anybody found these document or notice any misuse of the above mentioned document, Concern person is required to communicate in writing to the undersigned at below address.
**Max Law Firm**
A-199, LG-07,
Sector-63, Noida-201301
Ph. No: 0120-4159113

**NAME CHANGE**
I, MEENA KUMARI W/o Pardeep Kumar R/o B-09, Tower-03, Type-2, NBCC, East Kidwai Nagar,Sarojini Nagar, Delhi-110023, have changed my name to MEENA DEVI permanently

**NAME CHANGE**
I, VISHALKUMAR SURESH SHAHI S/o SHAHI SURESH RAMKOMAL R/o B2-402, CITY HOMES, VATIKA INDIA NEXT, SECTOR-83, GURGAON, HARYANA-122004, HAVE CHANGED MY NAME TO VISHAL SHAHI FOR ALL FUTURE PURPOSE.

**PUBLIC NOTICE**
Information is given to general public at large that our client Mr. Anshul Gupta S/o Mr. Vipin Gupta is the owner of Freehold Residential Entire Built-up Property No. C-4/75A, (Block-C-4) Plot No. 75-A area measuring 225 sq. mtrs. Situated in the layout Plan of "Yamuna Vihar" Delhi-110053. by virtue of Sale Deed dated 31.07.2025 which is duly regd. as Doc no. 2025/12/I/2819, Vol no. 6393, Page no. 21-40 SR-Nort East Seelampur IV., in the chain document below mentioned document i.e. (1) SMC of Late Mrs. Santi Devi, (2) Surviving Member Certificate of Late Mr. Kishan Lal Khandelwal & (3) Surviving Member Certificate of Late Mr. Shyam Sunder now our client is declaring that that any other Person does not have any right over the said property, and same property sold too be Mr. Nadeem Farooq and same has been finance by Piramal Capital & Housing Finance Ltd. Branch: Narela Delhi. If any person(s) have any objection(s) or claim(s) with respect to the` right, title or interest in the Said Property then contact us within 07 days from the date of Publication of this notice and or the same to the undersigned if found by anyone. Thereafter no claim shall be entertained
**[NAVEEN KUMAR VERMA]**
Advocate
F-211,sector-3 Vaishali Ghaziabad
Uttar Pradesh-201010, Contact at 09958871432

**PUBLIC NOTICE**
I, Deepak Kumar Verma S/O Braham Singh R/O Near Shiv Mandir, Gijhore, Sector-53 Noida, Gautam Buddha Nagar, Up-201301, declare that name of mine and my wife has been wrongly written as Deepak Kumar and Ritu in my minor son Chitransh Kumar, aged 14 years in his School Record. The actual name of mine and my wife are Deepak Kumar Verma and Ritu Rani, which may be amended accordingly.

**NAME CHANGE**
I, GIRIBAR NATH SINGH father of No-15700408X Rank-HAV Name-PRAVIN KUMAR residing at VILL-NARAYANPUR, PO&TEHSIL-SULTANGANJ, DIST-BHAGALPUR, BIHAR-813213, have changed my name from GIRIBAR NATH SINGH to GIRIVAR NATH SINGH for all future purposes vide Affidavit dated 29/08/2025 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**
I, No-2711193K Rank-NK Name-AKIB KHAN residing at VILL/PO- BARAU, TEH- KHETRI, DISTRICT- JHUNJHUNU, RAJASTHAN-333026, have changed my father's name from AZAD NABI to AAZAD NABI for all future purposes vide Affidavit dated 29/08/2025 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**
I, No-2711193K Rank-NK Name-AKIB KHAN residing at VILL/PO-BARAU, TEH- KHETRI, DISTRICT-JHUNJHUNU, RAJASTHAN-333026, have changed my mother's name from SAMINA BANO to SHAMINA BANO for all future purposes and in my service records my mother's date of birth wrongly mentioned as 15/07/1975 instead of her correct date of birth as 20/02/1970 vide Affidavit dated 29/08/2025 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**
I, NO-4578256W, Rank-HAV, Name- DHARMENDRA SINGH residing at VPO- BALODA, TEH-SURAJGARH, DIST- JHUNJHUNU, RAJASTHAN-333033, have changed my mother's name from SAKUNTALA to SHAKUNTLA for all future purposes and in my service records my mother's date of birth wrongly mentioned as 10/05/1954 instead of her correct date of birth as 01/01/1959 vide Affidavit dated 29/08/2025 before Notary Public, Delhi.

**PUBLIC NOTICE**
NOTICE is hereby given to public at large on behalf of my client **Mrs. Kamlesh Gulati** in respect to Ground Floor without roof rights, area measuring 40 sq. yards i.e. 33.33 sq . meters, Built up on Property Bearing No.S-4/112-B (Old No.WZ-143-E/2), Plot No.68, Carved out of Khasra No.64, Situated at Village-Nangli Jalib, Colony Known as Old Mahavir Nagar, New Delhi-110018 stating that Mrs. Kamlesh Gulati has undisputed ownership in property .Now my client intends to sell the property in which **SMFG India Home Finance Company Limited** will provide the financial assistance. If any person(s) has/have any objection(s) or claim(s) with respect to the right, title or interest in the said property may please contact us within Seven days from the date of this notice on the number & address mentioned herein below, failing which my client(s) shall not be held responsible in any manner whatsoever.
**Khaitan and Khaitan**
A-38 Kailash Colony,
New Delhi-110048,
Phone No: 011-49774545

**PUBLIC NOTICE**
Be it known to all that my client Mukesh Kumar Gupta S/o Late Sh. Ram Avtar Gupta R/o B-38, 2nd Floor, Friends Colony West, New Delhi-110065, have severed all his relations with his son Harshit Gupta and his wife Tanya Gupta have disowned/debarred him (Harshit Gupta) and his wife (Tanya Gupta) from his all movable and immovable property & assets forever. Henceforth my client shall not be responsible for any of their acts, deeds and deals. In case anybody deals with them in any matter shall do so at their own risks and responsibility
**SANDEEP SHARMA Advocate**
Chamber No.505, Patiala House Court, New Delhi-110002

**NAME CHANGE**
I, SONTOSH DEVI mother of NO-13700651H, Rank-DFR, Name-SONU KUMAR residing at AMBOLI (193), SAHLAWAS, JHAJJAR, HARYANA-124146, have changed my name from SONTOSH DEVI to SANTOSH for all future purposes, in my son's service record my date of birth wrongly mentioned as 15/06/1959 instead of my correct date of birth as 01/01/1958 Vide Affidavit dated 29/08/2025 before Notary Public Delhi.

**NAME CHANGE**
I, hitherto known as ANIL KUMAR MISHRA S/O ROHINI MISHRA R/O H NO-172, GALI NO-4, JWALA NAGAR, SHAHDARA, DELHI-110032 have changed my name and shall hereafter be known as ANIL MISHRA. It is certified that I have complied with other legal requirements in the connection

**NAME CHANGE**
I, NO-15422568Y, Rank-HAV, Name-ASHOK KUMAR PAL residing at VILL-PETARIYAPUR, BELHA, PO-KHAJURI, TEHSIL-LALGANJ, DIST-PRATAPGARH, UTTAR PRADESH-230132, have changed my mother's name from RAJ KUMARI PAL to RAJKUMARI for all future purposes vide affidavit dated 29/08/2025 before Notary Public Delhi.

**NAME CHANGE**
I, hitherto known as MANJEET SINGH S/O ONKAR SINGH R/O H NO-25, MOHAMMADPUR, URF BHOGPUR, KHURJA, BULANDSHAHR, UTTAR PRADESH-203131 have changed my name and shall hereafter be known as MANJEET SINGH RAWAT.It is certified that I have complied with other legal requirements in the connection



**कौमी पत्रिका**
**संपादक-गुरचरन सिंह बब्बर**
स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक, गुरचरन सिंह बब्बर ने कौमी पत्रिका प्रिंटिंग प्रेस, सेक्टर ए-4/ए-144 इंडस्ट्रीयल एरिया ट्रोनिका सिटी लोनी (गाजियाबाद), उत्तर प्रदेश से छापकर प्रकाशित किया।

**Corporate Office:**
5, Bahadurshah Zafar Marg
ITO, New Delhi-110002
फोन : 011-41509689, 23315814
मोबाइल नंबर : 9312262300

**E - mail address :**
qpatrika@gmail.com
**Website:** www.qaumipatrika.in

**R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472**

**Legal Advisors:**
Advocate Mohd. Sajid
Advocate Dr. A.P.Singh
Advocate Manish Sharma
Advocate Pooja Bhaskar Sharma

## सूरजकुंड में 11 सितंबर को होगी उत्तरी क्षेत्रीय परिषद की बैठक

एजेंसी

**चंडीगढ़।** उत्तरी क्षेत्रीय परिषद की 32वीं बैठक आगामी 11 सितंबर को फरीदाबाद के सूरजकुंड में होगी। बैठक की अध्यक्षता केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह करेंगे। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इस बैठक की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की गई। रस्तोगी ने बताया कि इस बैठक में आठ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्री, उप-राज्यपाल तथा मुख्य सचिव शिरकत करेंगे। इसमें हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश और राजस्थान के साथ-साथ केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली, जम्मू और कश्मीर तथा लद्दाख शामिल हैं। बैठक उपरान्त मंडलायुक्त संजय जून ने सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, पार्किंग, आवास, परिवहन, चिकित्सा सुविधाओं तथा आपातकालीन सेवाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सभी तैयारियां समयबद्ध ढंग से पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय महत्व की इस बैठक की तैयारियों में किसी भी प्रकार की कमी नहीं रहनी चाहिए।

## दयानंद कॉलेज में 'नशा विरोधी' थीम पर पोस्टर निर्माण व स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन

**हिसार।** दयानंद कॉलेज के नशा विरोधी जागरूकता प्रकोष्ठ की ओर से उच्चतर शिक्षा निदेशालय के निर्देशानुसार एक प्रभावशाली अंतःमहाविद्यालय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 'नशा विरोधी' थीम पर पोस्टर निर्माण और स्लोगन लेखन गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने नशे के दुष्प्रभावों के प्रति अपनी रचनात्मकता और जागरूकता का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने गुरुवार को विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा न केवल व्यक्ति, बल्कि समाज और राष्ट्र के लिए भी अभिशाप है। यह स्वस्थ और सशक्त समाज के निर्माण में सबसे बड़ी बाधा है। युवाओं को नशे के दुष्परिणामों से स्वयं को बचाने के साथ-साथ समाज में जागरूकता फैलाने की जिम्मेदारी भी निभानी चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से नशामुक्त भारत के निर्माण में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। नशा विरोधी जागरूकता प्रकोष्ठ के समन्वयक व कार्यक्रम संयोजक डॉ. सुरेंद्र बिश्नोई ने बताया कि इस गतिविधि में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उन्होंने रंग-बिरंगे पोस्टरों और प्रभावशाली स्लोगनों के माध्यम से नशे के खिलाफ अपने विचारों को अभिव्यक्त किया।

## दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना लागू करने के लिए मुख्यमंत्री का आभार

**सोनीपत।** राई हलके की विधायक कृष्णा गहलावत ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा महिलाओं के लिए शुरू की गई दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि यह योजना 25 सितंबर से पूरे प्रदेश में लागू होगी और इसके तहत 23 वर्ष या उससे अधिक आयु की विवाहित और अविवाहित महिलाओं को हर महीने 2100 रुपए की आर्थिक सहायता मिलेगी। विधायक ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह योजना महिलाओं के जीवन में बड़ा बदलाव लाएगी। इससे महिलाएं घरेलू जरूरतें पूरी करने के साथ-साथ अपनी व्यक्तिगत आवश्यकताओं को भी पूरा कर सकेंगी। यह सहयोग उन्हें आत्मनिर्भर बनाने और सामाजिक स्तर पर आत्मविश्वास बढ़ाने में सहायक होगा। गहलावत ने कहा कि भाजपा सरकार हमेशा महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध रही है। यह योजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश नेतृत्व की दूरदर्शी सोच का परिणाम है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की भागीदारी के बिना समाज और देश की प्रगति संभव नहीं है। विधायक ने विश्वास जताया कि दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना महिलाओं की आर्थिक स्थिति को मजबूत करेगी और उन्हें समाज में नई पहचान दिलाएगी। सरकार आगे भी महिलाओं के कल्याण के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाती रहेगी।

## इम्पेरिया एसफेरा सोसायटी में स्वच्छता की गूंज

**गुरुग्राम।** हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान के तहत नगर निगम गुरुग्राम ने सीडी संकल्प संस्था एवं आईपीसीए संस्था के सहयोग से सेक्टर 37-सी स्थित इम्पेरिया एसफेरा सोसायटी में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को स्वच्छता, कचरा प्रबंधन एवं सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना रहा।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि नगर निगम गुरुग्राम के संयुक्त आयुक्त डॉ. नरेश कुमार ने शिरकत की। विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर निगम गुरुग्राम के वार्ड नंबर-9 के पार्षद अवनीश राघव, नगर निगम गुरुग्राम के बीडब्ल्यूजी विशेषज्ञ कर्नल संजय पांडे, सीडी संकल्प संस्था के संस्थापक विवेक यादव, नगर निगम गुरुग्राम के स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर कुलदीप हिन्दुस्तानी, आईईसी विशेषज्ञ प्रियंका यादव, सामाजिक कार्यकर्ता नटवर एवं बुलंद आवाज वेलफेयर सोसाइटी की उपाध्यक्षा प्रिंका यादव कार्यक्रम में मौजूद रहे। इस अवसर पर डॉ. नरेश कुमार एवं अवनीश राघव ने अपने संबोधन में कहा कि स्वच्छता को दैनिक जीवन में अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल नगर निगम की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का दायित्व है।

# बच्चों की बुनियादी शिक्षा पर ध्यान देना जरुरी : प्रो. असीम कुमार घोष

एजेंसी

**गुरुग्राम।** हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने कहा कि बच्चों की बुनियादी शिक्षा जितनी बेहतर होगी, देश का भविष्य उतना ही उज्ज्वल होगा। उन्होंने यह बात जिला के गांव घामड़ौज-अलीपुर व कन्हई के राजकीय कन्या संस्कृति मॉडल प्राथमिक विद्यालयों में अभिभावकों से बातचीत करते हुए कही। उन्होंने दोनों विद्यालयों का निरीक्षण किया और विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों तथा शिक्षकों से संवाद किया। प्रो. असीम कुमार घोष ने कहा कि राज्यपाल के तौर पर वे प्रदेश में विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति (चांसलर) हैं, लेकिन उच्चतर शिक्षा के साथ-साथ प्राथमिक शिक्षा पर भी उनका विशेष ध्यान रहता है। उन्होंने कहा कि प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों को मिलने वाली सुविधाएं बेहतर होनी चाहिए। शिक्षकों व अभिभावकों की इस कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका होती है।



उन्होंने अभिभावकों से संवाद में कहा कि अपने बच्चों की शिक्षा को लेकर समय-समय पर विद्यालय में शिक्षकों से बातचीत करें। आप शिक्षा व्यवस्था व विद्यालय में सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए अपने सुझाव भी दें। इस कार्य में पंचायती राज व स्थानीय निकाय के प्रतिनिधियों का भी सहयोग लिया जाए। उन्होंने विद्यालय परिसर में बच्चों के साथ भी पढ़ाई-लिखाई व खेलकूद को लेकर बातचीत की। साथ ही विद्यालयों के परिसर में मिड-डे मील, पीने के पानी, शौचालय आदि सुविधाओं का निरीक्षण किया और बच्चों को चॉकलेट भी वितरित की। दोनों विद्यालयों में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। उन्होंने शिक्षकों से भी पढ़ाई के सिलेबस को लेकर चर्चा की और विद्यार्थियों द्वारा तैयार मॉडल की प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। राज्यपाल ने राजकीय कन्या मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय, कन्हई में खेलकूद से जुड़ी गतिविधियों में पहले तीन स्थान पर आने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहन स्वरूप अपने कोष से 50 हजार रुपये की वित्तिय सहायता भी देने की घोषणा की। वहीं गांव घामड़ोज-अलीपुर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश दिया। उनकी धर्मपत्नी मित्रा घोष भी इस दौरान उपस्थित रही।

## नायब सरकार लागू करेगी लाडो लक्ष्मी योजना, महिलाओं को मिलेगा लाभ

एजेंसी

**सोनीपत।** सहकारिता व पर्यटन मंत्री डा.अरविंद शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना को मंजूरी दे दी गई है। यह योजना 25 सितंबर से पूरे प्रदेश में लागू होगी और इससे महिलाओं को सीधा लाभ मिलेगा। मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री ने बजट में इस योजना के लिए पहले ही 5000 करोड़ रुपये का प्रावधान कर दिया था। योजना के तहत पात्र महिलाओं को 2100 रुपये प्रतिमाह प्रदान किए जाएंगे। शुरुआत में गरीब परिवारों की महिलाओं को प्राथमिकता दी जाएगी और बाद में धीरे-धीरे इसके दायरे का विस्तार होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण को लेकर जो पहल हरियाणा से शुरू हुई थी, उसे यह योजना और मजबूती देगी। यह कदम साबित करेगा कि भाजपा सरकार अपने संकल्पों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। मंत्री ने कहा कि नायब सरकार हर वर्ग के कल्याण के लिए काम कर रही है और यह योजना समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने की दिशा में बड़ा कदम है। योजना की शुरुआत पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती पर होगी, जिससे उनकी अंत्योदय **एजेंसी**की भावना को साकार किया जा सके।



# मुख्यमंत्री ने किया शैक्षिक महासंघ के संकल्प पत्र का विमोचन

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने चंडीगढ़ में अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के संकल्प पत्र का विमोचन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने महासंघ के पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षक दीपक की भांति पूरे समाज को प्रकाशमान करता है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि शैक्षिक महासंघ द्वारा एक सितम्बर से आरम्भ होने वाला यह संकल्प शिक्षा जगत के लिए न केवल प्रेरणादायी सिद्ध होगा, बल्कि एक मील का पत्थर भी बनेगा। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष रामवीर शर्मा ने बताया कि महासंघ एक सितम्बर 2025, सोमवार को प्रदेश ही नहीं, बल्कि पूरे देश भर के लगभग पांच लाख विद्यालयों में हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान शीर्षक से संकल्प दिवस का आयोजन करेगा। इस कार्यक्रम में शिक्षक, विद्यार्थी तथा विद्यालय का पूरा स्टाफ सामूहिक रूप से संकल्प लेकर अपने विद्यालयों को सजाने-संवारने का कार्य करेंगे। इस हरित और प्रेरणादायी बनाएंगे। संकल्प पत्र में यह भी कहा गया है कि शिक्षक और विद्यार्थी मिलकर विद्यालय को संस्कार, सेवा और



अभूतपूर्व कार्यक्रम का उद्देश्य है कि शिक्षक एवं शिक्षार्थी स्वावलंबी, सु-संस्कृत, संस्कारवान और सामर्थ्यवान बनें। संकल्प के तहत शिक्षक व विद्यार्थी प्रण लेंगे कि वे विद्यालय को स्वच्छ, अनुशासित, समर्पण का तीर्थ बनाएंगे तथा इसके गौरव को निरंतर बढ़ाने के लिए प्रयासरत रहेंगे। इस अवसर पर शैक्षिक महासंघ के प्रदेश सचिव विनोद चौहान और प्रदेश कोषाध्यक्ष पुरुषोत्तम भारद्वाज उपस्थित रहे।

# सीईटी परीक्षा में बेहतरीन ड्यूटी निभाने पर पांच कर्मचारी सम्मानित

एजेंसी

**चंडीगढ़ ।** हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के चेयरमैन हिम्मत सिंह ने पंचकूला में कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट 2025 के सफल संचालन में असाधारण योगदान देने वाले पांच कर्मचारियों को विशेष प्रशस्ति पत्र और नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया।सम्मानित कर्मचारियों में सोनीपत के स्पेशल पुलिस अधिकारी देवेंद्र कुमार और पवन कुमार, ईएसआई पद पर कार्यरत ऋषिपाल, पंचकूला में क्लर्क पद पर कार्यरत अमित कुमारी तथा रोहतक रोडवेज में क्लर्क पद पर कार्यरत सतीश कुमार शामिल हैं। इन सभी को परीक्षा के दौरान दिखाई गई कर्तव्यनिष्ठा, समर्पण और अनुकरणीय कार्यशैली के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया। चेयरमैन हिम्मत सिंह ने बताया कि जिन अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित किया गया है, उन्होंने अपने निरीक्षण दौर के दौरान व्यक्तिगत रूप से कार्य करते हुए देखा था। उसी में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन को पहचान कर इन्हें विशेष



रूप से चयनित किया गया। उन्होंने बताया कि आयोग ने सीईटी परीक्षा के दौरान बेहतरीन प्रबंधन करने वाले प्रत्येक जिले के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक को भी प्रशंसा पत्र जारी किए हैं। साथ ही, आयोग ने जिला उपायुक्तों और पुलिस अधीक्षकों को सुझाव दिया है कि वे भी अपने अधीनस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों को, जिन्होंने परीक्षा में उत्कृष्ट कार्य किया है, प्रशंसा पत्र देकर प्रोत्साहित करें। हिम्मत सिंह ने कहा कि शीघ्र ही आयोग एचएसएससी स्टाफ के कर्मचारियों को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान करेगा, जिन्होंने सीईटी परीक्षा की प्रक्रिया को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई है। चेयरमैन हिम्मत सिंह ने कहा कि सीईटी जैसी बड़ी परीक्षा का सफल आयोजन टीम भावना, मेहनत और ईमानदारी से ही संभव हो पाता है।

# हकृवि के गेहूं वैज्ञानिकों को गोष्ठी में मिला राष्ट्रीय सम्मान

## केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राष्ट्रीय स्तर पर किया सम्मानित

एजेंसी

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गेहूं वैज्ञानिकों को 64वीं अखिल भारतीय गेहूं एवं जौ शोधकर्ता वार्षिक गोष्ठी में केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया है। यह गोष्ठी हाल ही में ग्वालियर में आयोजित की गई, जिसमें विश्वविद्यालय की टीम को प्रतीक चिन्ह एवं प्रमाण-पत्र दिया गया। समारोह में मध्य प्रदेश के कृषि मंत्री ऐदल सिंह कंसाना तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के महानिदेशक डॉ. एमएल जाट उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा विकसित गेहूं की उन्नत किस्म डब्ल्यूएच 1306 को उच्च उत्पादकता, रोग प्रतिरोधकता और बेहतर गुणवत्ता के लिए देशभर में सराहा गया है। यह किस्म विशेष



रूप से भारत के प्रायद्वीपीय क्षेत्रों महाराष्ट्र, कर्नाटक, आंध्रप्रदेश, गोवा, तमिलनाडु और केरल के लिए सिंचित एवं समय पर बुवाई हेतु विकसित की गई है। उन्होंने बताया कि चपाती गुणवत्ता के मानकों पर यह किस्म-देसी किस्म सी 306 के बाद हकृवि की दूसरी सर्वश्रेष्ठ किस्म मानी गई है। उन्होंने विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों को अर्जित की गई इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान हमारे अनुसंधान की गुणवत्ता एवं किसानों की समृद्धि के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग ने डब्ल्यू एच 1306 की प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस किस्म की औसत उपज 50.4 क्विंटल/हैक्टेयर, अधिकतम उत्पादन क्षमता 72.8 क्विंटल/ हैक्टेयर है। इस किस्म में प्रोटीन की मात्रा 12.4 प्रतिशत, लौह तत्व (आयरन) 40.8 पीपीएम, जिंक 40.5 पीपीएम तथा ग्लूटेन 96 (उच्चतम) जिससे यह किस्म व्यवसायिक उत्पादों के लिए अत्यंत उपयुक्त सिद्ध होती है।

## प्रशासन से परिचय अभियान में पीएम श्री स्कूलों के विद्यार्थियों ने लिया अनुभव

एजेंसी

**सोनीपत।** उपायुक्त सुशील सारवान के प्रयासों से शुरू किए गए प्रशासन से परिचय अभियान के तहत जिले के पीएम श्री स्कूलों के विद्यार्थियों ने समाधान शिविर में भाग लेकर प्रशासनिक कार्यप्रणाली का अनुभव प्राप्त किया। गन्नौर खण्ड के बेगा व दतौली स्कूलों के विद्यार्थियों ने एपीसी अतर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित शिविर में विभिन्न विभागों की गतिविधियों को नजदीक से समझा। छात्र-छात्राओं ने जाना कि समाधान शिविर में अलग-अलग विभागों के अधिकारी एक ही छत के नीचे मौजूद रहते हैं और अधिकतर शिकायतों का मौके पर ही निवारण किया जाता है। विद्यार्थियों ने यह भी देखा कि शिकायतों का तुरंत हल पाकर लोग किस प्रकार संतुष्ट होकर घर लौटते हैं। उपायुक्त सुशील सारवान ने विद्यार्थियों को कार्यालयीन कार्यप्रणाली और अधिकारियों की जिम्मेदारियों से अवगत कराया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को प्रोत्साहन स्वरूप बैज लगाए गए और स्वच्छता व कर्तव्यनिष्ठा की सीख दी गई। विद्यार्थियों ने ई-गवर्नेंस से संबंधित जानकारी भी अर्जित की कि किस प्रकार सूचना प्रौद्योगिकी के माध्यम से सेवाएं पारदर्शी और कुशलता से नागरिकों तक पहुंचाई जाती हैं। अभियान के अंतर्गत टॉपर विद्यार्थियों को औद्योगिक इकाईयों में भी ले जाया जाएगा, जहां वे उत्पादन प्रक्रिया को समझ सकेंगे। समाधान शिविर के साथ-साथ विद्यार्थियों को विभागीय योजनाओं, शिकायत निवारण प्रणाली, डिजिटल इंडिया अभियान, ट्रैफिक नियमों, साइबर सुरक्षा और महिला सुरक्षा के बारे में भी जानकारी दी गई। अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन, नागराधीश अनमोल, एसडीएम सुभाष चंद्र, प्रवेश कादयान, अंजलि क्षोत्रिय, शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# गुरुग्राम के वार्डों में कम्युनिटी सेंटर, बैडमिंटन कोर्ट में चौकीदार नियुक्त होंगे

एजेंसी

**गुरुग्राम।** नगर निगम आयुक्त आयुष सिन्हा ने कहा कि निगम अधिकारी और पार्षद मिलकर जनहित के कामों को प्राथमिकता से पूरा करें। वार्डों में बने कम्युनिटी सेंटर, चौपाल, बैडमिंटन कोर्ट आदि के रखरखाव के लिए एचकेआरएन के माध्यम से चौकीदार नियुक्त किए जाएंगे। गांवों में जोहड़ की जमीन को अतिक्रमण मुक्त करवाकर उसका सौंदर्यीकरण करवाया जाएगा। नगर निगम आयुक्त आयुष सिन्हा ने वार्ड 9,11,14 और 16 के पार्षदों के साथ बैठक में यह बात कही। उनके साथ सीनियर डिप्टी मेयर प्रवीन यादव, डिप्टी मेयर रीमा चौहान भी मौजूद रहे। सीनियर डिप्टी मेयर ने कहा कि निगम क्षेत्र में वाटिका, रामपुरा और आईएमटी तीन फ्लाइओवर आते हैं। इनके नीचे वर्टिकल गार्डन बनाए जाने चाहिए। इसके अलावा गांवों में जोहड़ की भूमि पर पंचायत के समय से ही कुछ लोगों ने कब्जा किया हुआ है, कब्जे को हटाकर जोहड़ों का सौंदर्यीकरण




करवाया जाना सुनिश्चित करें। इस पर आयुक्त ने निगम अधिकारियों को आदेश देते हुए कहा कि पुराने रिकॉर्ड के अनुसार जोहड़ों की निशानदेही करवाकर वहां सौंदर्यीकरण करने के लिए प्रपोजल तैयार करें। इस दौरान वार्ड पार्षदों ने अपने अपने वार्ड की समस्याओं से आयुक्त को अवगत करवाया। आयुक्त ने पार्षदों को बताया कि नाली, नालों की सफाई होने के बाद गंदगी को 24 घंटे के भीतर उठाया जाएगा। सफाई के कामों के लिए संसाधन बढ़ाए जा रहे है। सभी वार्डों में फॉगिंग करवाई जाएगी। फॉगिंग का रोस्टर पार्षदों के साथ साझा किया जाएगा। निगम क्षेत्र के गांवों से रोजाना उठने वाले कूड़े के लिए गांव में एक शेड का निर्माण किया जाएगा। शेड बनाने के लिए पार्षद अपने गांवों में जगह चिन्हित करके निगम अधिकारियों को बताएं। इसके अलावा आयुक्त ने पार्षदों से आग्रह करते हुए कहा कि लाल डोरा में जमीन मालिकों को उनके स्वामित्व सर्टिफिकेट दिलवाने के लिए पार्षद आगे आएं। पार्षद की अध्यक्षता में कमेटी बनाई गई है। पार्षद सत्यापित करें और लोगों को सर्टिफिकेट प्रदान करवाएं। सभी वार्ड में एएसआई की तरह चौकीदार और पंप ऑपरेटर भी नियुक्त किए जाएंगे। निगम अधिकारियों ने बताया कि वार्ड 9 में ग्राम सचिवालय, मंदिर की चारदिवारी, वाल्मिकी मंदिर की चारदिवारी, शमशान घाट की चारदिवारी, 4 ट्यूबवैल और गलियों, नालियों के लिए करोड़ों रुपये के टेंडर तैयार हो चुके हैं।

वार्ड 11, 14 और 16 में 8 ट्यूबवैल, कम्युनिटी सेंटर, नालों, गलियों के निर्माण के लिए भी करोड़ों रुपये के टेंडर तैयार किए जा चुके है। जल्द ही इनका निर्माण कार्य शुरू करवा दिया जाएगा। इस दौरान नगर निगम के संयुक्त आयुक्त हितेंद्र कुमार, लोकेश, पार्षद ज्योति वर्मा, मनोज कुमार, दयाराम, एक्सईएन मनदीप धनखड़, एसडीओ शशिकांत, अनिल मलिक, विपिन बूरा, विकास शर्मा, एसओ एमएस सोढ़ी सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## गड्ढों और सड़कों की मरम्मत का विशेष अभियान शुरु करें:मेयर

**सोनीपत।** सोनीपत में बरसात से क्षतिग्रस्त सड़कों की हालत सुधारने के लिए नगर निगम और लोक निर्माण विभाग ने सितंबर माह में विशेष अभियान चलाने का निर्णय लिया है। इसके तहत शहर की मुख्य सड़कों के गड्ढे भरने और मरम्मत का कार्य किया जाएगा। नगर निगम की बैठक में अधिकारियों ने बताया कि रेलवे स्टेशन रोड, गुरुद्वारा-कामी रोड, सब्जी मंडी रोड, कबीरपुर संपर्क मार्ग, बस स्टैंड से सेक्टर-14, ओल्ड डीसी रोड, पीडब्ल्यू रेस्ट हाउस से रेलवे पुल, बस स्टैंड से ड्रेन नंबर-6, मिशन चौक से कालूपुर चुंगी, बड़वासनी गांव से ट्रक यूनियन और ककरोई रोड की मरम्मत का पूरा खाका तैयार है। इसमें खासतौर पर ओल्ड डीसी रोड को नए सिरे से ठीक किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मेयर राजीव जैन ने कहा कि जनता को यह जानकारी नहीं होती कि किस सड़क की जिम्मेदारी किस विभाग पर है, इसलिए खराबी आने पर आरोप सीधे निगम पर लगते हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि मरम्मत कार्य में गुणवत्ता से समझौता न किया जाए।

# धार्मिक धरोहरों से समाज जोड़ें, एकता और संस्कार बढ़ाएं-बड़ौली

एजेंसी

**सोनीपत।** सोनीपत के गांव दीपलपुर में दादी सती मंदिर का भव्य उद्घाटन भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने किया। इस अवसर पर ग्रामीणों, पंचायत प्रतिनिधियों और क्षेत्र के गणमान्य लोगों की बड़ी संख्या में मौजूदगी रही। मंदिर परिसर में विशेष पूजा-अर्चना भी संपन्न हुई।

उद्घाटन के बाद संबोधित करते हुए बड़ौली ने कहा कि धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहरें समाज को जोड़ने और एकजुट करने का कार्य करती हैं। दादी सती मंदिर केवल आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि संस्कारों और सेवा की प्रेरणा देने वाला स्थान है। उन्होंने कहा कि यहां से समाज में भाईचारा, सहयोग और सकारात्मकता का संदेश प्रसारित होगा।

प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि प्रदेश सरकार धार्मिक स्थलों के संरक्षण और विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। मंदिर, तीर्थ और सांस्कृतिक स्थलों का संरक्षण केवल धार्मिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और




सांस्कृतिक धरोहर को संजोने के लिए भी आवश्यक है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि दीपलपुर का यह मंदिर आने वाले समय में सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक चेतना का केंद्र बनेगा। ग्रामीणों ने बड़ौली का उत्साहपूर्वक स्वागत किया और उद्घाटन समारोह को धार्मिक आस्था और सामाजिक एकता का उत्सव बताया।

**NAME CHANGE**
I Prashant Sharma S/o Ram Bir Sharma R/o Emerald Estate ,H -604,Sector-65,South City-II, Gurgaon Haryana -122018 have changed the name of my minor daughter namely Shareya Sharma aged 15 years and she shall hereafter be known as Shreya Sharma.

# सीएम फ्लाइंग टीम ने कई गांवों में निरीक्षण करके जांच विकास कार्य

एजेंसी

**हिसार।** जिले के अग्रोहा ब्लॉक में पंचायती राज संस्थाओं द्वारा करवाए गए विकास कार्यों में अनियमितताओं की शिकायत पर सीएम फ्लाइंग हिसार रेंज की टीम मौके पर पहुंची। टीम का नेतृत्व सीएम फ्लाइंग इंचार्ज सुनैना ने किया। इस दौरान टीम ने नंगथला, कुलेरी, किरमारा, अग्रोहा, मीरपुर, कनोह, लांधड़ी सहित कई गांवों में जाकर विकास कार्यों का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों से पूरा रिकॉर्ड तलब किया।जानकारी के अनुसार, किसी व्यक्ति द्वारा सीएम फ्लाइंग को शिकायत दी गई थी कि ब्लॉक के कई गांवों में पंचायत द्वारा करवाए गए निर्माण कार्यों में भारी गड़बड़ी की गई है और सरकारी धन का दुरुपयोग हुआ है। शिकायत के आधार पर टीम ने आज औचक निरीक्षण करते हुए कई परियोजनाओं की वास्तविक स्थिति की जांच की।शिकायत में आरोप लगाया गया था कि गांव नंगथला की ढाणियों तक जाने वाले चार पक्के रास्तों के निर्माण में अनियमितताएं हुई हैं, किरमारा गांव में ढाणी तक पक्का रास्ता बनाने में नियमों का उल्लंघन हुआ, अग्रोहा पीएचसी के पार्क निर्माण व मीरपुर में गंदे पानी की निकासी के नाले में गड़बड़ी बरती गई, कुलेरी गांव में नियमों के विपरीत मंदिर की पेंटिंग व मॉडल पाउंड निर्माण में अनियमितता की गई, कनोह गांव में रास्ते के निर्माण कार्य में भी गड़बड़ी की बात सामने आई है। इसके अलावा, मनरेगा के तहत अग्रोहा, किरमारा व लांधड़ी गांवों में बनाए गए खेल स्टेडियमों के निर्माण कार्यों में भी गड़बड़ी बरतने की शिकायत दर्ज हुई है।सीएम फ्लाइंग हिसार रेंज इंचार्ज सुनैना ने गुरुवार को मौके पर पहुंचकर सभी विकास कार्यों का बारीकी से निरीक्षण किया और रिकॉर्ड की गहनता से जांच की। उन्होंने बताया कि सभी बिंदुओं पर जांच पूरी सावधानी से की जा रही है और रिपोर्ट तैयार कर उच्चाधिकारियों को भेजी जाएगी। फिलहाल पूरे मामले की जांच जारी है और प्रशासनिक हलकों में भी इस कार्रवाई की चर्चा बनी हुई है। जांच टीम में एएसआई सुरेंद्र, हेड कांस्टेबल विजय, अकाउंटेंट कुलदीप और राजस्व विभाग के पटवारी भी शामिल रहे। इस मौके पर अग्रोहा ब्लॉक के कई गांवों के सरपंच व ब्लॉक समिति सदस्य भी पहुंचे।

# रिलायंस इंडस्ट्रीज की एजीएम में जियो आईपीओ पर हो सकता है बड़ा ऐलान

### - रिलायंस इंडस्ट्रीज की 48वीं वार्षिक आम बैठक शुक्रवार दोपहर 2 बजे

**मुंबई ।**

देश की सबसे मूल्यवान कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) शुक्रवार को अपनी 48वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) आयोजित कर रही है। दोपहर 2 बजे होने वाली इस वर्चुअल बैठक पर देश-विदेश के निवेशकों और विश्लेषकों की पैनी नजर बनी हुई है। इस बैठक में जियो और रिटेल बिजनेस के आईपीओ की संभावित घोषणा को लेकर उत्सुकता है। साथ ही ग्रीन एनर्जी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और उत्तराधिकार योजना पर भी अपडेट मिलने की संभावना है। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार जियो अब परिपक्वता की स्थिति में है और उसकी स्थिर कैश फ्लो स्थिति आईपीओ के लिए उपयुक्त माहौल बना रही है। वहीं, रिलायंस की ग्रीन एनर्जी योजनाओं जैसे ग्रीन हाइड्रोजन, बैटरी निर्माण और इलेक्ट्रोलाइज़र प्रोजेक्ट्स को लेकर भी विस्तार से जानकारी दी जा सकती है। एजीएम में मुकेश अंबानी द्वारा जियो ब्रेन एआई प्लेटफॉर्म, रिटेल विस्तार और कंपनी की दीर्घकालिक रणनीति पर भी प्रकाश डाला जा सकता है। कंपनी पहले ही` वित्त वर्ष 25 के




लिए 5.50 प्रति शेयर का डिविडेंड घोषित कर चुकी है, जिसकी रिकॉर्ड डेट 14 अगस्त थी। रिलायंस के शेयर इस बैठक से पहले हल्की तेजी के साथ कारोबार कर रहे हैं। पिछले वर्षों की एजीएम में निवेशकों को ज्यादा बड़ी घोषणाएं नहीं मिली थीं, लेकिन इस बार बाजार में एक सकारात्मक सरप्राइज की उम्मीद जताई जा रही है। एजीएम में लिए गए निर्णयों का सीधा असर शेयर बाजार की चाल और निवेशकों की रणनीति पर पड़ेगा।

## उर्जित पटेल बने आईएमएफ में कार्यकारी निदेशक


### भारत को वैश्विक मंच पर मिलेगी नई मजबूती

**नई दिल्ली ।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर उर्जित पटेल को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया गया है। केंद्र सरकार ने उनकी नियुक्ति को मंजूरी दे दी है और वे यह पद तीन वर्षों तक संभालेंगे। वे के.वी. सुब्रमण्यम का स्थान लेंगे, जिनका कार्यकाल अप्रैल 2025 में पूरा होना था लेकिन समय से पहले समाप्त हो गया। उर्जित पटेल ने सितंबर 2016 में रघुराम राजन के बाद आरबीआई के 24वें गवर्नर का पद संभाला था। दिसंबर 2018 में उन्होंने निजी कारणों से इस्तीफा दे दिया। उनके कार्यकाल के दौरान मुद्रास्फीति नियंत्रण के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) को 4 फीसदी के लक्ष्य पर केंद्रित करने की नीति बनाई गई, जिसे आज भी भारत में अपनाया जाता है। इसके अलावा, 2016 की नोटबंदी के दौरान भी उन्होंने अहम भूमिका निभाई।

उर्जित पटेल का जन्म केन्या में हुआ था। उन्होंने येल यूनिवर्सिटी से पीएचडी, ऑक्सफोर्ड से एमे फिल और लंदन यूनिवर्सिटी से बीएससी की पढ़ाई की। उन्होंने आईएमएफ में 1990 में करियर की शुरुआत की और भारत, अमेरिका, म्यांमार सहित कई देशों के लिए कार्य किया। निजी क्षेत्र में भी वे रिलायंस इंडस्ट्रीज आईडीएफसी और अन्य कंपनियों से जुड़े रहे। आईएमए में कार्यकारी निदेशक नीति निर्धारण और संस्थान के रोजमर्रा के फैसलों में भाग लेते हैं।

## इस साल की पहली छमाही में टैबलेट बाजार 32 फीसदी गिरा

### - सिर्फ 21.5 लाख टैबलेट बिक पाए



**नई दिल्ली ।**

साल 2025 की पहली छमाही में भारत के टैबलेट पीसी बाजार को बड़ी गिरावट का सामना करना पड़ा है। एक बाजार शोध फर्म की रिपोर्ट के अनुसार, इस अवधि में टैबलेट की बिक्री में 32.3 प्रतिशत की कमी आई और सिर्फ 21.5 लाख टैबलेट ही बिक पाए। रिपोर्ट के मुताबिक इस गिरावट की सबसे बड़ी वजह सरकार द्वारा चलाई जा रही कुछ योजनाओं में कटौती रही है। पहले इन योजनाओं के तहत स्कूलों और सरकारी दफ्तरों के लिए बड़ी संख्या में टैबलेट खरीदे जाते थे, लेकिन अब इस मांग में भारी गिरावट देखी गई है।

हालांकि कुल बाजार गिरा लेकिन डिटैचेबल (कीबोर्ड से अलग होने वाले) टैबलेट की बिक्री में 18.9 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई। इसके उलट, साधारण स्लेट टैबलेट की बिक्री में 44.4 प्रतिशत गिरावट आई, जिससे कुल बाजार प्रभावित हुआ। ब्रांड के लिहाज से सैमसंग ने 41.3 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ बाज़ार में अपनी पहली पोजिशन बनाए रखी। कंपनी की सफलता के पीछे सरकारी स्कूलों के प्रोजेक्ट और ऑनलाइन बिक्री अभियानों का बड़ा योगदान रहा।

लेनोवो 12.3 फीसदी और एप्पल 11.8 फीसदी हिस्सेदारी के साथ दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। रिपोर्ट के अनुसार सैमसंग ने वाणिज्यिक और घरेलू दोनों क्षेत्रों में अच्छा प्रदर्शन किया, जिससे दूसरी तिमाही में उसकी हिस्सेदारी 40.8 प्रतिशत रही।

इस रिपोर्ट से स्पष्ट है कि सरकारी नीतियों में बदलाव का टेक्नोलॉजी बाजार पर गहरा असर पड़ता है।

## अमेरिकी टैरिफ बढ़ोतरी का भारतीय शेयर बाजार पर असर

### निवेशकों को घरेलू सेक्टर पर फोकस करने की सलाह



**नई दिल्ली ।**

अमेरिका ने 27 अगस्त से भारत से आयातित कई उत्पादों पर 50 फीसदी तक टैरिफ बढ़ा दिया है। यह एशिया में सबसे अधिक है और इससे खासकर टेक्सटाइल, इंजीनियरिंग गुड्स, जेम्स-एंड-ज्वेलरी, श्रिम्प और कारपेट इंडस्ट्री प्रभावित होंगी। इससे भारतीय निर्यात आधारित कंपनियों के शेयरों में गिरावट आई है। अगस्त की शुरुआत में 25 फीसदी टैरिफ लागू होने के बाद से एफएमसीजी, रियल एस्टेट, प्राइवेट व पब्लिक सेक्टर बैंक जैसे घरेलू सेक्टर भी कमजोर प्रदर्शन कर रहे हैं। निवेशक` वित्त वर्ष 26 के कमजोर नतीजों और टैरिफ के बढ़ने से वेट एंड वॉच की नीति अपना रहे हैं। बाजार के जानकारों के अनुसार, ऑटो, एफएमसीजी और सीमेंट जैसे सुरक्षित सेक्टर भी बिकवाली का सामना कर रहे हैं। सौविलो इन्वेस्टमेंट के संदीप अग्रवाल कहते हैं कि विदेशी निवेशक लगातार पैसा निकाल रहे हैं, इसलिए फिलहाल घरेलू कंपनियों में भी सावधानी से निवेश करें। विश्लेषक सलाह देते हैं कि निवेशक घरेलू अर्थव्यवस्था से जुड़े सेक्टरों पर ध्यान दें, खासकर हॉस्पिटल्स और नई टेक कंपनियों में निवेश बेहतर रहेगा। फेस्टिव सीजन और जीएसटी 2.0 से घरेलू मांग बढ़ सकती है, जो बाजार को समर्थन देगा। टेक्सटाइल इंडस्ट्री पर सबसे ज्यादा असर होगा क्योंकि यह अमेरिकी बाजार पर निर्भर है। हालांकि आईटी फार्मा और इलेक्ट्रॉनिक्स पर टैरिफ का असर सीमित रहेगा। निवेशकों को इस समय निर्यात सेक्टर में निवेश करने में सावधानी बरतनी चाहिए। टैरिफ बढ़ोतरी और कमजोर आर्थिक संकेतों के बीच निवेशकों को जल्दबाजी करने की बजाय धैर्य से बेहतर अवसर का इंतजार करना चाहिए और घरेलू मांग पर आधारित सेक्टरों में निवेश को प्राथमिकता देनी चाहिए।

# अब मंगलवार को होगी निफ्टी की वीकली एक्सपायरी, सेंसेक्स रहेगा गुरुवार को

**मुंबई ।** भारतीय शेयर बाजार में 25 साल बाद एक ऐतिहासिक बदलाव हुआ है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने निफ्टी की वीकली एक्सपायरी का दिन गुरुवार से बदलकर मंगलवार कर दिया है। यह बदलाव 28 अगस्त 2025 से लागू हो गया है। अब पहली मंगलवार एक्सपायरी 2 सितंबर 2025 को होगी। वहीं बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) ने सेंसेक्स की एक्सपायरी गुरुवार को ही बनाए रखने का फैसला किया है। डेरिवेटिव्स मार्केट में यह बदलाव बड़े असर वाला है। अब निफ्टी ऑप्शंस की एक्सपायरी सप्ताह के तीसरे कारोबारी दिन यानी मंगलवार को होगी, जिससे ट्रेडर्स को नई रणनीतियां बनानी होंगी। वहीं, सेंसेक्स की एक्सपायरी गुरुवार को होने से दोनों प्रमुख इंडेक्स की एक्सपायरी अलग-अलग दिनों पर होगी। गौरतलब है कि निफ्टी



फ्यूचर्स की शुरुआत 12 जून 2000 को हुई थी और तब से मंथली एक्सपायरी हर महीने के आखिरी गुरुवार को होती थी। दिसंबर 2019 में वीकली एक्सपायरी शुरू हुई थी, जिसे गुरुवार को रखा गया था। एनएसई और बीएसई के बीच एक्सपायरी डे को लेकर प्रतिस्पर्धा बढ़ गई थी। एनएसई ने पहले निफ्टी की एक्सपायरी सोमवार को करने की योजना बनाई थी, लेकिन सेबी के हस्तक्षेप के बाद इसे मंगलवार किया गया। विशेषज्ञों का मानना है कि इससे डेरिवेटिव्स ट्रेडिंग में नई रणनीतियां, वोलैटिलिटी और ट्रेडिंग पैटर्न उभर सकते हैं। अब ट्रेडर्स को एक्सपायरी के हिसाब से सप्ताह में दो बार प्रमुख मूवमेंट्स का सामना करना पड़ेगा, मंगलवार को निफ्टी और गुरुवार को सेंसेक्स।

## यांगवांग यू 9 के ट्रैक-फोकस्ड वर्जन कार से नया विश्व रिकॉर्ड बनाया

**नई दिल्ली ।** बीवायडी कंपनी ने अपनी हाइपरकार यांगवांग यू 9 के ट्रैक-फोकस्ड वर्जन से नया विश्व रिकॉर्ड बनाया है। जर्मनी के ऑटोमोटिव टेस्टिंग पापेनबर्ग ट्रैक पर इस कार ने 472.41 किमी/घंटा की टॉप स्पीड हासिल की, जो रीमैक नेवेरा आर के पिछले 431.45 किमी/घंटा के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ती है। इसके साथ ही यांगवांग यू 9 दुनिया की सबसे तेज इलेक्ट्रिक कार बन गई है। पिछले साल इसका स्टैंडर्ड वर्जन 391.94 किमी/घंटा की रफ्तार तक पहुंचा था, लेकिन नया ट्रैक मॉडल लगभग 80 किमी/घंटा तेज साबित हुआ। जर्मन रेसिंग ड्राइवर मार्क बैसेंग ने इस कार को चलाया। इसमें चार इलेक्ट्रिक मोटर्स लगी हैं, जिनमें से हर एक 555 किलोवाट (755 पीएस) पावर देती है। संयुक्त रूप से यह कार 3,000 पीएस से ज्यादा ताकत पैदा करती है और इसका पावर-टू-वेट अनुपात 1,200 पीएस प्रति टन है। कार में डीसस-एक्स इंटेलिजेंट बॉडी कंट्रोल सिस्टम, एडवांस्ड टॉर्क वेक्टरिंग और विशेष थर्मल मैनेजमेंट जैसी तकनीकें दी गई हैं। साथ ही यह बड़े पैमाने पर उत्पादित 1200वी अल्ट्रा-हाई-वोल्टेज प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करने वाली दुनिया की पहली ईवी है।



## यात्री वाहनों की बिक्री चालू वित्त वर्ष में एक से चार फीसदी बढ़ने का अनुमान

**मुंबई ।** घरेलू यात्री वाहन उद्योग में चालू वित्त वर्ष 2025-26 में थोक बिक्री में एक से चार प्रतिशत की वृद्धि दर्ज होने का अनुमान है। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने शुक्रवार को कहा कि मूल उपकरण विनिर्माता (ओईएम) द्वारा स्थिर पेशकश और जीएसटी दर में संभावित कटौती से चुनिंदा क्षेत्रों में मांग को समर्थन मिलने की उम्मीद है। केंद्र ने माल एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों को युक्तिसंगत बनाने पर गठित मंत्रिसमूह (जीओएम) के समक्ष पांच प्रतिशत और 18 प्रतिशत की दो-स्तरीय जीएसटी संरचना के साथ-साथ कुछ चुनिंदा वस्तुओं पर 40 प्रतिशत की विशेष दर का प्रस्ताव रखा है। देश की प्रमुख मोटर वाहन कंपनियां सोमवार (एक सितंबर) को अगस्त महीने की बिक्री के आंकड़े जारी करेंगी। इक्रा ने कहा कि जुलाई में थोक बिक्री में क्रमिक आधार पर 8.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई क्योंकि ओईएम ने त्योहारों के मद्देनजर पहली की खेप तैयार कर ली। हालांकि बिक्री की मात्रा सालाना आधार पर 3.4 लाख इकाइयों पर स्थिर रही। खुदरा बिक्री में भी क्रमिक आधार पर 10.4 प्रतिशत का सुधार हुआ, लेकिन यह सालाना आधार पर 0.8 प्रतिशत कम रही। इसमें कहा गया कि एसयूवी का दबदबा बना हुआ है, जो कुल यात्री वाहन (पीवी) की बिक्री में 65-66 प्रतिशत का योगदान दे रहा है। साथ ही निकट भविष्य में यूटिलिटी वाहनों के वृद्धि का प्रमुख चालक बने रहने की उम्मीद है।

## भारत के साथ व्यापार समझौते पर बातचीत करना चाहता है कतर- गोयल



नई दिल्ली, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि ओमान के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को जल्द ही अंतिम रूप दे दिया जाएगा और कतर भी भारत के साथ ऐसे समझौते पर बातचीत करने को इच्छुक है। उन्होंने निर्यातकों को व्यापार के मोर्चे पर किसी देश की एकतरफा कार्रवाई के कारण उत्पन्न मौजूदा वैश्विक अनिश्चितताओं से निपटने के लिए हरसंभव मदद का आश्वासन भी दिया। गोयल ने कहा कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधारों से घरेलू खपत को बढ़ावा मिलेगा।केंद्र ने जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने पर गठित मंत्रिसमूह (जीओएम) के समक्ष पांच प्रतिशत और 18 प्रतिशत की दो–स्तरीय जीएसटी संरचना के साथ–साथ कुछ चुनिंदा वस्तुओं पर 40 प्रतिशत की विशेष दर का प्रस्ताव रखा है। मंत्री ने हाल ही में आयो जित कार्यक्रम में कहा कि इस साल हमारा निर्यात पिछले साल से अधिक रहेगा। उन्होंने कहा कि ओमान के साथ मुक्त व्यापार समझौते को जल्द ही अंतिम रूप दिया जाएगा और कतर भी एक व्यापार समझौता करना चाहता है। सऊदी अरब भी इच्छुक है। गोयल ने साथ ही बताया कि यूरोपीय संघ के साथ मुक्त व्यापार समझौते के लिए बातचीत तेजी से आगे बढ़ रही है।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

**मुंबई ।**

भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार को गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। इससे आज ज्यादातर सूचकांकों में गिरावट रही। लार्जकैप के साथ-साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में भी गिरावट दर्ज की गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 320.10 अंक नीचे आकर 55,727.40 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 67.35 अंक टूटकर 17,227.00 पर बंद हुआ था। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स अंत में 270.92 अंक टूटकर 78,809.65 और 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 74.05 अंक नीचे आकर 24,426.85 पर बंद हुआ।

आज बाजार के ज्यादातर इंडेक्स गिरावट पर बंद हुए। वाहन, आईटी, रियल्टी और ऑयल एंड गैस इंडेक्स में सबसे अधिक गिरावट दर्ज की गयी। वहीं दूसरी ओर एफएमसीजी, मीडिया, डिफेंस और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स के शेयर लाभ के साथ ही ऊपर आये। सेंसेक्स पैक में आईटीसी, बीईएल, ट्रेंट, एलएंडटी, कोटक महिंद्रा बैंक, एशियन पेंट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, टाटा स्टील, सनफार्मा, एचसीएल टेक,




भारती एयरटेल और पावर ग्रिड सबसे अधिक लाभ में थे। वहीं एमएंडएम, रिलायंस इंडस्ट्रीज, इन्फोसिस, एनटीपीसी, टाटा मोटर्स, टेक महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक और एक्सिस बैंक के शेयर सबसे अधिक नुकसान में रहे। बाजार जानकारों के अनुसार अमेरिकी टैरिफ के कारण निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया। इससे भी बाजार पर दबाव आया।। आज इक्विटी बेंचमार्क का प्रदर्शन कमजोर रहा, वही एफएमसीजी क्षेत्र के शेयरों में तेजी रही।

इससे पहले आज सुबह बाजार की शुरुआत गिरावट के साथ हुई, लेकिन जल्दी ही बाजार में तेजी लौट आई। सेंसेक्स 70 अंकों की गिरावट के साथ 80,010 पर खुला पर जल्द ही यह 197 अंकों की बढ़त के साथ 80,277.90 पर पहुंच गया। इसी तरह निफ्टी 50 ने 24,466 से शुरुआत की और बढ़कर 24,530 पर कारोबार करने लगा। वैश्विक बाजारों की बात करें तो हांगकांग और चीन के बाजारों में तेजी रही, जबकि जापान और दक्षिण कोरिया के बाजारों में हल्की कमजोरी दर्ज की गई। अमेरिका में एसएंडपी 500 और नेस्डेक रिकॉर्ड स्तरों पर बंद हुए। एशियाई बाजारों में मिला-जुला कारोबार देखने को मिला। मेनलैंड चीन का सीएसआई 300 इंडेक्स 0.12 फीसदी, हांगकांग का हैंगसेंग 0.39 फीसदी बढ़ा। हालांकि, दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.04 फीसदीनीचे रहा। टोक्यो कोर कंज्यूमर वैल्यू इंडेक्स (सीपीआई) में एक साल पहले की तुलना में 2.5 फीसदी की वृद्धि के बाद जापान का निक्केई भी 0.39 फीसदीगिर गया। देश की बेरोजगारी दर भी जुलाई में घटकर 2.3 फीसदी रह गई, जो पिछले महीने 2.5 फीसदी थी।वॉल स्ट्रीट इंडेक्स एसएंडपी 500 और डॉव जोन्स रिकॉर्ड हाई एंड पर बंद हुए। एसएंडपी 500 इंडेक्स और टेक्नॉलिजी फोकस नैस्डैक क्रमशः 0.32 फीसदी और 0.53 फीसदी बढ़कर बंद हुए।

## इंडियन बेवरेज का सरकार से सॉफ्ट ड्रिंक पर जीएसटी घटाने का आग्रह



**नई दिल्ली ।** कोका-कोला, पेप्सिको जैसी कंपनियों के निकाय इंडियन बेवरेज एसोसिएशन ने सरकार से कोल्ड ड्रिंक और अन्य पेय पदार्थों पर जीएसटी घटाकर 18 प्रतिशत करने का अनुरोध किया है। वर्तमान में इन पेय पदार्थों पर 28 प्रतिशत जीएसटी और अहितकर वस्तुओं के मामले में लगने वाले 12 प्रतिशत अतिरिक्त कर लगता है। जीएसटी में व्यापक सुधारों के तहत सरकार ने जीएसटी को दो स्लैब (पांच प्रतिशत और 18 प्रतिशत) में बदलने का प्रस्ताव किया है। इसके अलावा, महंगी कारों और अहितकर वस्तुओं जैसी चुनिंदा वस्तुओं पर 40 प्रतिशत की विशेष दर लागू होगी। वर्तमान में, जीएसटी के चार स्लैब 5, 12, 18 और 28 प्रतिशत हैं। इंडियन बेवरेज एसोसिएशन (आईबीए) ने कहा कि इस क्षेत्र के लिए जीएसटी को युक्तिसंगत बनाने से उत्पाद अधिक किफायती होंगे, इस क्षेत्र में निवेश बढ़ेगा और 2030 तक सालाना 1.2 लाख नई नौकरियां भी सृजित होंगी। आईबीए ने अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों के लिए सरकार की सराहना करते हुए कहा कि पुनर्वर्गीकरण, जीएसटी युक्तिसंगत बनाने और इस श्रेणी को एक मानक जीएसटी दर में रखने से इस क्षेत्र की वास्तविक क्षमता का पता चलेगा, जिससे निवेश, रोजगार, किसानों को समर्थन और भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए समावेशी विकास को बढ़ावा मिलेगा। कोका-कोला, पेप्सिको, रिलायंस, बिसलेरी, डाबर और रेड बुल जैसी प्रमुख कंपनियां आईबीए के सदस्य हैं। आईबीए ने कहा` कि जीएसटी दरों को तर्कसंगत बनाने से 2030 तक सालाना 1.2 लाख नए रोजगार पैदा हो सकते हैं, जिससे ग्रामीण आजीविका को और बढ़ावा मिलेगा। हाल के वर्षों में, इस क्षेत्र ने 50,000 करोड़ रुपए का निवेश किया है और 85,000 करोड़ रुपए के अतिरिक्त निवेश की योजना बना रहा है।

# महिंद्रा ने अपना एनयू-आईक्यू मॉड्यूलर प्लेटफॉर्म पेश किया

**नई दिल्ली ।**

हाल ही में महिंद्रा ने अपना एनयू-आईक्यू मॉड्यूलर प्लेटफॉर्म पेश किया है। नई एसयूवीएस को फ्लेक्स फ्यूल इंजन के साथ तैयार किया जाएगा। शुरुआती दौर में इन्हें खासतौर पर ई 30 फ्यूल के हिसाब से ट्यून किया जाएगा। इथेनॉल के इस्तेमाल के लिए इंजनों में खास बदलाव जरूरी होते हैं। इसके लिए गाड़ियों में इथेनॉल सेंसर्स लगाए जाते हैं, जो फ्यूल ब्लेंड की मात्रा मापते हैं।

ठंडे मौसम में इंजन आसानी से स्टार्ट हो सके, इसके लिए फ्यूल रेल और इंजेक्टर हीटर्स का इस्तेमाल किया जाता है। साथ ही इंजन के पाट्‌र्स को ऐसे मटेरियल से बनाया जाता है, जो इथेनॉल के असर को झेल सके। महिंद्रा के अलावा अन्य कंपनियां भी इस टेक्नोलॉजी पर काम कर रही हैं। मारुति सुजुकी वैगनआर का फलेक्स फयूल प्रोटोटाइप ला चुकी है, टाटा पंच का ई 85-रेडी मॉडल ला रही है, हुंडई क्रेटा फ्लेक्स फ्यूल इंजन पर काम कर रही है और टोयोटा इनोवा हाईक्रॉस को ई 20-रेडी बना रही है।



फ्लेक्स फ्यूल इंजन ग्राहकों और सरकार दोनों के लिए फायदेमंद रहेंगे। उपभोक्ताओं को सस्ता ईंधन मिलेगा, वहीं देश की पेट्रोल पर निर्भरता घटेगी और प्रदूषण में कमी आएगी। बता दें कि भारतीय ऑटोमोबाइल सेक्टर अब वैकल्पिक ईंधन की ओर बढ़ रहा है। सरकार का लक्ष्य है कि 2030 तक देशभर में ई 30 फ्यूल यानी 30 प्रतिशत इथेनॉल और 70प्रतिशतपेट्रोल का मिश्रण लागू किया जाए। इसी दिशा में महिंद्रा ने अपनी आने वाली एसयूवी में फ्लेक्स फ्यूल इंजन लाने की घोषणा की है। फ्लेक्स फ्यूल इंजन ऐसे पेट्रोल इंजन होते हैं जो पेट्रोल के अलावा इथेनॉल ब्लेंडेड फ्यूल जैसे ई 20 और ई 30 पर भी आसानी से चल सकते हैं।



## सोने की कीमतों में तेजी, चांदी में गिरावट

**मुंबई ।** सोने की कीमतों में शुक्रवार को तेजी देखने को मिल रही है। एमसीएक्स पर सोने की कीमत 1,02,136 रुपए प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रही है। चांदी की बात करें तो इसमें 0.09 फीसदी की गिरावट आई है, ये 1,17,068 रुपए प्रति किग्रा पर है। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में गुरुवार को सोने की कीमत 300 रुपए बढ़कर 1,01,570 रुपए प्रति 10 ग्राम रही। कारोबारियों ने कहा कि इसके अलावा, कमजोर डॉलर, फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दर में कमी की उम्मीद और शुल्क घटनाक्रमों ने कीमतों में उतार-चढ़ाव को बढ़ावा दिया है। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, पिछले कारोबारी सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,01,270 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। स्थानीय बाजार में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना गुरुवार को 200 रुपए बढ़कर 1,01,000 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया। बुधवार को यह 1,00,800 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। गुरुवार को चांदी की कीमत अपने सर्वकालिक उच्चतम स्तर 1,20,000 रुपए प्रति किलोग्राम पर अपरिवर्तित रहीं।

# भारत-जापान ने दुनिया को दिया स्पष्ट संदेश- एकध्रुवीय दबाव की राजनीति अब टिकाऊ नहीं रही



नीरज कुमार दुबे

देखा जाये तो अमेरिका द्वारा लगाए गए 50 प्रतिशत तक के टैरिफ ने भारत के कई क्षेत्रों पर दबाव डाला है। किन्तु, टोक्यो में प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन ने यह दिखा दिया कि भारत अब वैश्विक दबाव से भयभीत नहीं, बल्कि अवसर तलाशने वाला देश है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जापान यात्रा केवल एक कूटनीतिक पड़ाव भर नहीं है। यह यात्रा उस ऐतिहासिक मोड़ का संकेत है जहाँ भारत और जापान मिलकर एशिया ही नहीं, बल्कि पूरे वैश्विक परिदृश्य को प्रभावित करने वाले साझेदार के रूप में उभर रहे हैं। टोक्यो में भारत-जापान आर्थिक मंच पर प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन ने यह स्पष्ट कर दिया कि भारत अब अपने आर्थिक, सामरिक और भू-राजनीतिक विकल्पों को लेकर कहीं अधिक आत्मविश्वासी और निर्णायक हो चुका है।
देखा जाये तो अमेरिका द्वारा लगाए गए 50 प्रतिशत तक के टैरिफ ने भारत के कई क्षेत्रों पर दबाव डाला है। किन्तु, टोक्यो में प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन ने यह दिखा दिया कि भारत अब वैश्विक दबाव से भयभीत नहीं, बल्कि अवसर तलाशने वाला देश है। मोदी ने बिना नाम लिए यह संदेश अमेरिका को दिया कि भारत किसी एक बाजार या शक्ति पर निर्भर नहीं रहेगा। जापान में दिया गया यह भाषण वस्तुतः आर्थिक स्वायत्तता का घोषणापत्र था। सुधार, पारदर्शिता, राजनीतिक स्थिरता और नीति की प्रेडिक्टेबिलिटी पर बल देकर मोदी ने निवेशकों को यह विश्वास दिलाया कि भारत उनके लिए न केवल सुरक्षित, बल्कि लाभकारी गंतव्य है।
हम आपको यह भी बता दें कि अमेरिका इन दिनों अपने आर्थिक और सामरिक हितों के लिए लगभग हर देश पर दबाव बनाने की नीति पर चल रहा है। कभी वह 50% तक का टैरिफ लगाकर व्यापार को नियंत्रित करता है, तो कभी तकनीकी निर्यात और डॉलर प्रणाली के माध्यम से देशों को अपनी शर्तें मानने पर मजबूर करता है। यह नीति भले ही अमेरिका को अल्पकालिक लाभ दे, लेकिन लंबे समय में यह वैश्विक असंतोष और नए गठबंधनों को जन्म दे रही है। देखा जाये तो 21वीं सदी का एशिया अब केवल 'बाजार' नहीं रह गया है। चीन के बढ़ते प्रभाव, भारत के उदय और जापान की तकनीकी ताकत ने अमेरिका की एकतरफा दबाव नीति को चुनौती दी है। एशिया की यह नई तस्वीर इस सदी को सचमुच 'एशियाई सदी' बनाने की दिशा में आगे बढ़ा रही है।
भारत और जापान के बीच साझेदारी अमेरिकी दबाव का सबसे ठोस जवाब है। जापान की तकनीक और भारत का विशाल बाजार मिलकर वैकल्पिक सप्लाई चेन खड़ा कर सकते हैं। सेमीकंडक्टर, एआई, क्वांटम और न्यूक्लियर ऊर्जा में संयुक्त पहल अमेरिका की तकनीकी पकड़ को संतुलित कर सकती है। इसके अलावा, हिंद-प्रशांत क्षेत्र में यह साझेदारी चीन और अमेरिका दोनों के वर्चस्ववादी रुख को संतुलित करेगी।



भारत-जापान का सहयोग दुनिया को यह स्पष्ट संदेश देता है कि एकध्रुवीय दबाव की राजनीति अब टिकाऊ नहीं रही। एशियाई सहयोग ही वैश्विक स्थिरता का आधार बनेगा। साथ ही साझेदारी और सह-समृद्धि का मॉडल, दबाव और एकाधिकार से कहीं अधिक व्यवहार्य है। इसमें कोई दो राय नहीं कि अमेरिका जितना दबाव बढ़ाएगा, भारत और जापान जैसे साझेदार उतनी ही मजबूती से वैकल्पिक गठजोड़ खड़े करेंगे। इस साझेदारी में केवल द्विपक्षीय हित ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के लिए एक संदेश छिपा है– भविष्य दबाव और एकाधिकार का नहीं, बल्कि सहयोग और साझा समृद्धि का है।
भारत-जापान संबंधों की मजबूती की बात करें तो आपको बता दें कि 'जापान टेक्नोलॉजी पावरहाउस है और भारत टैलेंट पावरहाउस' है, यह कह कर प्रधानमंत्री मोदी ने दोनों देशों के बीच भविष्य की साझेदारी का खाका पेश कर दिया है। देखा जाये तो ऑटोमोबाइल सेक्टर में जिस प्रकार जापानी तकनीक और भारतीय बाजार ने सफलता का मॉडल पेश किया, वैसी ही संभावनाएँ अब सेमीकंडक्टर, रोबोटिक्स, बैटरियों, शिपबिल्डिंग और न्यूक्लियर ऊर्जा में हैं। भारत की विशाल युवा शक्ति और जापान की अनुसंधान क्षमता मिलकर 21वीं सदी की तकनीकी क्रांति को दिशा दे सकती है। यही वह आधार है जिस पर 'एशियाई सदी' की बहुप्रतीक्षित इमारत खड़ी हो सकती है।

### वैश्विक साउथ और एशिया की भूमिका

मोदी का यह वक्तव्य कि 'भारत, जापानी कारोबार के लिए ग्लोबल साउथ का स्प्रिंगबोर्ड है' केवल कूटनीतिक विनम्रता नहीं, बल्कि एक गहरी रणनीति का भी संकेत है। चीन के बढ़ते प्रभाव और अमेरिका के संरक्षणवादी रुख के बीच भारत-जापान साझेदारी विकासशील देशों के लिए एक नया विकल्प है। इसके अलावा, अफ्रीका, एशिया और लैटिन अमेरिका में भारत की स्वीकृति और जापान की पूंजी मिलकर वह शक्ति-संतुलन तैयार कर सकते हैं, जिसकी आज दुनिया को आवश्यकता है। यह साझेदारी चीन के ह्लबेल्ट एंड रोड इनिशिएटिवह्व के विकल्प के रूप में भी देखी जा सकती है।

### भारत की वैश्विक छवि : एक विश्वसनीय ध्रुव

मोदी ने अपने भाषण में भारत की आर्थिक उपलब्धियों को गिनाते हुए बताया कि 18% वैश्विक वृद्धि में योगदान, 700 अरब डॉलर का विदेशी मुद्रा भंडार, कम महँगाई, कम ब्याज दरें और मजबूत बैंकिंग प्रणाली, ये आंकड़े केवल सांख्यिकी नहीं हैं; यह उस विश्वसनीयता का प्रमाण हैं, जो आज भारत को निवेशकों की पहली पसंद बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि पश्चिम के अनेक देशों में जहाँ अस्थिरता और मंदी का माहौल है, वहीं भारत एक स्थिर, पारदर्शी और ऊर्जावान अर्थव्यवस्था के रूप में उभर रहा है।

### अमेरिका और चीन को संदेश

इस यात्रा के राजनीतिक संदेश को अनदेखा नहीं किया जा सकता। अमेरिका के लिए संदेश यह था कि भारत केवल दबाव झेलने वाला बाजार नहीं, बल्कि वैश्विक साझेदारों के साथ स्वतंत्र रणनीति बनाने वाला राष्ट्र है। चीन के लिए संदेश यह था कि एशिया में अकेले उसकी दावेदारी नहीं है। जापान और भारत मिलकर एक वैकल्पिक ध्रुव बना सकते हैं, जो 'एशियाई सदी' को बहुध्रुवीय बनाएगा।
देखा जाये तो भारत-जापान संबंधों में यह नया अध्याय केवल निवेश या कारोबार तक सीमित नहीं है। यह एक रणनीतिक दृष्टि का हिस्सा है, जहाँ दोनों देश एशिया और विश्व के भविष्य को परिभाषित करने की भूमिका निभा सकते हैं। मोदी की यह यात्रा ऐतिहासिक इसलिए है क्योंकि इसमें आर्थिक सहयोग को रणनीतिक साझेदारी का रूप दिया गया, अमेरिकी दबाव के बीच भारत की आत्मनिर्भरता का संदेश दिया गया और यह संकेत भी दिया गया कि आने वाली सदी केवल पश्चिम की नहीं, बल्कि एशिया की भी होगी। प्रधानमंत्री मोदी का यह जापान दौरा उस बड़े बदलाव का प्रतीक है, जिसमें भारत अब विश्व व्यवस्था का 'पार्टिसिपेंट' नहीं, बल्कि 'शेपिंग पावर' बनता जा रहा है।

## संपादकीय

### पीड़ादायक कारावास

सुप्रीम कोर्ट ने आपराधिक मुकदमे को बेवजह लंबा खींचने को पीड़ादायक बताते हुए इसे मानसिक कारावास के समान कहा। भ्रष्टाचार के मामले में सजा को घटा कर जेल में बिताई अवधि तक सीमित कर दिया। दोषसिद्धि की पुष्टि करते हुए पीठ ने मूल जुमार्ने की राशि बढ़ा कर पच्चीस हजार रुपये अधिक कर दी। बाइस साल पहले तीन सौ रुपये रिश्वत मांगने वाली यह महिला 75 वर्ष की हो चुकी है जो केंद्रीय उत्पाद शुल्क में निरीक्षक के पद पर कार्यरत थी। उसे सितम्बर, 2002 में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 के प्रावधानों के तहत दोषी ठहराया गया था और निचली अदालत ने एक वर्ष के कारावास की सजा दी थी। 2010 में फैसले के खिलाफ मद्रास हाई कोर्ट में उसने अपील की। वहां भी आदेश की पुष्टि के उपरांत दोषी शीर्ष अदालत आई। शीर्ष अदालत में सत्तासी हजार से अधिक मामले लंबित बताए जा रहे हैं। जिला व अधीनस्थ अदालतों में सत्तानबे लाख से अधिक मामले लंबित हैं। लंबित मुकदमों को यथा शीघ्र निपटाने की हिदायतों के बावजूद आरोपी सालों से न्याय के इंतजार में जेलों में बंद हैं जिसके चलते जेलों की हालत भी बेहद खराब है। बेशक, अदालती कार्रवाई में संसाधनों की कमी, जजों की नियुक्ति समेत तमाम दिक्कतें मुंह बाये खड़ी हैं, जिनका निपटान होता नहीं नजर आ रहा। दोषसिद्धि होने से पूर्व हजारों कैदी इस मानसिक पीड़ा से गुजरते हैं। उस पर भी आरोप सिद्ध न होने या पर्याप्त सबूतों के अभाव में रिहा होने पर भी उनकी इस मानसिक दुर्दशा के प्रति किसी को जिम्मेदार नहीं ठहराया जाता। बार-बार चर्चा होती है कि दुदृांत अपराधियों या जालसाजों के अतिरिक्त दोषसिद्धि से पहले कैद में रखने का कोई औचित्य नहीं है। अव्वल तो पेचीदा न हो तो मामलों का निपटान फौरी तौर पर होने की व्यवस्था होनी चाहिए। बिला-वजह मामलों को लंबित रखना पीड़ित और आरोपी, दोनों को मानसिक कारावास के तौर पर पीड़ा देने वाला ही नहीं होता, बल्कि अर्थव्यवस्था और शासन के लिए भी अहितकर साबित होता है। यह मौलिक अधिकारों का भी हरण है। न्याय प्राप्ति में देरी को अन्याय से मुक्त नहीं कहा जा सकता। लंबित वाद दोनों ही पक्षों के लिए मानसिक कारावास सिद्ध होता है। ढेरों मामलों में सजापूर्व कैदी को इस मानसिक कारावास के चलते गहन तनाव झेलना पड़ता है, जिस पर गौर किए जाने की जरूरत है।

## चिंतन-मनन


### दूसरों के दुख से अपना दुख ज्यादा बेहतर

एक कहावत है राजा दुखी, प्रजा दुखी सुखिया का दुख दुना। कहने का अर्थ यह है कि संसार में जिसे देखो वह अपने को दुखी ही कहेगा। राजा का अपना दुख है, प्रजा का अपना और जिसे आप सुखी माने बैठें हैं उससे पूछ कर देंखेंगे तो वह भी अपने दुखों की पोटरी खोलकर अपनी व्यथा गाने लगेगा। लेकिन अगर आपके पास यह विकल्प हो कि आप अपना दुख किसी और को देकर दूसरे का दुख खुद स्वीकार कर लें तब आप कहेंगे कि अपना ही दुख भला है। इस संदर्भ में एक कथा है कि किसी गांव में एक फकीर आये। उनकी विशेषता यह थी कि वे किसी की भी समस्या दूर कर देते थे। उनकी इस विशेषता के बारे जिसे भी पता चला, वह उनके पास दौड़ा आया। अच्छी खासी भीड़ जमा हो गई और लोग जल्दी से जल्दी अपनी समस्या फकीर को बताने की जुगत भिड़ाने लगे। नतीजा यह हुआ कि हर कोई बोलने लगा। कोलाहल मच गया। फकीर ने सभी को चुप होने के लिए कहा। सभी लोग चुप हो गये तब फकीर ने कहा, मैं सबकी समस्या दूर कर दूंगा। आप सब लोग एक-एक कागज पर अपनी समस्या लिखकर लाएं और मुझे दे दें।
कुछ ही देर में कागजों का ढेर लग गया। फकीर ने कागजों को एक टोकरी में रखा और उसे सबके बीच में रख दिया। एक आदमी की तरफ इशारा करके फकीर मे कहा, यहां से शुरू करके सब बारी-बारी से आएंगे और एक-एक कागज उठा लें। ध्यान रहे किसी को अपना कागज नहीं उठाना है। लोग एक-एक कर आए कागज उठा-उठा कर अपनी-अपनी जगह बैठ गए। फकीर ने कहा, अब इस कागज में लिखी किसी दूसरे की समस्या पढ़ो। अगर चाहो तो मैं तुम्हारी समस्या दूर कर दूंगा पर उसके बदले कागज पर लिखी समस्या तुम्हारी हो जाएगी। तुम्हें लगता है कि तुम्हारी समस्या बड़ी है तो उसे दूर करवाकर कागज पर लिखी दूसरे की छोटी-सी समस्या अपना लो। चाहो तो आपस में कागज बदल लो। जब तय कर लो कि अपनी समस्या के बदले कौन सी समस्या लोगे तो मेरे पास आ जाना।
लोगों ने जब अपने पास कागज पर लिखी समस्या पढी तो वे घबरा गए। लोग एक दूसरे से कागज बदल-बदल कर पढ़ रहे थे। हर बार उन्हें लगता कि उनकी समस्या तो जैसी है वैसी है, पर इस नई समस्या का सामना नहीं कर पाएंगे। कुछ देर में हर किसी को समझ आ गया कि उनकी समस्या जैसी भी है उनके अपने जीवन का हिस्सा है और वे उसी का सामना कर सकते हैं। एक-एक कर के लोग चुपचाप वहाँ से चले गये।

# भारत में परिवार और नातेदारीः बदलता परिदृश्य




देवेंद्र कुमार बुड़ाकोटी



स्वतंत्रता के बाद से भारतीय समाज महत्वपूर्ण सामाजिक परिवर्तनों से गुजर रहा है और एक गहन परिवर्तन से गुजर रहा है–जो पश्चिमी आदर्शों, जीवन शैली और सामाजिक-सांस्कृतिक मानदंडों के बढ़ते प्रभाव को दर्शाता है। वैश्वीकरण ने जहाँ भारत के लिए नए अवसरों और विश्वदृष्टिकोणों के द्वार खोले हैं, वहीं इसने पारंपरिक मूल्यों में, विशेष रूप से पारिवारिक संरचना, रिश्तों, व्यक्तिगत पहचान और सामाजिक एकता के संदर्भ में, एक उल्लेखनीय बदलाव भी लाया है। कई वर्षों से, मध्यम वर्गीय परिवारों में, खाना पकाना, बर्तन साफ करना, कपड़े धोना, घर में झाड़ू-पोछा लगाना, घर और बाहर की सफाई करना और घर का काम करना, रोजगार माना जाता रहा है और इस काम को करने वाले व्यक्ति को नौकर या नौकरानी कहा जाता है, इसलिए इन कामों को निम्न वर्ग का काम माना जाता है और नई पीढ़ी को इस काम में कोई रुचि नहीं है। पारिवारिक संरचना में इस सामाजिक परिवर्तन ने क्या रूप धारण किया है और नई पीढ़ी के परिवार का स्वरूप कैसा होगा और भविष्य के बच्चों का पालन-पोषण कैसे होगा और इसके क्या परिणाम होंगे?
संयुक्त राज्य अमेरिका और पश्चिमी दुनिया के अधिकांश हिस्सों में पारिवारिक संरचना में भारी गिरावट आ रही है। पिता, माता, भाई, बहन और दूर के रिश्तेदारों की कभी स्पष्ट भूमिकाएँ अब धुंधली होती जा रही हैं–कौन बाप, कौन माँ, कौन भाई, कौन बहन, कौन रिश्तेदार, यह बताना अब अक्सर मुश्किल हो जाता है। इस संदर्भ में, सामाजिक सीमाओं के बदलने और विस्तार के साथ, सेक्स, कामुकता और यहाँ तक कि अनाचार की अवधारणाएँ भी लचीली हो गई हैं। पश्चिम में इसके परिणाम पहले से ही दिखाई दे रहे हैंः नशीली दवाओं का बढ़ता उपयोग (कानूनी और गैरकानूनी दोनों, कभी-कभी चिकित्सा या मनोरंजन की आड़ में भी), टूटे हुए परिवारों का प्रसार, बेघर होना, किशोरावस्था में गर्भधारण, अविवाहित और एकल माताओं की संख्या में वृद्धि, तलाक आम बात हो जाना, और वृद्धाश्रमों में रहने वाले वृद्धजनों का सामान्य होना। सामाजिक समस्याओं और उनसे जुड़ी कानून-व्यवस्था की चुनौतियों में उल्लेखनीय वृद्धि राज्य के लिए नियमित घटनाएँ हैं। इस विखंडन के मनोवैज्ञानिक, सामाजिक और आर्थिक प्रभाव गहराते जा रहे हैं, जो एक गहन सामाजिक परिवर्तन की ओर इशारा करते हैं–ऐसा परिवर्तन जो पश्चिमी समाजों द्वारा गंभीर चिंतन और संवाद की माँग करता है।
भारत में हम एक गहन परिवर्तन देख रहे हैं–जो पश्चिमी आदर्शों, जीवन-शैली और सामाजिक-सांस्कृतिक मानदंडों के बढ़ते प्रभाव को दर्शाता है। वैश्वीकरण ने जहाँ भारत के लिए नए अवसरों और विश्वदृष्टिकोणों के द्वार खोले हैं, वहीं इसने पारंपरिक मूल्यों, विशेष रूप से पारिवारिक संरचना, रिश्तों, व्यक्तिगत पहचान और सामाजिक सामंजस्य के संदर्भ में, में भी उल्लेखनीय बदलाव लाए हैं। बाहर विवाह, जाति, समुदाय और जातीयता, रिश्तेदारी के समीकरण को बदल रहे हैं।
नौकरी की गतिशीलता, शहरी प्रवास और व्यक्तिगत आकांक्षाओं में वृद्धि के कारण, विशेष रूप से शहरी भारत में एकल परिवारों का उदय तेज हुआ है। इस बदलाव ने परिवारों में दादा-दादी की कमी को बढ़ावा दिया है–जिससे पीढ़ियों के बीच के बंधन और सांस्कृतिक मूल्यों का संचरण कमजोर हो रहा है।
भारत में लिव-इन रिलेशनशिप, विलंबित विवाह और कुछ मामलों में, स्वैच्छिक एकल जीवन का भी उदय हो रहा है। जहाँ अब कई लोग लैंगिक भूमिकाओं, रिश्तेदारी संबंधों और पारंपरिक ज़िम्मेदारियों पर सवाल उठा रहे हैं, वहीं परिवार की भावनात्मक डोर कमजोर होती जा रही है। रिश्तेदारी, जो कभी रक्त और परंपरा से परिभाषित होती थी, अब व्यक्तिगत पसंद और पहचान से आकार ले रही है।
ये बदलाव, हालांकि कई मायनों में प्रगतिशील हैं, अपने साथ एक चुनौती भी लेकर आते हैंः पारंपरिक पारिवारिक भूमिकाओं और ज़िम्मेदारियों का अस्थिर होना, जिससे सामाजिक परिवेश और भी विखंडित हो रहा है।
पश्चिमी दुनिया के अधिकांश हिस्सों में, पारिवारिक संरचना के क्षरण के साथ-साथ तलाक की दर, किशोरावस्था में गर्भधारण, एकल मातृत्व और बेघर होने की दर में भी नाटकीय वृद्धि हुई है। विवाहेतर संबंधों से पैदा हुए बच्चों को सामान्य मानने और घटती विवाह दर के कारण परिवार भावनात्मक रूप से अस्थिर और आर्थिक रूप से कमजोर हो गए हैं। सामाजिक दरारें अब बढ़ती मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं, हिंसक अपराधों और सामुदायिक बंधनों के कमजोर होने के रूप में दिखाई दे रही हैं। एक रूपक के रूप में कहें तो, ठंीा अस्त्री अब पश्चिम में परिवार, विवाह और रिश्तेदारी की पारंपरिक नींव के प्रति बहुत कम सम्मान के साथ मौजूद है। और फिर भी, भारत भी इसी राह पर चलता दिख रहा है, शायद इसके परिणामों को पूरी तरह से स्वीकार किए बिना।
आज के युवाओं में विदेश में शिक्षा प्राप्त करने, विवाह में देरी करने या उसे अस्वीकार करने, या बच्चे पैदा न करने का विकल्प चुनने की संभावना अधिक है। ये निर्णय स्वायत्तता और व्यक्तिगत स्वतंत्रता को दर्शाते हैं, लेकिन समुदाय और पारिवारिक संबंधों से अलगाव को भी बढ़ावा देते हैं।
परिवार का विघटन, व्यक्तिवाद का उदय, उपभोक्तावाद का अतिरेक, तथा सांस्कृतिक मूल्यों का क्षरण, समय के साथ उस सामाजिक ताने-बाने को कमजोर कर सकता है जिसने ऐतिहासिक रूप से भारतीय समाज को एक सूत्र में बांधे रखा है। भारत अपनी आधारभूत सामाजिक संरचनाओं को नष्ट किए बिना लैंगिक समानता, व्यक्तिगत स्वतंत्रता और नवाचार जैसे आधुनिक मूल्यों को अपना सकता है। इसकी कुंजी चयनात्मक आत्मसातीकरण में निहित है–अपनी पारंपरिक प्रणालियों की खूबियों को बरकरार रखते हुए, पुरानी या अन्यायपूर्ण व्यवस्थाओं में सुधार लाना। शहरी भारतीय मध्यम वर्ग भले ही यह मानता हो कि भारतीय समाज तेजी से पश्चिमी पारिवारिक ढाँचे की ओर बढ़ रहा है, लेकिन हमारा विशाल ग्रामीण समाज अपने सांस्कृतिक लोकाचार में निहित है और यहीं भारत का निवास है।

# ज्योतिष : प्राचीव विद्या की गरिमा पर खतरा



रजनीश कपूर

आज के डिजिटल युग में, जहां सोशल मीडिया और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स ने सूचना के प्रसार को अभूतपूर्व गति दी है, ज्योतिष विद्या भी डिजिटल क्रांति का हिस्सा बन गई है। यूट्यूब, इंस्टाग्राम, और अन्य सोशल मीडिया मंचों पर ज्योतिष से संबंधित वीडियो की बाढ़ सी आ गई है। इनमें से कई वीडियो दावा करते हैं कि वे 'त्वरित सफलता' के मंत्र, उपाय या टोटके प्रदान करते हैं, जो कुछ ही दिनों में जीवन की समस्याओं को हल कर सकते हैं। पारंपरिक और अनुभवी ज्योतिषी, जो जन्म कुंडली के गहन विश्लेषण के बाद ही उपाय सुझाते हैं, की विश्वसनीयता की तुलना में ये तथाकथित 'त्वरित उपाय' कितने प्रभावी हैं?
सोशल मीडिया पर उपलब्ध ज्योतिषीय वीडियो में अक्सर आकर्षक शीर्षक देखने को मिलते हैं-'तीन दिन में धन प्राप्ति का चमत्कारी उपाय' या ह्यइस मंत्र से बदल जाएगी आपकी किस्मत।' ये वीडियो आम तौर पर छोटे, तेजी से संपादित और मनोरंजक होते हैं, जो दर्शकों का ध्यान तुरंत खींचते हैं। इनमें बताए गए उपाय सरल और त्वरित लगते हैं, जैसे किसी विशेष रंग का धागा बांधना, कोई मंत्र जपना, या किसी वस्तु को घर में रखना। वृंदावन में कई वर्षों से ज्योतिष विद्या कर रहे सुप्रसिद्ध आचार्य राजेश पांडे के अनुसार, 'इन उपायों का कोई वैदिक या ज्योतिषीय आधार नहीं होता। ज्योतिष जटिल विद्या है, जिसमें ग्रहों, नक्षत्रों और कुंडली के बारह भावों का गहन अध्ययन शामिल होता है। किसी व्यक्ति की जन्म कुंड़ली का विश्लेषण किए बिना सामान्य उपाय देना न केवल गैर-जिम्मेदाराना है, बल्कि लोगों को गलत दिशा में ले जा सकता है।' आचार्य पांडे कहते हैं, 'ऐसे वीडियो का उद्देश्य अक्सर दर्शकों की भावनाओं को भुनाना होता है। कम समय में ज्योतिष विद्या कभी नहीं सीखी जा सकती।' विशेषज्ञों के अनुसार, प्रामाणिक और अनुभवी ज्योतिषी किसी भी उपाय को सुझाने से जन्म कुंडली का गहन अध्ययन करते हैं। ज्योतिष शास्त्र में प्रत्येक व्यक्ति की कुंडली अलग होती है, जो उनके जन्म के समय ग्रहों की स्थिति पर आधारित होती है। कुंडली में ग्रहों के गोचर, दशा, अंतर्दशा और विभिन्न योगों का विश्लेषण करके ही तय किया जाता है कि व्यक्ति को किस प्रकार के उपाय की आवश्यकता है। किसी व्यक्ति की कुंडली में शनि की साढ़े साती चल रही है, तो ज्योतिषी विशिष्ट मंत्र, दान, या पूजा की सलाह दे सकते हैं, जो उसकी स्थिति के लिए उपयुक्त हो। यह प्रक्रिया समय लेने वाली और जटिल होती है, लेकिन अधिक विश्वसनीय और प्रभावी होती है। यह विचारणीय है कि क्या त्वरित सफलता के मंत्र देने वाले वीडियो केवल लोकप्रियता बढ़ाने का हथकंडा हैं। सोशल मीडिया पर व्यूज, लाइक्स और सब्सक्राइबर्स की संख्या सीधे तौर पर आय से जुड़ी होती है। इसलिए, कई अनुभवहीन या स्वयंभू ज्योतिषी आकर्षक और सनसनीखेज सामग्री बना कर दर्शकों को लुभाने की कोशिश करते हैं। वे जटिल ज्योतिषीय सिद्धांतों को सरल और त्वरित समाधानों में बदल देते हैंङ्क जो वास्तव में ज्योतिष शास्त्र की गहराई को कमजोर करते हैं। आचार्य पांडे के अनुसार, 'कुछ लोग सतही जानकारी के आधार पर वीडियो बनाते हैं, जो किताबों, इंटरनेट, या अन्य स्रोतों से ली गई होती हैं। कई स्वयंभू ज्योतिषियों के पास न तो औपचारिक प्रशिक्षण होता है, और न ही गहन अनुभव। फिर भी, वे अपने आत्मविश्वास, आकर्षक प्रस्तुति और मार्केटिंग रणनीतियों के दम पर लाखों दर्शकों तक पहुंच जाते हैं। यह न केवल ज्योतिष की विश्वसनीयता को कम करता है, बल्कि उन लोगों को भी निराश करता है, जो इन उपायों पर भरोसा करते हैं।' ज्योतिष प्राचीन और सम्मानित विद्या है, जिसका उपयोग सदियों से लोगों के मार्गदर्शन के लिए किया जाता रहा है, लेकिन इस तरह के भ्रामक वीडियो इसकी साख को नुकसान पहुंचा रहे हैं। जब लोग इन तथाकथित उपायों को आजमाते हैं, और उन्हें कोई लाभ नहीं मिलता, तो वे न केवल उन वीडियो पर विश्वास खो देते हैं, बल्कि ज्योतिष शास्त्र पर ही सवाल उठाने लगाते हैं।
यह उन अनुभवी ज्योतिषियों के लिए भी चुनौती बनता है, जो वषाङ्ु के अध्ययन और अभ्यास के बाद लोगों की मदद करते हैं। अंत में, कहना गलत नहीं होगा कि



त्वरित सफलता के मंत्र देने वाले ज्योतिषीय वीडियो अधिकांशतः भ्रामक और लोकप्रियता के लिए बनाए जाते हैं। लोगों की भावनाओं और आशाओं का शोषण करते हैं, वो भी बिना किसी ठोस आधार के। दूसरी ओर, प्रामाणिक ज्योतिषी, जो कुंडली के गहन विश्लेषण के बाद उपाय सुझाते हैं, अधिक विश्वसनीय और प्रभावी होते हैं। ज्योतिष विज्ञान और कला का मिश्रण है, जो तभी प्रभावी होता है, जब इसे गंभीरता और जिम्मेदारी से अपनाया जाए। त्वरित सफलता का लालच छोड़कर हमें धैर्य और समझदारी के साथ सही मार्गदर्शन की तलाश करनी चाहिए। तभी हम ज्योतिष के वास्तविक लाभों को प्राप्त कर सकते हैं, और इस प्राचीन विद्या की गरिमा को बनाए रख सकते हैं। (लेख में विचार निजी हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### सिएटल में भारतीय वाणिज्य दूतावास का नया कार्यालय शुरू

**सिएटल, एजेंसी।** अमेरिका में भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा ने सिएटल में भारतीय महावाणिज्य दूतावास के नए कार्यालय का उद्घाटन किया। वाणिज्य दूतावास ने बताया, यह कार्यालय ऐतिहासिक 'फेडरल रिजर्व बिल्डिंग' में 1015 सेकंड एवेन्यू पर स्थित है। इमारत की पहली मंजिल पर सार्वजनिक सेवाओं के लिए वाणिज्य दूतावास अनुभाग है और 11वीं मंजिल पर प्रशासनिक एवं वाणिज्यिक शाखाएं हैं।

### इमरान की पार्टी करेगी उपचुनाव का बहिष्कार

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी राष्ट्रीय व प्रांतीय विधानसभाओं के आगामी उपचुनाव का बहिष्कार करेगी। खान अभी जेल में बंद हैं। नौ मई, 2023 के दंगों में संलिप्तता के लिए खान की पार्टी (पीटीआई) के नेताओं को दोषी ठहराने के बाद नेशनल असेंबली और प्रांतीय विधानसभाओं की कई सीट खाली हो गई थीं। उपचुनावों का बहिष्कार का फैसला पार्टी की राजनीतिक समिति ने लिया। इस निर्णय के बाद, पीटीआई ने नेशनल असेंबली की सभी स्थायी समितियों से इस्तीफा दे दिया।

### फ्लोरिडा के गवर्नर बोले, एच-1बी वीजा एक घोटाला

**वाशिंगटन, एजेंसी।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी के कई नेताओं में एच-1बी वीजा के खिलाफ आवाज बुलंद करने वालों में फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डेसेंटिस भी जुड़ गए हैं। उन्होंने एच-1बी वीजा को एक घोटाला कार्यक्रम बताया। वह बोले, इसका कारण अमेरिकियों की बढ़ती छंटनी है, ताकि विदेशी कामगारों के लिए अमेरिका में रोजगार का रास्ता बनाया जा सके। इन दिनों माइक्रोसॉफ्ट, इंटेल समेत कई बड़ी टेक कंपनियों में छंटनी की वजह से एच-1बी वीजा चर्चा में है। डेसेंटिस ने कहा, कंपनियां अमेरिकी कामगारों को नौकरी से निकाल रही हैं और एच-1बी वीजा वालों को सस्ते में काम पर लिया जा रहा है।

### सूडान मानवीय संकट पर यूनिसेफ ने दी चेतावनी

**खार्तूम, एजेंसी।** सूडान के पश्चिमी छोर पर बसे शहर एल-फाशेर से जुड़े एक अनुमान के मुताबिक यहां लगभग 2.6 लाख लोग रहते हैं। इनमें आधे बच्चे हैं। भयानक मानवीय संकट का सामना कर रहे इस शहर के हालात पर संयुक्त राष्ट्र ने चिंता जताई है। शहर में 16 महीने से सहायता बंद होने के कारण लोग भूख, बीमारी और हिंसा से जूझ रहे हैं। यूनिसेफ ने चेतावनी दी है कि करीब 6,000 बच्चे गंभीर कुपोषण के कारण मौत की कगार पर हैं। एल-फाशेर दारफुर क्षेत्र में सेना का अंतिम गढ़ माना जाता है। अप्रैल 2024 से ही अर्धसैनिक बल रैपिड सपोर्ट फोर्सेज ने यहां की घेराबंदी कर रखी है। यूनिसेफ ने कहा कि मानवीय सहायता को रोकना बच्चों के अधिकारों का गंभीर उल्लंघन है। यूनिसेफ ने मदद के मार्ग तत्काल खोले जाने की मांग की। बता दें कि सूडान में अप्रैल 2023 से सेना और ऋस्स्न के बीच युद्ध छिड़ा है। अब तक लाखों लोग विस्थापित हो चुके हैं। हजारों लोग मारे गए हैं। अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय यहां होने वाले अत्याचारों की जांच कर रहा है।

### नए कोविड टीकों को एफडीए से मंजूरी, फिलहाल सीमित इस्तेमाल

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी दवा नियामक-एफडीए ने नए कोविड टीकों को मंजूरी दी है। फिलहाल इसके सीमित इस्तेमाल की अनुमति होगी। अमेरिकी नियामकों ने नई वैक्सीन को मंजूरी देने के संबंध में कहा कि अपडेट किए गए कोविड-19 टीकों को मंजूरी दी गई है, लेकिन अब उनका उपयोग सीमित कर दिया गया है। नई शर्तों के मुताबिक फाइजर, मॉडर्ना और नोवावैक्स के नए टीके सभी वरिष्ठ नागरिक लगवा सकते हैं। बच्चों, किशोरों और वयस्कों को ये टीके केवल तभी लगाए जाएंगे जब उन्हें अस्थमा, मोटापा जैसी गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं या कोई उच्च जोखिम हो। एफडीए ने बताया, अब पांच साल से कम उम्र के बच्चों के लिए फाइजर टीके का इस्तेमाल नहीं किया जा सकेगा। अब केवल मॉडर्ना का टीका लगाया जा सकेगा, वह भी केवल गंभीर स्वास्थ्य समस्या से जूझ रहे बच्चों को। नोवावैक्स का टीका 12 वर्ष से अधिक उम्र वालों को ही लगाया जा सकेगा। नई नीति को लेकर कई अमेरिकी चिकित्सा संगठनों ने आपत्ति भी जताई है। इनका कहना है कि बच्चों पर सीमित इस्तेमाल, बीमा कवरेज और राज्यों के कानूनों के चलते टीकों का इस्तेमाल जटिल हो सकता है। बिना बीमा वाले लोगों को वैक्सीन के लिए लगभग 150 डॉलर तक भुगतान करना पड़ सकता है।

# चीन की विक्ट्री-डे परेड में शामिल होंगे पुतिन और किम जोंग उन, 26 विदेशी नेता मौजूद रहेंगे, जापान ने जताई नाराजगी

**बीजिंग, एजेंसी।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिरि पुतिन और नॉर्थ कोरियाई तानाशाह किम जोंग उन 3 सितंबर को चीन के विक्ट्री-डे परेड में शामिल होंगे। चीनी सरकार के मुताबिक इस कार्यक्रम में 26 विदेशी नेता हिस्सा लेंगे। यह परेड बीजिंग में होगी। इनमें तुर्किये के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन, इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो, मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम और वियतनाम के प्रधानमंत्री फाम मिन्ह चिन्ह भी शामिल हैं।

चीन इसे सेकेंड वर्ल्ड वॉर में जापानी आक्रमण के खिलाफ चीन के जवाबी हमले की वर्षगांठ के तौर पर मनाता है। हालांकि इस परेड को लेकर चीन और जापान के बीच विवाद छिड़ गया है। जापान ने ग्लोबल लीडर्स से इसमें शामिल न होने की अपील की थी। इसके बाद चीन ने जापान के खिलाफ आधिकारिक राजनयिक विरोध दर्ज कराया। चीन के विदेश उपमंत्री होंग लेई ने बताया कि राष्ट्रपति शी जिनपिंग के निमंत्रण पर ये सभी नेता शामिल होंगे। परेड का आयोजन शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन के ठीक बाद होगा, जो 31 अगस्त और 1 सितंबर को तियानजिन शहर में होने वाला है।




**जापान के आक्रमण के खिलाफ जीत की याद में हो रहा आयोजन :** चीन ने गुरुवार को बताया कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन समेत 26 विदेशी नेता 3 सितंबर को चीन में आयोजित होने वाले विजय दिवस (विक्ट्री डे परेड) समारोह में शामिल होंगे। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जापानी आक्रमण के खिलाफ प्रतिरोध युद्ध में चीन की जीत के उपलक्ष्य में इस विजय दिवस परेड का आयोजन किया जा रहा है। हालांकि इस विजय दिवस परेड को लेकर चीन और जापान में कूटनीतिक विवाद हो गया है। जापान ने जहां वैश्विक नेताओं से चीन के कार्यक्रम में शामिल न होने की अपील की है, वहीं चीन ने जापान के सामने इसे लेकर राजनयिक विरोध दर्ज कराया है। चीन के सहायक विदेश मंत्री होंग लेई ने गुरुवार को बताया कि बीजिंग में चीन के विजय दिवस समारोह में 26 विदेशी नेता शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि इनमें पुतिन और किम भी शामिल हैं। ये नेता चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के निमंत्रण पर बीजिंग जा रहे हैं। होंग ने कहा, चीन 3 सितंबर को जापानी आक्रमण के विरुद्ध चीनी जन प्रतिरोध युद्ध और विश्व फासीवाद-विरोधी युद्ध में विजय की 80वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में एक विशाल सैन्य परेड का आयोजन करेगा।

**एससीओ बैठक के तुरंत बाद होगा परेड का आयोजन :** यह परेड शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन के तुरंत बाद बीजिंग में आयोजित की जा रही है। शंघाई सहयोग संगठन की बैठक का आयोजन, 31 अगस्त और 1 सितंबर को तियानजिन शहर में होने वाला है। पिछले हफ्ते, चीन के सहायक विदेश मंत्री लियू बिन ने एक मीडिया ब्रीफिंग में बताया कि संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस सहित 10 अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रमुखों के अलावा 20 देशों के शीर्ष नेता एससीओ शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी एससीओ बैठक में भाग लेने चीन जाएंगे।

**जापान ने जताई नाराजगी :** एससीओ शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले कई देशों के नेताओं के चीन की विजय दिव परेड में शामिल होने की पुष्टि से जापान नाराज हो गया है। जापानी समाचार एजेंसी क्योदो ने मंगलवार को एक बयान जारी कर कहा कि जापान ने विदेशों में अपने दूतावासों के माध्यम से अन्य देशों को सूचित किया है कि वे चीन के विजय दिवस कार्यक्रमों में शामिल न हों क्योंकि इन कार्यक्रमों में जापान विरोधी भावनाएं हैं।

इस पर चीन ने भी नाराजगी जाहिर की है और जापान में अपने राजदूत के जरिए जापान सरकार के समक्ष राजनयिक विरोध दर्ज कराया है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने कहा, अगर जापान सचमुच इस ऐतिहासिक मुद्दे को बदलना चाहता है, तो उसे अपने आक्रामक इतिहास का ईमानदारी से सामना करना चाहिए और उस पर चिंतन करना चाहिए, सैन्यवाद से पूरी तरह नाता तोड़ना चाहिए, शांतिपूर्ण विकास के मार्ग पर चलना चाहिए और चीन तथा अन्य पीड़ित देशों के लोगों की भावनाओं का सम्मान करना चाहिए।

## इंटरनेट वाले प्यार से मिलने के लिए मौत का झूठा नाटक, नसबंदी भी हटवाई; अब पहुंचा जेल



**मैडिसन, एजेंसी।** अमेरिका में एक व्यक्ति ने अपनी एक महिला मित्र से मिलने के लिए सारी हदें पार कर दी। अपने बच्चों और अपनी पत्नी की परवाह न करते हुए सबसे पहले तो उसने अपनी मौत का झूठा नाटक किया और फिर अपनी नसबंदी को हटवाकर नया पासपोर्ट बनवाया और उज्बेकिस्तान की अपनी महिला मित्र से मिलने के लिए निकल पड़ा। हालांकि इसी दौरान उसे रास्ते में गिरफ्तार कर लिया गया और अब उसे 89 दिनों की जेल की सजा सुनाई गई है। यह उतने ही दिन है, जितने दिन तक वह पुलिस और उसके परिवार के लिए लापता या मृत घोषित होकर रहा था।

एबीसी न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक विस्कॉन्सिन के रहने वाले 45 वर्षीय रयान बोर्गवर्ड सोशल मीडिया पर उज्बेकिस्तान की एक महिला के साथ संपर्क में था। उसके पास जाकर अपना जीवन जीने के लिए उसने यह पूरा नाटक किया।

गिरफ्तार किए जाने पर कोर्ट में पेश किए गए रयान ने कहा कि उसे अपने किए कराए पर पछतावा है, उसे दुख है कि उसने अपने प्रियजनों और दोस्तों को परेशान किया। रयान के इस बयान पर बचाव पक्ष के वकील ने अदालत से कहा, ÷अभियुक्त को अपने किए पर पछतावा है और वह उसकी जिम्मेदारी ले रहा है, इसलिए उसकी सजा कम की जाए। स्काई न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक पिछले अगस्त में बोर्गवर्ड ने इस पूरी योजना को अंजाम देना शुरू किया था। उसने अपनी पत्नी से कहा कि वह ग्रीन लेक पर कयाकिंग करने के लिए जा रहा है। इसके बाद वह वहां से लापता हो गया। पुलिस ने शुरुआती जांच में अनुमान लगाया था कि शायद वह डूब गया होगा।

# अमेरिकी स्कूल पर गोलीबारी, 2 बच्चों की मौत

**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी।** अमेरिका के मिनेसोटा राज्य में बुधवार को एक कैथोलिक स्कूल में हुई गोलीबारी में दो बच्चों और हमलावर समेत 3 लोगों की मौत हो गई, जबकि 17 लोग घायल हैं, जिनमें 14 बच्चे हैं। यह घटना उस वक्त हुई जब स्कूल में सामूहिक प्रार्थना सभा चल रही थी। मारे गए दोनों बच्चों की उम्र 8 और 10 साल है। पुलिस ने मीडिया को बताया कि हमलावर ने खुद को गोली मार ली, जिससे उसकी भी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि हादसे के वक्त दोनों बच्चे बेंच पर बैठे थे।



हमलावर के पास तीन हथियार थे - एक राइफल, एक शॉटगन और एक पिस्टल। हमलावर के बंदूकों पर डोनाल्ड ट्रम्प को मार डालो और भारत पर परमाणु बम गिराओ जैसे नारे लिखे थे। दो दिन पहले यानी सोमवार को ही स्कूल की गर्मियों की छुट्टियां खत्म हुई थीं। राष्ट्रपति ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि उन्हें इस घटना की पूरी जानकारी दी गई है। स्नब्क्ष्क्ष ने फौरन कार्रवाई की और वे वहां मौजूद हैं। व्हाइट हाउस हालात पर नजर रख रहा है।

हमलावर की पहचान 23 वर्षीय रॉबिन वेस्टमैन के रूप में हुई है। वेस्टमैन ने 2020 में अपना नाम बदल दिया था। इस हमले की दो वीडियो रोबिन डब्ल्यू नामक यूट्यूब चैनल पर डाले गए थे, लेकिन बाद में वीडियो समेत चैनल भी डिलीट कर दिया गया।

मोबाइल फोन से शूट किए गए लगभग 10 मिनट लंबे वीडियो में हथियारों, गोला-बारूद और भरी हुई मैगजीन का जखीरा दिखाया गया है। मैगजीन पर डोनाल्ड ट्रम्प को मार डालो, ट्रम्प को अभी मार डालो, इजराइल का पतन होना चाहिए, और इजराइल को जला दो जैसे नारे लिखे थे। इनमें से एक हथियार पर 'न्यूक इंडिया' (भारत पर परमाणु हमला) भी लिखा हुआ था। वीडियो में एक परिवार और दोस्तों के नाम एक लेटर भी दिखाया गया है, जिसमें गोलीबारी से उनके लिए जो परिणाम होंगे उसके लिए माफी मांगी गई है। अमेरिकी गृह सचिव क्रिस्टी नोएम ने वीडियो की पुष्टि की है। मैगजीनों पर तुम्हारा ईश्वर कहां है? और बच्चों के लिए भी लिखा हुआ था। एक पर पहले स्कूलों पर गोलीबारी कर चुके शूटरों के नाम और कुछ संदेश लिखे हुए थे। वीडियो में एक समय पर उस व्यक्ति ने एक छोटी बंदूक भी निकाली और कहा, यह मेरे लिए है। अगर मुझे इसकी जरूरत पड़े तो। वीडियो में उस व्यक्ति के परिवार को लिखा एक पत्र भी दिखाया गया, जिसमें गोलीबारी से उनके लिए क्या मायने होंगे? इसके लिए माफी मांगी गई है। लगभग 20 मिनट लंबे दूसरे वीडियो में दो अलग-अलग जर्नल दिखाए गए- पहला 150 से ज्यादा पेजों का था। सभी शायद सिरिलिक वर्णमाला में लिखे हुए थे। दूसरे जर्नल में अंतिम प्रविष्टि की तारीख 8-21-25 थी और यह 60 से ज्यादा पेजों का था। यह भी पूरी तरह से सिरिलिक में लिखा गया था।

अमेरिकी गृह सचिव क्रिस्टी नोएम ने वीडियो की प्रामाणिकता की पुष्टि करते हुए कहा कि बेहद बीमार हत्यारे ने राइफल की मैगजीन पर बच्चों के लिए, तुम्हारा ईश्वर कहां है? और डोनाल्ड ट्रंप को मार डालो जैसे शब्द लिखे थे। उन्होंने एक्स पर लिखा, इस स्तर की हिंसा अकल्पनीय है। अधिकारियों ने कहा कि वेस्टमैन ने हथियार कानूनी तौर पर खरीदे थे, उसका कोई ज्ञात आपराधिक इतिहास नहीं था और उसने अकेले ही यह काम किया। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शोक के प्रतीक के रूप में पूरे देश में अमेरिकी ध्वज आधा झुकाने का आदेश दिया है।

# अमेरिका के लिए अब मैक्सिको ने भी लगाई डाक सेवा पर अस्थायी रोक, नई टैरिफ नीति के कारण लिया फैसला

**मैक्सिको सिटी, एजेंसी।** मैक्सिको ने बुधवार को कहा कि वह अस्थायी रूप से अमेरिका को अपने डाक पार्सल भेजना बंद कर रहा है। यह फैसला अमेरिका में कम मूल्य वाले पार्सल पर लगने वाले कर की छूट खत्म होने से पहले लिया गया है, जिसे डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन खत्म करने जा रहा है। इससे पहले यूरोपीय संघ और कुछ अन्य देशों की डाक सेवाओं ने भी ऐसे ही कदम उठा हैं। वह भी अमेरिका के इस नए नियम को लेकर स्पष्ट स्थिति का इंतजार कर रही हैं।



यह फैसला उस समय आया है, जब मैक्सिको और ट्रंप प्रशासन के बीच बीते कई महीनों से वार्ता जारी है, ताकि व्यापक टैरिफ से बचा जा सके। यह डी मिनिमिस छूट के नाम से जानी जाती है, जिसके तहत 800 अमेरिकी डॉलर से कम कीमत वाले पार्सल अमेरिका में बिना टैरिफ के भेजे जा सकते हैं। यह छूट शुक्रवार को खत्म हो रही है। अमेरिकी सीमा शुल्क और सीमा सुरक्षा विभाग के मुताबिक, 2024 में इस छूट के तहत कुल 1.36 अरब पार्सल भेजे गए ते, जिनकी कीमत 64.6 अरब डॉलर थी।

**अमेरिकी अधिकारियों से बात कर रहा मैक्सिको :** मैक्सिको सरकार ने कहा कि उसकी डाक सेवा कोरियोज डी मेक्सिको बुधवार से अमेरिका को पार्सल भेजने की सेवा अस्थायी रूप से रोक रही है। सरकार के बयान में कहा गया, मैक्सिको अमेरिकी अधिकारियों और अंतरराष्ट्रीय डाक संगठनों से बातचीत कर रहा है, ताकि सेवाओं को व्यवस्थित तरीके से दोबारा बहाल किया जा सके, जिससे उपभोक्ताओं का भरोसा बना रहे और वस्तुओं की डिलीवरी में बाधा न आए। इस घोषणा के साथ ही मैक्सिको भी ऑस्ट्रेलिया, जापान समेत उन देशों में शामिल हो गया है, जिन्होंने अमेरिका को पार्सल भेजने की सेवाओं को रोक दिया है, क्योंकि नए आयात कर को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है।

**पत्र नहीं भेज पाए लोग :** युनुएथ हर्नांदेज बुधवार को अपने दो बच्चों को लेकर डाकघर आई थीं, ताकि वह अमेरिका में रहने वाले एक रिश्तेदार को पत्र भेज सकें। वह अपने बच्चों को यह दिखाना चाहती थीं कि पहले लोग कैसे संपर्क करते थे, जब ईमेल और इंटरनेट नहीं हुआ करता था। लेकिन उन्हें निराशा हाथ लगी। उन्होंने कहा, दुर्भाग्य से हम चिट्ठी नहीं भेज पाए, क्योंकि वहां बताया गया कि टैरिफ के कारण अमेरिका को भेजी जाने वाली डाक सेवा रोक दी गई है। डाकघर के बाहर एक महिला रो रही थी क्योंकि वह अपने बॉयफ्रेंड को अमेरिका में दस पन्नों की चिट्ठी और कुछ तस्वीरें नहीं भे पाई।

मैक्सिको ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ बातचीत की कोशिश कर रही है, ताकि टैरिफ को रोका जा सके। इसके लिए उसने देश के ड्रग माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू की है और कई गैंगस्टरों को अमेरिका में मुकदमा चलाने के लिए सौंपा है।

## रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव पर ड्रोन और मिसाइलों से किया हमला, तीन की मौत; 12 घायल

**कीव, एजेंसी।** रूस ने गुरुवार तड़के यूक्रेन की राजधानी कीव पर ड्रोन और मिसाइलों से बड़ा हमला किया, जिसमें कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और 12 अन्य घायल हो गए। कीव के शहरी प्रशासन के प्रमुख तैमूर त्काचेंको ने बताया कि मृतकों में 14 वर्षीय एक किशोर भी शामिल है। त्काचेंको ने कहा कि एक आवासीय इमारत पर सीधा हमला हुआ। उन्होंने बताया कि इस हमले से सबकुछ तबाह हो गया है।

कीव के शहरी प्रशासन के प्रमुख तैमूर त्काचेंको ने प्रारंभिक सूचना के हवाले से बताया कि मृतकों में 14 वर्षीय लड़की भी शामिल है। मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। त्काचेंको ने बताया कि डार्नित्स्की प्रांत में पांच मंजिला आवासीय इमारत पर सीधा हमला हुआ। मध्य कीव में हमले के कारण एक प्रमुख सड़क पर टूटे हुए कांच के टुकड़े बिखर गए।

**20 से अधिक इलाके प्रभावित**

बताया जा रहा है कि इस हमले से राजधानी कीव के 20 से अधिक इलाके प्रभावित हुए हैं। मलबे में फंसे लोगों को निकालने के लिए बचाव दल तुरंत मौके पर पहुंच गया है। राहत और बचाव कार्य जोरों पर है। बता दें कि यह हमला यूक्रेन में तीन साल से चल रहे युद्ध को समाप्त करने की चर्चा के बीच हुआ है। इस महीने की शुरुआत में अलास्का में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की मुलाकात के बाद यह कीव पर अब तक का सबसे बड़ा हमला है।

खबरों के अनुसार, रूसी सेना ने डोनेस्क प्रांत के निप्रोपेट्रोव्स्क क्षेत्र के कई गांवों पर कब्जा कर लिया है। जिस क्षेत्र पर रूसी सेना ने कब्जा किया है, वह यूक्रेन का एक महत्वपूर्ण औद्योगिक क्षेत्र है। यह यूक्रेन का आठवां हिस्सा है जहां रूसी सेना लड़ते हुए आगे बढ़ रही है। साथ ही, डोनेस्क के कई मोर्चों पर रूस और यूक्रेन की सेनाओं के बीच भीषण लड़ाई भी जारी है।

# लिसा कुक की बर्खास्तगी के बाद अब अमेरिका ने सीडीसी निदेशक को हटाया

**वाशिंगटन, एजेंसी।** फेड गवर्नर लिसा कुक की बर्खास्तगी का मामला अभी ठंडा भी नहीं हुआ था कि अमेरिका की शीर्ष सार्वजनिक स्वास्थ्य एजेंसी की निदेशक सुसान मोनारेज को महज एक महीने के भीतर ही पद से हटा दिया गया। इसके साथ ही एजेंसी के कई वरिष्ठ अधिकारियों ने इस्तीफा दे दिया। स्वास्थ्य और मानव सेवा विभाग (एचएचएस) ने बुधवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा कि सुसान मोनारेज अब रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र (सीडीसी) की निदेशक नहीं हैं। हम उनकी अमेरिकी जनता के प्रति समर्पण के लिए धन्यवाद देते हैं। हालांकि, विभाग ने यह स्पष्ट नहीं किया कि उन्हें पद से क्यों हटाया गया।

वाइट हाउस ने बुधवार को घोषणा की कि सीडीसी की निदेशक सुसान मोनारेज को शपथ ग्रहण के एक महीने से भी कम समय में बर्खास्त कर दिया गया। वैक्सीन नीतियों और सार्वजनिक स्वास्थ्य निर्देशों पर बढ़ते तनाव के बीच कई वरिष्ठ अधिकारियों ने इस्तीफा दे दिया। विभाग की घोषणा से पहले सुसान ने एसोसिएटेड प्रेस (एपी) से कहा कि मैं इस पर कोई टिप्पणी नहीं कर सकती। बुधवार शाम उनके वकील मार्क जैद और एबे डेविड लोवेन ने एक बयान जारी किया, जिसमें कहा गया कि मोनारेज ने न तो इस्तीफा दिया और न ही उन्हें सूचित किया गया कि उन्हें हटाया गया है।

बयान में कहा गया, जब सीडीसी निदेशक सुसान ने गलत और बिना वैज्ञानिक आधार वाले आदेश का पालन करने से इनकार किया और ईमानदार डॉक्टरों को नहीं हटाया, तो उन्होंने जनता की सुरक्षा को राजनीति से ऊपर रखा। यही कारण है कि उन्हें निशाना बनाया गया। वकीलों ने आगे कहा, यह सिर्फ एक व्यक्ति का मामला नहीं है। यह हमारे सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थानों को योजनाबद्ध तरीके से कमजोर करने, विशेषज्ञों की आवाज दबाने और विज्ञान का राजनीतिकरण करने की कोशिश है। मोनारेज पर हमला हर अमेरिकी के लिए चेतावनी है कि हमारे वैज्ञानिक तंत्र को अंदर से नष्ट किया जा रहा है। सीडीसी के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने इस्तीफा दे दिया, जिनमें उप निदेशक डॉ डेबरा हौरी, उभरती और जूनोटिक संक्रामक बीमारियों के लिए राष्ट्रीय केंद्र के प्रमुख डॉ डैनियल जर्निगन, और टीकाकरण व श्वसन रोगों के लिए राष्ट्रीय केंद्र के प्रमुख डॉ डेमेट्रे डस्कलाकिस शामिल हैं। डॉ हौरी ने एक ईमेल में लिखा कि बजट कटौती, पुनर्गठन और छंटनी के कारण एजेंसी पर बुरा



असर पड़ा है। उन्होंने कहा कि मैं जनता के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हूं, लेकिन इन बदलते हालात में इस भूमिका को निभाना संभव नहीं समझती। उन्होंने टीकों को लेकर फैली अफवाहों और सीडीसी की संचार क्षमता पर नए प्रतिबंधों का भी उल्लेख किया।

उन्होंने कहा कि देश और दुनिया के कल्याण के लिए सीडीसी में वैज्ञानिक जानकारी को कभी नहीं रोका जाना चाहिए और न ही राजनीति के हिसाब से बदला जाना चाहिए। वहीं, डॉ डस्कलाकिस ने एक अलग ईमेल में लिखा कि मैं अब इस भूमिका में काम नहीं कर सकता, क्योंकि सार्वजनिक स्वास्थ्य को हथियार बनाया जा रहा है। दरअसल, व्हाइट हाउस ने सीडीसी के बजट में लगभग 3.6 बिलियन डॉलर की कटौती की मांग की थी, जिससे 2026 के लिए इसका बजट 4 बिलियन डॉलर रह गया। कैनेडी ने इस साल की शुरुआत में एक छंटनी योजना की घोषणा की थी, जिसके तहत 2,400 सीडीसी कर्मचारियों की छंटनी की गई, हालांकि लगभग 700 को फिर से काम पर रखा गया। बता दें कि तीन दिन पहले फेड गवर्नर लिसा कुक को भी पद से हटा दिया गया था।

### फ्लोरिडा में इंद्रधनुषी क्रॉसवॉक हटाने का विवाद

**फोर्ट लॉडरडेल, एजेंसी।** फोर्ट लॉडरडेल शहर के नेता बुधवार (स्थानीय समयानुसार) को एक आपात बैठक करेंगे। इस बैठक में इस बात पर चर्चा की जाएगी कि राज्य सरकार के आदेश का कैसे जवाब दिया जाए, जिसमें कहा गया है कि सड़कों पर बने इंद्रधनुषी रंग के क्रॉसवॉक और दूसरी स्ट्रीट आर्ट को हटाना होगा। अगर शहर ने ऐसा नहीं किया तो उन्हें लाखों डॉलर की फंडिंग गंवानी पड़ सकती है। यह आदेश फ्लोरिडा के रिपब्लिकन गवर्नर रॉन डेसेंटिस के नेतृत्व वाले परिवहन विभाग ने दिया है। राज्य का कहना है कि सभी क्रॉसवॉक और स्ट्रीट आर्ट अगले महीने तक हटा दिए जाएं। ज्यादातर ये क्रॉसिंग एलजीबीटीक्यू+ एलजीबीटीक्यू+ और अश्वेत समुदाय जैसे हाशिए पर रहने वाले लोगों को सम्मान देने के लिए बनाए गए थे। आलोचकों का कहना है कि डेसेंटिस प्रशासन लगातार एलजीबीटीक्यू+समुदाय के खिलाफ फैसले ले रहा है। इससे पहले भी उन्होंने बच्चों के लिए जेंडर बदलने वाली देखभाल पर रोक लगाई और डोंट से गे नामक कानून बनाया, जिससे स्कूल की कुछ कक्षाओं में यौन पहचान और लिंग पर बात करने पर रोक लग गई।

# लाइफ इंश्योरेंस से पाएं सुनिश्चित रिटर्न्स एवं सुरक्षा का दोहरा लाभ

**22-वर्षीय** राजीव अपनी इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी करने के बाद, पिछले छह महीने से एक एमएनसी में काम कर रहा है। हालांकि, उसका झुकाव फोटोग्राफी की तरफ  है और अधिकांश मिलेनियल्स की तरह, राजीव 40 वर्ष की उम्र तक अपनी नौकरी से रिटायर होकर अपने फोटोग्राफी के पैशन को जारी रखना चाहता है। उसके सपने को सच करने के लिए, उसे अपना एजुकेशन लोन चुकाना होगा, फॉलबैक विकल्प के रूप में उसके पास पर्याप्त विंग्स हो और उसके पास कम-से-कम 1 करोड़ की धनराशि हो। हालांकि राजीव ने विभिन्न वित्तीय उपकरणों का मूल्यांकन करना शुरू कर दिया है, लेकिन उसे गारंटीशुदा रिटर्न्स पाने के लिए अपने फाइनेंसेस को कैसे प्रबंधित करना चाहिए?

हममें से अधिकांश लोग अपने लक्ष्यों को पूरा करने के लिए अपनी मेहनत की कमाई का निवेश करते हैं। हालांकि, आज के आर्थिक परिदृश्य में, यह पता लगाना वास्तव में कठिन हो गया है कि आपकी बचत या निवेश आपके गैरपरक्राम्य लक्ष्यों को पूरा करने में सक्षम होंगे। क्या कोई ऐसा साधन है जो इसकी वापसी की गारंटी दे सकता है और वह भी प्रतिस्पर्धी दर पर?

इस अंतर को पाटने और आवश्यकता को पूरा करने के लिए, लाइफ इंश्योरेंस एक समाधान प्रदान करता है, जो न केवल सुनिश्चित रिटर्न देता है, बल्कि वित्तीय सुरक्षा या जीवन कवर भी प्रदान करता है। इस तरह की योजनाओं को गारंटीकृत जीवन बीमा योजनाओं के रूप में जाना जाता है।

## आपको क्या करना चाहिए?

ऐसी नीतियों की गारंटीकृत वापसी का लाभ उन लोगों के लिए एक बेहतरीन प्रस्ताव के रूप में कार्य करता है, जो अपनी बचत पर सुनिश्चित रिटर्न पाने का इरादा रखते हैं। गारंटीकृत योजनाएं वादे के अनुसार रिटर्न देती हैं। इनमें से अधिकांश योजनाओं में, बीमित व्यक्ति कुछ वर्षों के लिए प्रीमियम का भुगतान करता है और शेष पॉलिसी अवधि के लिए गारंटीड रिटर्न प्राप्त करता है, जबकि, जीवन बीमा कवरेज पॉलिसी की पूरी अवधि के लिए रहता है। ऐसी योजनाएं उन लोगों के लिए उपयुक्त है, जो अस्थिरता पर स्थिरता पसंद करते हैं। योजना की एक और खास बात यह है कि व्यक्ति निवेश लक्ष्यों से मेल खाने के लिए कार्यकाल चुन सकते हैं। यदि आपको अपने बच्चे की शिक्षा, संपत्ति की खरीद के लिए डाउनपेमेंट या अपनी सेवानिवृत्ति के लिए मील के पत्थर के लिए एक विशिष्ट राशि की आवश्यकता है, तो ये योजनाएं आपको रिटर्न की पेशकश कर सकती हैं जो तय और गारंटीकृत हैं।

### प्रीमियम राइडर की छूट के साथ अपनी योजना को मजबूत करें

सभी संभावित जोखिमों को ध्यान में रखना हमेशा विवेकपूर्ण होता है। क्या होगा यदि आप दुर्घटनाओं या गंभीर बीमारी के कारण अपने प्रीमियम का भुगतान करने में असमर्थ हैं? क्या जीवन बीमा प्रीमियम का भुगतान करने में विफलता कवरेज के विलोपन या आपकी वापसी को प्रभावित करेगी? आमतौर पर, बीमा पॉलिसियां प्रीमियम माफी क्लॉज में शामिल होती हैं, लेकिन कुछ मामलों में, प्रीमियम लाभ की छूट प्राप्त करने के लिए एक मामूली अतिरिक्त शुल्क का भुगतान करना होता है। प्रीमियम राइडर की छूट किसी भी आपातकाल की घटना में सहायक होती है, जिसके परिणाम स्वरूप बीमित व्यक्ति को कुल या पर्याप्त हानि होती है। ऐसे में अगर प्रीमियम का भुगतान बंद हो जाता है तो भी पॉलिसीलैप्स नहीं होगी। एक गारंटीकृत रिटर्न जीवन बीमा योजना निश्चित रूप से उन जोखिम-ग्रस्त ग्राहकों के लिए उपयुक्त है जो निवेश के पारंपरिक तरीकों के आदी हैं, क्योंकि उनके पास उच्च और गारंटीकृत रिटर्न अर्जित करने का अवसर है। यहां तक कि जोखिम लेने वाले ग्राहकों के लिए, इक्विटी में निवेश करना, बाजारों में मौजूदा अस्थिरता को देखते हुए, अपने कॉर्पस के एक हिस्से का निवेश कर सकते हैं। पैसे की गारंटी है इसलिए कोई उतार-चढ़ाव नहीं है। यह वास्तव में पॉलिसीधारक के लिए सुनिश्चित रिटर्न और लाइफ कवर के दोहरे लाभों की पेशकश करते हुए बहुत तनाव को दूर करता है।

## सुरक्षा के साथ वापसी का आश्वासन

जीवन बीमा समाधान होने के आधार पर, सुनिश्चित रिटर्न की पेशकश के अलावा गारंटीड रिटर्न योजना सुरक्षा का दोहरा लाभ प्रदान करती है। पॉलिसी अवधि के दौरान बीमाधारक के दुर्भाग्यपूर्ण निधन के मामले में बीमाकवर मृत्यु लाभ प्रदान करता है। ऐसे मामले में, नामित व्यक्ति न केवल उक्त अवधि तक जमा की गई गारंटीकृत राशि प्राप्त करते हैं, बल्कि परिभाषित पॉलिसी राशि एक मुश्त के रूप में भी देते हैं। लाभार्थियों के लिए स्थिर आय के रूप में गारंटीकृत पे-आउट अधिनियम के रूप में कवर काम में आता है। लंबी अवधि के लॉक-इनपीरियड, उच्च कर बचत, निरंतर नकदी प्रवाह और निवेश पर उच्च रिटर्न ऐसी गारंटीकृत रिटर्ननीतियों के कुछ अन्य फायदे हैं।

## सबसे उपयुक्त गारंटीड रिटर्न योजना का विकल्प कैसे चुनें?

किसी को भी अपने और अपने परिवार की आय, बचत, वित्तीय दायित्वों, लक्ष्यों और भविष्य की आवश्यकताओं के विश्लेषण के लिए किसी भी वित्तीय साधन पोस्ट को खरीदना चाहिए। विभिन्न उपलब्ध विकल्पों के साथ तुलना करने और अपनी सेवानिवृत्ति योजना और भविष्य के वित्तीय लक्ष्यों का मूल्यांकन करने के बाद एक गारंटीकृत योजना का चयन किया जाना चाहिए। कुछ गारंटीकृत योजनाएं पॉलिसी अवधि चुनने और उपयुक्त राइडर विकल्पों के साथ अपने बीमाकवर को बढ़ाने के लिए लचीलापन प्रदान करती हैं, यदि पॉलिसी अवधि के दौरान आपके लक्ष्य विकसित होते हैं और अधिक कॉर्पस की आवश्यकता होतीहै।

-**परागराजा,** चीफ डिस्ट्रिब्यूशन ऑफिसर, आदित्य बिड़ला सनलाइफ इंश्योरेंस

# हल्दी लिवर को करती है डिटॉक्सीफाई



हल्दी के औषधीय गुण के रूप में आप इसका इस्तेमाल शरीर को डिटॉक्सीफाई करने के लिए कर सकते हैं। मेरीलैंड मेडिकल सेंटर यूनिवर्सिटी के अनुसार, करक्यूमिन गाल ब्लैडर यानी पित्त मूत्राशय में बाइल (पित्त) के उत्पादन को बढ़ाता है। लिवर इस बाइल का प्रयोग विषैले जीवाणुओं को बाहर निकालने में करता है। इसके अलावा, बाइल के कारण लिवर में जरूरी सेल्स का निर्माण भी होता है, जो हानिकारक तत्वों को खत्म करने का काम करते हैं। करक्यूमिन की डिटॉक्सिफिकेशन प्रक्रिया इतनी प्रभावशाली है कि इसका इस्तेमाल मरकरी के संपर्क में आए व्यक्ति का इलाज करने तक में किया जा सकता है ।

## प्रतिरोधक क्षमता में सुधार

हल्दी के गुण में इसका प्रतिरोधक क्षमता को बेहतर करना भी शामिल है। हल्दी में एंटीइंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो प्रतिरोधक प्रणाली को बेहतर कर सकते हैं। वैज्ञानिक शोध में पाया गया है कि करक्यूमिन हृदय रोग व मोटापे का कारण बनने वाले सेल्स को बनने से रोकता है। साथ ही यह प्रतिरोधक प्रणाली को एक्टिव कर टीबी का कारण बनने वाले हानिकारक बैक्टीरिया को नष्ट कर सकता है। हल्दी में करक्यूमिनोइड्स नामक यौगिक भी होता है, जो टी व बी सेल्स (श्वेत रक्त कोशिकाएं) जैसे विभिन्न इम्यून सेल्स की कार्यप्रणाली को बेहतर करता है।

## रेसिपी



### मसाला मठरी

**सामग्री**

■ मैदा: 2 कप ■ आटा: 1/2 कप ■ कसूरी मेथी: 1 टीस्पून ■ काली मिर्च पाउडर: 1 टीस्पून ■ धनिया पाउडर: 1 टीस्पून ■ सौंफ: 1 टीस्पून ■ जीरा: 1 टीस्पून ■ हींग: 1/4 टीस्पून ■ नमक: स्वाद के अनुसार ■ घी: 2 टीस्पून

**विधि**

सबसे पहले मैदा और आटे को अच्छे से छान लें। अब इसमें नमक मिलाएं। कसूरी मेथी को हाथों से मसलकर डालें। अब इसमें काली मिर्च पाउडर, सौंफ, धनिया पाउडर, हींग और गर्म किया हुआ घी डालें। सभी को एक साथ मिलाएं और गुनगुने पानी से नरम आटा गूंधें। इसे अब 15 मिनट के लिए अलग रखें। अब छोटी-छोटी लोइयां बनाकर एक-एक कर पूरी की तरह बेलें और उसमें चाकू से निशान बना दें, ताकि वह पूरी तरह न फूल पाए। अब सभी मठरियों को तलें।



### बेबी पोटैटो

**सामग्री**

■ आलू: 12 (छोटी साइज के) ■ तेल: आवश्यकता के अनुसार ■ सूखी लाल मिर्च:1 ■ जीरा: 1 छोटा टी स्पून ■ करी पत्ता: 5-6 ■ धनिया पाउडर: 1 छोटा टीस्पून ■ हल्दी पाउडर: 1/2 छोटा टीस्पून ■ जीरा पाउडर: 1 छोटा टीस्पून ■ लाल मिर्च पाउडर: 1 छोटा टीस्पून ■ गरम मसाला पाउडर: 1 छोटा टीस्पून ■ अमचुर पाउडर: 1 छोटा टीस्पून ■ नमक: स्वाद के अनुसार ■ नींबू का रस: 1 छोटा टीस्पून ■ हरा धनिया: 3 टीस्पून (बारीक कटा)

**विधि**

आलू को प्रेशर कुकर में पानी के साथ उबाल लें। ठंडा होने के बाद उनको छील लें। कढ़ाई में तेल गर्म करें फिर इसमें सूखी लाल मिर्च, करी पत्ता, जीरा डालकर 10 सेकंड तक भून लें। अब इसमें धनिया पाउडर, लाल मिर्च पाउडर, अमचूर, जीरा पाउडर, गरम मसाला और हल्दी डालकर 10 सेकंड तक भून लें। अब इसमें आलू डालकर अच्छे से मिक्स करके 6 से 7 मिनट तक पका लें। उसके बाद इसमें नमक और नींबू का रस डालकर अच्छे से मिक्स कर लें। गैस बंद कर दें और ऊपर से हरा धनिया डालकर गॉर्निश करें और गरमा-गरम सर्व करें।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** — चू चे चो ला ली लू ले लो आ
आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। किसी अपने की सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। शुभांक-2-3-6

**वृष** — इ उ ए ओ वा वी वू वे वो
व्यर्थ के आडम्बरों से बचें। कार्यक्षेत्र में विवाद बढ़ेगे। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी। किसी का अभद्र व्यवहार खिन्नता व तनाव बढ़ायेगा। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभांक-5-7९-9

**मिथुन** — का की कू घ ड छ के को हा
आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग है। शुभांक-2-5-7

**कर्क** — ही हू हे हो डा डी डू डे डो
बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। संतान की उन्नति के योग है। शुभांक-2-6-8

**सिंह** — मा मी मू मे मो टा टी टू टे
व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचें। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। आवेश में आना आपके हित में नहीं होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियत्रंण रखे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। पारिवारिक विवाद टाले। शुभांक-1-3-4

**कन्या** — टो पा पी पू ष ण ठ पे पो
पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहे। अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। शुभांक-4-5-7

**तुला** — रा री रु रे रो ता ती तू ते
अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। बनते हुए कार्यों में बांधा आएगी। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। शुभांक-3-5-7

**वृश्चिक** — तो ना नी नू ने नो य यी यू
आर्थिक उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। रोजगार में तरक्की मिलेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। शत्रुओं की पराजय होगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होंगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। शुभांक-3-6-8


**धनु** — ये यो भा भी भू धा फा ढा भे
उच्च मनोबल रखकर कार्य करें, सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक-2-4-6

**मकर** — भे जा जी खी खू खे खो गा गी
आत्मीय जनों से मिलन होगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। शुभांक-6-7-9

**कुंभ** — गू गे गो सा सी सू से सो दा
घर-परिवार में प्रसन्नता व सहयोग का वातावरण बनेगा। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-2-4-5

**मीन** — दी दू थ झ ञ दे दो चा ची
शांतिपूर्वक नित्य कार्य करे। संतान की प्रगति से संतोष होगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ में समय व्यतीत होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता है। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते है। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। पारिवारिक तनाव, अलगाव का सामना करना पड़ सकता है। शुभांक-1-3-5

## काकुरो पहेली - 2571




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

**उदाहरणत:**

10/6 → 1 2 3 4; ↓ 1 2 3

6+8+9=23
7+8+9=24
1+2+3+4+5=15
1+2+3+4+6=16

### काकुरो - 2570 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

सडक पर दो मजदूर काम कर रहे थे. एक गड्ढा खोदता दूसरा पीछे से भर देता. एक आदमी बहुत देर से देखा रहा था, उससे रहा नहीं गया. उसने कहा- 'ये आप लोग क्या कर रहे है?'

गड्ढा खोदने वाला- 'हम लोग सरकारी कर्मचारी हैं. अपना काम कर रहे हैं.'

मुसाफिर, 'लेकिन यह कैसा काम है एक गड्ढा करता है दूसरा भर देता है.'

गड्ढा खोदने वाला- 'दरअसल हमारी तीन लोगों की ड्यूटी है. मैं गड्ढा खोदता हूं दूसरा पेड़ लगाता है तीसरा उसे बंद करता है. आज दूसरा यानी पौधे रखाने वाला व्यक्ति छुट्टी पर है.'

☺ ☺ ☺

एक आदमी कब्रिस्तान से गुजर रहा था. उसने एक आदमी को कब्र पर बैठे देखा. उसने कब्र पर बैठे व्यक्ति से पूछा, 'तुम्हें यहां पर डर नहीं लगता?'


कब्र पर बैठा व्यक्ति बोला, डरने की क्या बात है. अंदर गर्मी लग रही थी इसलिए बाहर आ गया.

☺ ☺ ☺

चित्रकार (ग्राहक से)- 'साहब, मैं बेगम साहिबा की ऐसी तस्वीर बनाऊंगा, जो बोल उठेगी.'

ग्राहक (चित्रकार से)- 'माफ करो भाई, इसने तो वैसे ही नाक में दम कर रखा है. अगर इसकी तस्वीर भी बोलने लगेगी, तो जीना मुश्किल हो जाएगा.'

## फिल्म वर्ग पहेली- 2571



**बायें से दायें:-**

१. अमिताभ, अमृता की 'मैं माटी का गुड्डा' गीत वाली फिल्म-३
३. 'मैं कुड़ी अनजानी' गीत वाली सनी, सुष्मिता की फिल्म-२
५. 'गवाह हैं चाँद तारे' गीतवाली फिल्म-३
७. 'धीरे धीरे आप मेरे दिल में' गीत वाली आमिर, जूही की फिल्म-२
९. धर्मेन्द्र, सुनीलदत्त, संजय, सनी, रवीना, दिव्या की बहु सितारा फिल्म-३
१०. 'कोयल सी तेरी बोली' गीत वाली फिल्म-२
११. 'ओ गुड़िया ओ बहना' गीत वाली संजयदत्त, फरहा की फिल्म-३
१२. 'फूल माँगूं ना' गीत वाली फिल्म-२
१४. 'आजा जाने जाँ' गीतवाली सुनील शेट्टी, सोमी अली की फिल्म-२
१६. 'दिल के टुकड़े टुकड़े' गीत वाली फिल्म-२
१८. 'इलाहाबाद में पैदा हुई' गीत वाली देव आनंद, हेमा की फिल्म-४
२२. जीतेंद्र, संजयदत्त, जूही की 'ढूंढ रही थी' गीत वाली फिल्म-४
२५. सनी वाली फिल्म 'जाल' में तब्बू के साथ दूसरी नायिका-२
२६. दिलीप, रेखा, ममता की फिल्म-२
२७. 'चाँदनी रूप की' गीत वाली संजय, सलमान, रवीना की फिल्म-२
२९. 'नशा ये प्यार का नशा है' गीत वाली फिल्म-२
३०. अल्ताफ रजा के गीत 'पीलो प्यार दी विस्की' वाली फिल्म-२
३१. सनी देओल, अमीषा की फिल्म-३
३३. 'राजा की आएगी बारात' गीत वाली राजकपूर, नर्गिस की फिल्म-२
३५. अमिताभ, परवीन की 'आदमी जो कहता है' गीत वाली फिल्म-४
३६. 'मधुबन में जो कन्हैया' गीत वाली फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'हय्या हू' गीत वाली गोविंदा, ऐश्वर्या की फिल्म-४
२. एलबम 'मैं भी मैडोना' का गायक?-२
४. 'शहर की लड़की' गीत वाली फिल्म-३
५. नासिर खान, मीनाकुमारी की फिल्म-३
६. अमिताभ वाली 'याराना' की नायिका?-२
८. 'कुर्बानी' में फिरोज की नायिका?-३
१३. 'बंबई से रेल चली' गीत वाली फिल्म-३
१४. अनिल, जूही, करिश्मा की फिल्म-३
१५. अरविंद स्वामी, मधु की 'दिल है छोटा सा' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'चोरी चोरी कोई आए' गीत वाली फारूख, पूनम की फिल्म-२
१९. 'एहसास' में सुनील शेट्टी की नायिका-२
२०. फिल्म 'मदर इंडिया' में शीर्षक भूमिका किसने की थी?-३
२१. अनिल, मीनाक्षी की 'जिंदगी हर कदम' गीत वाली फिल्म-२,२
२३. गोविंदा, नीलम की 'मैं प्यार का पुजारी' गीत वाली फिल्म-२
२४. 'झूठे नैना बोले' गीत वाली फिल्म-३
२७. उमादेवी के गाये 'अफसाना लिख रही हूँ' गीत वाली फिल्म-२
२८. 'तितली उड़ी' गीत राजेंद्रकुमार की किस फिल्म का है-३
२९. जीतेंद्र, रणधीर, राकेश, रेखा की फिल्म-३
३०. 'ये दुनिया वाले पूछेंगे' गीतवाली फिल्म-३
३२. विवेक, दीया मिर्जा की फिल्म-२
३४. अमिताभ की 'खाइके पान' गीत वाली फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 2570




## सुडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | 9 | | 6 | 1 | | 8 |
| 6 | 8 | | | | | | | |
| | 1 | 7 | 3 | 8 | | 4 | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | | 9 |
| 5 | | 1 | 8 | | | 2 | | 7 |
| 2 | | | 5 | | 1 | | 8 | 4 |
| | | 3 | | 7 | 5 | 8 | 6 | |
| | | | | | | | 9 | 5 |
| 7 | | 6 | 2 | | 8 | | | 1 |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 1 | 7 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 8 | 6 |
| 7 | 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 5 | 3 |
| 8 | 2 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 4 | 7 |
| 3 | 6 | 4 | 7 | 2 | 5 | 8 | 1 | 9 |
| 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 4 | 5 | 6 | 2 |
| 5 | 4 | 1 | 9 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 4 | 8 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 2 | 1 |

## शब्द पहेली - 2571



**बाएँ से दाएँ**

1.उपासना करना-6
5.अलमस्त, उत्साही-4
8. हरे रंग का-2
9.चाह,इच्छा-3
10.अधिकार,आरोप-2
11.निर्दय, हिंसक-4
12.आंदोलन-2
14.सज्जन,सभ्य-4
15.स्मृति,अविस्मरण-2
17.रूखा, रसहीन-3
19.गुप्तचर-4
21.संकट मोचक,नाविक-5
24.चुगली करना-5
27.नेता पथ प्रदर्शक-4
29.प्रेम,चाहत-3
31.एक ग्रह-2
32.अनर्गल प्रलाप-4
33.नौकर,सेवक-2
35.उद्धिग्न,आतुर-4
36.श्रवणेंद्रिय-2
38.दीपक,दिया-3
39.बोलने के लिये कहना-2
40.एक मुस्लिम महीना-4
41.सहायता करना-3,3

**ऊपर से नीचे**

1.सहिष्णुता,उदारता-6
2.थोड़ा,कम-2
3.कपड़ों के टुकड़े-4
4.असफल-5
5.राजी करना-3
6.वजन,वायदा-2
7.अनाथ,बेवारिस-4
11.वैधव्य-4
13.राजा की पत्नी-2
16.टूटना-4
18.धावक (अंग्रेजी-3)
19.खबरी,खबर देने वाला-4
20.हमारा पड़ोसी देश-2
22.घूमना-3
23.पराजय-2
25.खतरनाक, खौफनाक-4
26.पसंद नहीं होना, अस्वीकृत-4,2
28.अशोक कुमार, मीना कुमारी, प्रदीप कुमार की फिल्म-5
29.हमले का जवाब देना,प्रतिशोध-4
30.कभी-2
32.जब्त,प्राप्त होना-4
34.मास्टर ब्लास्टर-3
37.भीगा हुआ-2
39.टैक्स,हाथ-2

### शब्द पहेली -2570 का हल



# कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर पटना में दर्ज हुआ केस

एजेंसी

**पटना।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लेकर अपशब्दों के इस्तेमाल मामले में बिहार की राजनीति गरमा गयी है। इसे लेकर बिहार भाजपा कार्यकारिणी के सदस्य कृष्ण सिंह कल्लू ने कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ पटना के गांधी मैदान थाना में गुरुवार को केस दर्ज कराया है। कृष्ण सिंह कल्लू ने आरोप लगाया है कि राहुल गांधी लगातार देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ अभद्र टिप्पणी कर रहे हैं। इसी को लेकर उन्होंने थाने में लिखित शिकायत दी है और उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में यह भी कहा गया है कि दरभंगा में कांग्रेस व आरजेडी नेता द्वारा मंच से प्रधानमंत्री मोदी और उनकी मां को लेकर आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया गया। इस पर भाजपा नेताओं ने कड़ा विरोध जताते हुए कहा कि यह न केवल प्रधानमंत्री का, बल्कि पूरे देश का अपमान है।

## ममता ने गृह मंत्री पर 'वंशवाद' और चुनाव आयोग पर 'भ्रष्टाचार' का लगाया आरोप

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस प्रमुख और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और चुनाव आयोग पर तीखा हमला बोला। उन्होंने अमित शाह पर वंशवाद का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा बार-बार टीएमसी पर परिवारवाद का आरोप लगाती है, लेकिन शाह के बेटे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) जैसे बड़े पद पर हैं जहां हजारों करोड़ रुपये का लेनदेन होता है। ममता ने चुनाव आयोग पर भी निशाना साधते हुए कहा कि आयोग भाजपा के इशारे पर काम कर रहा है और उसके जरिए राज्य के अफसरों व पुलिस अधिकारियों को धमकाया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी की, अगर हमें मजबूर किया गया तो हम चुनाव आयोग की भ्रष्ट गतिविधियों और भाजपा की मिलीभगत का पर्दाफाश करेंगे। मुख्यमंत्री ने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा बंगाल में लोगों के वोटिंग अधिकार छीनने की साजिश कर रही है। उनके अनुसार, भाजपा ने 500 से अधिक टीमें बंगाल भेजी हैं जो घर-घर सर्वे कर मतदाता सूची से नाम काटने की योजना बना रही हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे ऐसे सर्वे में अपनी जानकारी न दें और सीधे मतदान केंद्रों में जाकर अपने आधार कार्ड समेत जरूरी दस्तावेज दुरुस्त रखें। ममता बनर्जी ने चुनाव आयोग की स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) प्रक्रिया को पीछे के दरवाजे से एनआरसी लागू करने की कोशिश बताया। उन्होंने कहा कि, मैं चुनाव आयोग का सम्मान करती हूं, लेकिन अगर वह किसी पार्टी के पक्ष में लॉलीपॉप की तरह काम करेगा तो जनता इसे बर्दाश्त नहीं करेगी।

## फर्जी सिम कार्ड बेचने के आरोप में टेलीकॉम कंपनी के मैनेजर समेत तीन असम से गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने साइबर अपराधों से निपटने के अभियान के तहत असम के कछार जिले में छापेमारी कर एक दूरसंचार कंपनी के क्षेत्रीय बिक्री प्रबंधक समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। सीबीआई के मुताबिक यह कार्रवाई ऑपरेशन चक्र के तहत की गई, जिसमें सिलचर स्थित एयरटेल के मैनेजर देबाशीष डोले और दो बिचौलियों को गिरफ्तार किया गया है। बिचौलियों के नाम माहिम उद्दीन बरभुइया और आशिम पुरकायस्थ हैं। गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपितों को स्थानीय मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया, जहां से ट्रांजिट रिमांड ली गई। अब इन्हें एफआईआर दर्ज करने वाली अदालत में पेश किया जाएगा। इन लोगों ने बिना जानकारी वाले लोगों के नाम पर फर्जी तरीके से सिम कार्ड जारी किए। ये सिम कार्ड थोक में बिचौलियों को ऊंचे दामों पर बेचे गए और बाद में इनका इस्तेमाल डिजिटल गिरफ्तारी धोखाधड़ी, फर्जी निवेश स्कीम, फेक विज्ञापन, यूपीआई फ्रॉड जैसे साइबर अपराधों में किया गया। सिम जारी करने की यह प्रक्रिया तय नियमों और पहचान की जांच से जुड़ी गाइडलाइंस का उल्लंघन करके की गई। सीबीआई के मुताबिक तलाशी के दौरान मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और केवाईसी दस्तावेजों की कॉपियां जब्त की गईं, जो इस धोखाधड़ी से जुड़े अहम सबूत माने जा रहे हैं।

## धर्मेंद्र प्रधान ने प्रधानमंत्री की दिवंगत माताजी पर अभद्र टिप्पणी की निंदा की, विपक्ष की मानसिकता पर सवाल उठाए

**भुवनेश्वर।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दिवंगत माताजी को लेकर की गई अभद्र टिप्पणी की कड़ी निंदा की। उन्होंने इस टिप्पणी को बेहद शर्मनाक और निंदनीय बताया। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधान ने कहा कि यह टिप्पणी इंडी गठबंधन की प्रधानमंत्री मोदी के प्रति नफरत की पराकाष्ठा को दर्शाती है, जिसमें कांग्रेस नेता राहुल गांधी और राजद नेता तेजस्वी यादव भी शामिल हैं। उन्होंने लिखा, राजद-कांग्रेस के चुनावी मंच से की गई यह टिप्पणी न केवल प्रधानमंत्री का अपमान है, बल्कि हर उस भारतीय का भी अपमान है जो अपनी माँ को ईश्वरतुल्य मानता है। प्रधान ने आरोप लगाया कि बिहार को अपमानित करने के बाद अब विपक्षी नेता प्रधानमंत्री की दिवंगत माताजी के खिलाफ आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह आचरण इन नेताओं की खोखली मानसिकता और गहरी हताशा को उजागर करता है, जो जनता का समर्थन न मिलने से उपजी है।

# अनियमितता पर संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी हो तय - मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

एजेंसी

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सड़क, बायपास, आरओबी और आरयूबी जैसी जनउपयोगी आधारभूत संरचनाओं के निर्माण में गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में घटिया सामग्री का उपयोग पाए जाने और अकारण देरी पर कॉन्ट्रेक्टर के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करते हुए उनसे वसूली की जाए। साथ ही, अनियमितता पर संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय कर उनके विरूद्ध सख्त से सख्त कार्यवाही भी हो। मुख्यमंत्री शर्मा गुरूवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में सार्वजनिक निर्माण विभाग की वित्तीय वर्ष 2025-26 की बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन के संबंध में आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस दौरान श्री शर्मा ने विभागीय परियोजनाओं एवं कार्यों की अद्यतन प्रगति की विस्तृत



समीक्षा करते हुए उन्हें समयबद्ध रूप से पूरा करने के लिए निर्देशित किया। साथ ही, उन्होंने प्रस्तावित परियोजनाओं के संबंध में भी मार्गदर्शन प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मानसून के कारण क्षतिग्रस्त सड़कों का ड्रोन सर्वे करवाकर 20 अक्टूबर से पहले मरम्मत कार्य पूरा करें। उन्होंने नियमानुसार स्पीड ब्रेकर के निर्माण और सुरक्षा की दृष्टि से स्टेट हाईवे टॉल पर सीसीटीवी की अनिवार्यता सुनिश्चित करने के लिए भी निर्देशित किया। उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभाग को बेहतर सड़क निर्माण के लिए गुणवत्तापूर्ण सामग्री की सूची संधारित करने के निर्देश भी दिए। शर्मा ने कहा कि अधिकारियों एवं अभियंताओं की लापरवाही के कारण परियोजनाओं की लागत में वृद्धि होना गंभीर विषय है। इससे बजट पर विपरीत प्रभाव होता है। उन्होंने ऐसे प्रकरणों पर चिंता जाहिर करते हुए विभागीय अधिकारियों को परियोजनाओं की उचित लागत का आंकलन करने के लिए निर्देशित किया। साथ ही, मुख्यमंत्री ने विभागीय कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के क्रम में लम्बे समय से पदस्थापित अधिकारियों एवं अभियंताओं को अन्य जिम्मेदारी देने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

# सासाराम से मोतिहारी तक भारी जनसमर्थन मिला - कन्हैया कुमार

एजेंसी

**मोतिहारी।** कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव की 'वोटर अधिकार यात्रा' के 12वें दिन मोतिहारी पहुंचने पर कहा कि सासाराम से मोतिहारी तक जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है। बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि सासाराम से शुरू हुई वोटर अधिकार यात्रा महात्मा गांधी की धरती मोतिहारी पहुंच चुकी है। यहां पर यात्रा को भरपूर समर्थन मिल रहा है। उन्होंने बिहार की जनता को राजनीतिक रूप से जागरूक बताते हुए कहा कि लोग अपने वोट के अधिकार को समझते हैं और मानते हैं कि यह सरकार गरीबी नहीं हटा सकती, बिहार से अपराध को दूर नहीं कर सकती है। पलायन को नहीं रोक सकती है। महिलाओं को वो अधिकार नहीं दिए जा सकते हैं, जिनकी वो हकदार हैं। इसीलिए जनता बदलाव चाहती है। कांग्रेस नेता ने बिहार सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह डबल इंजन की एनडीए सरकार नहीं है। यह गुंडाराज है। इस गुंडाराज से निजात पाने के लिए लोगों ने मन बना लिया है। वोट चोरी के मुद्दे पर जनता एकजुट है और जवाब देने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई संविधान बचाने की है। गरीबों को उनका हक दिलाने की है। वोटर अधिकार यात्रा के उद्देश्य के बारे में कांग्रेस नेता ने कहा कि हम लोगों को इस यात्रा के माध्यम से उनके वोट के अधिकार से रूबरू करवा रहे हैं। इस यात्रा के जरिए हम उनकी समस्याओं के साथ भावनात्मक रूप से जुड़ रहे हैं। यात्रा के 12वें दिन राहुल गांधी ने सीतामढ़ी में माता जानकी की पूजा अर्चना की। वोटर अधिकार यात्रा 17 अगस्त को बिहार के सासाराम से शुरू हुई है।

# मुंबई में येलो अलर्ट लगातार जारी, मराठवाड़ा में हल्की से मध्यम बारिश का अनुमान

एजेंसी

**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई के कुछ हिस्सों में छिटपुट बारिश हुई तथा मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने क्षेत्र के लिए यलो अलर्ट लगातार जारी रखा है।

मुंबई में हालांकि आज बहुत तेज़ बारिश होने का अनुमान नहीं है, लेकिन रुक-रुक कर बारिश जारी रहने के आसार हैं। दिन का तापमान 26 डिग्री से 28 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा। मौसम विभाग ने अगस्त और सितंबर में मुंबई में सामान्य से ज्यादा बारिश होने का अनुमान लगाया है तथा लोगों को मौसम के पैटर्न में अचानक बदलाव के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी है। मुंबई में मध्यम से भारी बारिश होने का अनुमान है जबकि तापमान 24 डिग्री सेल्सियस से 27 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा। 30 अगस्त को मध्यम बारिश होने का अनुमान है और तापमान 25 डिग्री सेल्सियस से 27 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा। मौसम विभाग ने मराठवाड़ा क्षेत्र के सभी आठ जिलों में आज हल्की से मध्यम बारिश होने का अनुमान लगाया है तथा अगले चार दिनों में कुछ स्थानों पर गरज के साथ छींटे पड़ने और बिजली चमकने के आसार हैं। मराठवाड़ा में हालांकि मानसून सक्रिय है लेकिन इसकी



तीव्रता में कमी आई है। पूर्वानुमान के अनुसार, छत्रपति संभाजीनगर जिले में आज गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश होगी और कल गरज के साथ हल्की बारिश होगी और परसों छिटपुट बौछारें पड़ेंगी और रविवार को कुछ स्थानों पर हल्की बारिश होगी। जालना जिले में भी आज हल्की से मध्यम बारिश होने और गरज के साथ छींटे पड़ने का अनुमान है वहीं कल हल्की बारिश के साथ बादल छाए रहेंगे और शनिवार को छिटपुट बारिश होगी। परभणी जिले में आज गरज के साथ हल्की से मध्यम वर्षा होने का अनुमान है तथा कल हल्की बारिश के साथ बादल छाये रहेंगे जबकि बीड जिले में आज गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने तथा कल हल्की बारिश के साथ बादल छाये रहने का अनुमान है।

# हम अलर्ट पर हैं, अब तक 1,200 लोगों को बचायाः तेलंगाना डीजीपी

एजेंसी

**हैदराबाद।** राजधानी हैदराबाद और तेलंगाना में मूसलाधार बारिश एवं बाढ़ के बाद चल रहे राहत कार्यों पर राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) जितेंद्र ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि बारिश और बाढ़ को लेकर पुलिस अलर्ट पर है और राहत अभियान भी 24 घंटे जारी है। गुरुवार श्याम मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा, बारिश और बाढ़ के कारण सभी इलाकों में पुलिस व्यवस्था अलर्ट पर है। अब तक 1,200 लोगों को बचाया जा चुका है। कामारेड्डी, रामायमपेट, निर्मल और मेडक जिलों में बाढ़ की स्थिति में सुधार है, लेकिन हम अभी भी बचाव अभियान चला रहे हैं। पुलिस बचाव दल के साथ 24 घंटे राहत कार्यों में भाग ले रही है। पुलिस एसडीआरएफ और दमकल कर्मियों के साथ मिलकर काम कर रही है। एसडीआरएफ की टीमों के समय पर मौके पर पहुंचने से एक बड़ा खतरा टल गया। हमने कामारेड्डी में कई लोगों को बचाया। हमने उन्हें नावों और लाइफ जैकेट की मदद से सुरक्षित प्रांत में पहुंचाया। हम नियंत्रण कक्ष से 24 घंटे बाढ़ पर परियोजना का दौरा किया और बाढ़ के बहाव का जायज़ा लिया। कामारेड्डी, मेंढक, सिरसिला जिले का दौरा समाप्त कर आज देर शाम हैदराबाद पहुंचे। इस बीच बाढ़



नज़र रख रहे हैं। डीजीपी जितेंद्र ने कहा कि भारी बारिश के चलते तेलंगाना के कई ज़िलों के कई इलाके बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। आज सुबह मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी खुद बारिश से हुए नुकसान का जायज़ा लेने गए थे। इसी बीच मुख्यमंत्री ने हेलीकॉप्टर से हवाई सर्वेक्षण किया। बाद में उन्होंने येल्लमपल्ली प्रभावित जिलों में सारे निजी और सरकारी शिक्षा संस्था बंद रखने को आदेश दिया गया और नागरिकों को बाहर न आने के हिदायत दी गई। मेंढक, कमारेड्डी, सिरसीला और निजामाबाद, आदिलाबाद निर्मल और अन्य पांच जिलों में अगले 48 घंटे तक रेड अलर्ट की चेतावनी जारी की गई है।

# भगवान राम के घर लौटते ही भारत के सौभाग्य का हुआ सूर्योदय : गजेंद्र सिंह शेखावत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि हमारी पीढ़ी बहुत सौभाग्यशाली है कि हम अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण के साक्षी बने। उन्होंने कहा कि भगवान राम जिस दिन से अपने घर लौटे तो भारत के सौभाग्य का भी सूर्योदय हुआ। भारत को उत्कर्ष पर पहुंचाने के लिए जरूरी है कि राम के चरित्र से लोग जुड़ें और इसमें राम लीला महत्वपूर्ण जरिया बन रही है। यह बात उन्होंने रोहिणी सेक्टर-23 के डीडीए रामलीला मैदान में रामलीला भूमि पूजन कार्यक्रम में कही।

कार्यक्रम में केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से साथ राष्ट्रीय संगठन महामंत्री भाजपा बीएल संतोष, दिल्ली के समाज कल्याण मंत्री रविंद्र इंद्राज, सांसद मनोज तिवारी, विधायक अशोक गोयल सहित अन्य जन प्रतिनिधियों एवं बड़ी



संख्या लोगों ने सहभागिता की। यहां रामलीला का आयोजन सनातन संस्कारम परिवार की ओर से किया जा रहा है। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने अजय भाई द्वारा राम कथा का आनंद भी लिया। दिल्ली के समाज कल्याण मंत्री रविंद्र इंद्राज ने कहा कि दिल्ली सरकार सुनिश्चित कर रही है कि इस बार दिल्ली में रामलीला का आयोजन, अब तक का सबसे भव्य आयोजन हो। यह रामलीला केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि सनातन धर्म के शाश्वत आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का एक दिव्य प्रयास है। प्रभु श्रीराम की यह कथा समाज को भक्ति, मर्यादा और संस्कृति की राह दिखाती रहेगी। दिल्ली सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए संकल्पित है कि राजधानी में आयोजित होने वाले सांस्कृतिक आयोजन विश्वस्तरीय हों और नई पीढ़ियों तक नैतिक और सामाजिक मूल्यों का संदेश पहुंचाएं। सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि रामलीला के माध्यम से हमें सत्य, धर्म और आदर्श जीवन मूल्यों का संदेश मिलता है। उन्होंने अपने भक्ति गीतों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध किया। आयोजकों ने सहयोग के लिए समाज कल्याण मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आस्था और समर्पण के साथ रविंद्र इंद्राज सिंह ने इस भव्य रामलीला के आयोजन का पावन संकल्प लिया है।

# बिहार के 14 करोड़ लोगों में राहुल गांधी और तेजस्वी यादव के खिलाफ गुस्सा : नित्यानंद

एजेंसी

**पटना ।** केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने 'वोटर अधिकार यात्रा' के दौरान कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल के समर्थकों द्वारा प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी के लिए दोनों पार्टियों को कटघरे में खड़ा करते हुए राहुल गांधी और तेजस्वी यादव से बिहार और देश के लोगों से माफी मांगने की बात कही। उन्होंने कहा, बिहार के लोग यह कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे कि दुनिया के सबसे लोकप्रिय प्रधानमंत्री पर राहुल गांधी और तेजस्वी यादव के मंच से टिप्पणी की जाए।÷ केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को निशाने पर लेते हुए कहा कि वे विपक्ष के नेता बनने के लायक नहीं हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि 'वोटर अधिकार यात्रा' के नाम पर देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री के सम्मान के साथ खिलवाड़ करने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विरोधी दलों के लोगों ने 'वोटर अधिकार यात्रा' को गाली-गलौज करने का मंच बनाकर रख दिया है। आजकल राहुल गांधी और तेजस्वी यादव संविधान की कॉपी जेब में लेकर घूम रहे हैं, लेकिन इन लोगों ने संविधान को मजाक बनाकर रख दिया है। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि क्या लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को नहीं मालूम है कि प्रधानमंत्री का पद संवैधानिक है? प्रधानमंत्री पूरे देश के होते हैं, किसी पार्टी के नहीं उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि राहुल गांधी और तेजस्वी यादव आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर तत्काल माफी मांगें, अन्यथा भारतीय जनता पार्टी चुप नहीं बैठेगी।

# हिमाचल में एक हफ्ते तक भारी बारिश का येलो अलर्ट, सैंकड़ो सड़कें बंद, चंबा में तबाही, लाहौल में मरीज एयरलिफ्ट

एजेंसी

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में मॉनसून का कहर लगातार जारी है। बीती रात भी कई जिलों में झमाझम बारिश हुई जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ। खासकर चंबा, कुल्लू, मंडी और कांगड़ा जिलों में भारी बारिश के कारण सड़कें, बिजली और पेयजल आपूर्ति बुरी तरह बाधित हुई है। चम्बा जिला के विभिन्न इलाकों में हालात सबसे खराब है। राजधानी शिमला में भी बुधवार देर रात बारिश के बाद आसमान बादलों से घिरा रहा। पिछले दिनों की मूसलाधार बारिश से बंद पड़ी सड़कों और बाधित सेवाओं की बहाली कार्यवाही युद्धस्तर पर जारी है।

**चंबा में भारी तबाही, सीएम ने जताया शोक**

चंबा जिला में बारिश से सबसे ज्यादा तबाही हुई है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने जिले में पिछले 72 घंटों के दौरान हुई जनहानि पर गहरा शोक व्यक्त किया और कहा कि सरकार प्रभावित परिवारों के साथ खड़ी है तथा हर संभव मदद दी जाएगी। सीएम ने जिला प्रशासन को आपदा प्रभावित क्षेत्रों में प्राथमिकता से सड़क संपर्क बहाल करने के निर्देश दिए हैं। हालांकि सरकार की ओर से अभी तक यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि जिले में कितनी मौतें हुई हैं।

**मणिमहेश यात्रा मार्ग से सुरक्षित निकाले गए 3269 श्रद्धालु**

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने विधानसभा में जानकारी दी कि मणिमहेश यात्रा मार्ग में फंसे 3269 श्रद्धालुओं को सुरक्षित बाहर निकाला गया है। इनमें 1730 पुरुष, 1259 महिलाएं और 280 बच्चे शामिल हैं।

जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति में बाढ़ और सड़क अवरोध के कारण आपात सेवाएं प्रभावित हुई। इस बीच मुख्यमंत्री के निर्देश पर स्टिंगरी से पांच मरीजों को एयरलिफ्ट कर कुल्लू अस्पताल पहुंचाया गया। इनमें अलका, पूरन सिंह, आयुष, रियांश और उनकी मां संजीता शामिल हैं। सभी को जिला अस्पताल कुल्लू में भर्ती कर बेहतर इलाज उपलब्ध करवाया जा रहा है। इधर मंडी जिले के बनाला में बुधवार रात हुए भारी भूस्खलन को लेकर सोशल मीडिया पर अफवाहें फैलीं कि कई वाहन मलबे में दब गए हैं। अभिनेत्री और सांसद कंगना रनौत ने भी ट्वीट कर आशंका जताई थी कि कई लोग मलबे में दबे हो सकते हैं। हालांकि प्रशासन ने गुरुवार शाम तक पूरा मलबा हटाकर स्थिति स्पष्ट कर दी। जिला प्रशासन ने बताया कि मलबे में कोई वाहन या व्यक्ति दबा हुआ नहीं मिला। इस तरह सोशल मीडिया पर फैली सभी आशंकाएं निराधार साबित हुईं। मौसम विभाग ने आगामी तीन सितंबर तक प्रदेश में खराब मौसम बने रहने की आशंका जताई है। इस दौरान कई जिलों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। 29 अगस्त को उना, कांगड़ा, मंडी और सिरमौर, 30 अगस्त को चंबा, कुल्लू, मंडी, शिमला समेत आठ जिलों और 31 अगस्त को किन्नौर व लाहौल-स्पीति को छोड़कर सभी जिलों में येलो अलर्ट रहेगा। इसी तरह पहली से तीन सितंबर तक भी भारी वर्षा की संभावना जताई गई है।

## कटिहार में छात्रों को कमरे में बंद करके पिटाई का एनएचआरसी ने लिया संज्ञान, मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने बिहार के कटिहार जिले के हफलागंज में एक शिक्षक द्वारा स्कूली छात्रों को कमरे में बंद करके पीटने के प्रकरण का स्वतः संज्ञान लिया है। आयोग ने इस मामले में बिहार के मुख्य सचिव और कटिहार पुलिस अधीक्षक को नोटिस जारी कर 15 दिन के अंदर मामले की विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।एनएचआरसी के अनुसार, आयोग को मीडिया रिपोर्ट्स से जानकारी मिली कि 21 अगस्त को कटिहार जिले में हफलागंज इलाके के एक सरकारी स्कूल में 18 छात्रों को कमरे में बंद करके पिटाई की गयी थी। इसके बाद कुछ अभिभावकों ने स्कूल जाकर इस घटना की शिकायत की। एनएचआरसी ने कहा कि यह घटना मानवाधिकारों के उल्लंघन का गंभीर मामला है, इसलिए इस पर कार्रवाई जरूरी है।

# मध्य प्रदेश में ओबीसी को 27 फीसदी आरक्षण देने के लिए सभी दल एकजुट, अब श्रेय लेने की होड़ शुरू

एजेंसी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को 27 प्रतिशत आरक्षण देने पर सभी राजनीतिक दल एक मत हो गए हैं। ओबीसी आरक्षण को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में भोपाल में मुख्यमंत्री निवास कार्यालय समत्व भवन में सर्वदलीय बैठक हुई।

बैठक में भाजपा, कांग्रेस, समाजवादी पार्टी (सपा), आम आदमी पार्टी और वाम दल समेत सभी राजनीतिक दलों ने एकजुट होकर ओबीसी वर्ग को 27 फीसदी आरक्षण देने पर सहमति जताई। हालांकि, अब श्रेय की होड़ शुरू हो गई है। कांग्रेस का कहना है कि हमने लड़ाई लड़ी, इसलिए सरकार उच्चतम न्यायालय में विचाराधीन याचिका पर जल्द निर्णय पर बात कर रही है। वहीं, भाजपा का कहना है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव पहले ही मन बना चुके थे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सर्वदलीय बैठक के बाद कहा कि इस मुद्दे पर प्रदेश के सभी राजनीतिक दल एकमत हैं। बैठक में भाजपा, कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, आम आदमी पार्टी और



भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रतिनिधि शामिल हुए। उन्होंने कहा कि हम सभी की भावना है कि मध्य प्रदेश में ओबीसी वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण मिले। विधानसभा में भी सभी दलों ने इस पर सहमति जताई थी। फिलहाल यह मामला उच्चतम न्यायालय में विचाराधीन है, जहां 22 सितंबर से रोजाना सुनवाई होगी। अदालत में अलग-अलग वकील बहस कर रहे हैं। हमारी इच्छा है कि सभी वकील आपस में चर्चा कर एकमत रणनीति बनाएं और राज्य का पक्ष मजबूती से रखें। उन्होंने बताया कि सर्वदलीय बैठक में सर्वसम्मति से यह संकल्प लिया गया है कि विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका तीनों मिलकर ओबीसी आरक्षण को लागू कराने के लिए संयुक्त प्रयास करेंगे। हमने तय किया है कि 10 सितंबर से पहले सभी वकील एकसाथ बैठकर साझा रणनीति बनाएंगे। उन्होंने कहा कि हम सभी एकमत हैं और सभी चाहते हैं कि ओबीसी आरक्षण को लेकर न्यायालय में विचाराधीन मामले में भी निर्णय जल्द आ जाए। अभी 14 प्रतिशत पद क्लियर है और बाकी 13 प्रतिशत होल्ड पदों पर भी उम्मीदवारों को नियुक्ति दी जा सके, जिससे सभी को लाभ मिले।सर्वदलीय बैठक के बाद कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव, सांसद अशोक सिंह, कमलेश्वर पटेल ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि बैठक खोदा पहाड़ निकली चुहिया जैसी थी। सिंघार ने कहा कि कांग्रेस और भाजपा के वकील साथ में बैठने को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की कथनी और करनी में अंतर है। कांग्रेस के बनाए घर में नारियल फोड़कर श्रेय लेना चाहते हैं। किसी के हित की बात हो तो राजनीति नहीं करनी चाहिए।

# बिहार की जनता वोट की चोट से राजग को सीखाएगी सबकः राहुल गांधी

एजेंसी

**पूर्वी चंपारण।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी और राजद नेता तेजस्वी यादव सहित महागठबंधन के नेताओ का काफिला मोतिहारी पहुंचा। सीतामढ़ी और मोतिहारी जिले को जोड़ने वाले फुलवरिया घाट पुल से होकर काफिला सीधे ढाका पहुंची, जहां नेताओं ने कुछ समय के लिए विश्राम किया। ढाका में करीब डेढ़ सौ वीआईपी नेताओं के ठहरने के लिए टेंट की व्यवस्था की गई थी । इसी दौरान कांग्रेस नेता पवन खेड़ा, सीपीआई(एमएल) नेता दीपांकर भट्टाचार्य और राजद सांसद संजय यादव समेत कई नेताओं ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मीडिया को संबोधित किया। पवन खेड़ा ने कहा कि आज पूरा देश बिहार की ओर देख रहा है। यहां के लोगों का दिल बड़ा है। पिछले चुनाव में बिहार ने 40 में से 39 सांसद एनडीए को जिताया था, लेकिन यह चोर सरकार अब वोट चुराने में जुटी हुई है। राजद के राज्यसभा सांसद



संजय यादव ने मौजूदा केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि यह अब तक की सबसे भ्रष्ट सरकार है। जनता के वोट चुराकर सत्ता हासिल करना इनकी आदत बन चुकी है। लेकिन इस बार बिहार की जनता जागरूक हो चुकी है और वोट की चोट से इनको सबक सिखाएगी। इसके बाद शाम चार बजे राहुल गांधी का काफिला ढाका से चिरैया,लालबेगिया होते मोतिहारी शहर पहुंचा,जहां जगह-जगह लोगो ने स्वागत किया।मोतिहारी शहर में भी उनके काफिले को जगह जगह स्वागत किया गया ।उनका काफिला छतौनी चौक,मीनाबाजार होते गांधी संग्रहालय पहुंचा,जहां उन्होने ऐतिहासिक गांधी स्मारक पर पुष्प अर्पित किया।तत्पश्चात उनकी यात्रा हॉस्पिटल चौक होते बापू सभागार पहुंचा।जहां राहुल समेत महागठबंधन के नेता कार्यकर्ताओ को संबोधित करते राहुल गांधी ने कहा कि पूरी सजगता से वोट की चोट से एनडीए को सबक सिखाएं।

# हॉकी एशिया कप: चीन को हराकर भारत की एशिया कप में धमाकेदार शुरुआत, हरमनप्रीत की हैट्रिक

**राजगीर (एजेंसी)।** भारत के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन पुरुष हॉकी टीम के एशिया कप के पहले मैच में कमजोर चीन के खिलाफ प्रदर्शन से संतुष्ट नहीं है लेकिन उन्हें इस बात की खुशी है कि टीम ने अपना अभियान जीत के साथ शुरू किया। विश्व रैंकिंग में सातवें पायदान पर काबिज भारतीय टीम ने अपने पहले मैच में 23वें नंबर के चीन के खिलाफ 4-3 की संघर्षपूर्ण जीत दर्ज की।

फुल्टन ने मैच के बाद मीडिया से बातचीत में कहा, 'हमारे लिए मैच का पहला हाफ अच्छा था, हम अच्छी स्थिति में थे और फिर कुछ गलतियां कीं। हमारे पास सुधार करने का मौका था। यह अच्छा रहा कि दूसरे हाफ में हमें कुछ पेनल्टी कॉर्नर मिले और हमने उन्हें गोल में बदला। पेनल्टी स्ट्रोक चूकना दुर्भाग्यपूर्ण था।'

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने तीन पेनल्टी कॉर्नर गोल में बदले लेकिन दूसरे हाफ में एक पेनल्टी स्ट्रोक पर चूक गए। फल्टन ने कहा, 'हम खेल जीतने के लिए तो अच्छा खेले, लेकिन अपनी उम्मीदों के हिसाब से नहीं खेले। यह टूर्नामेंट का पहला मैच था। हमने कुछ मौके गंवाए और कुछ गोल भी खाये लेकिन यह देखना अच्छा था कि टीम ने पूरा जोर लगाया।' फुल्टन ने कहा कि मैच में जीत दर्ज करने के बावजूद उनकी टीम को कई क्षेत्रों में सुधार करने की आवश्यकता है। दक्षिण अफ्रीका के इस पूर्व खिलाड़ी ने कहा, 'हमारे लिए महत्वपूर्ण बात यह थी कि हमें तीन अंक मिले।'

उन्होंने कहा कि इस टूर्नामेंट में किसी भी टीम को कम आंकना गलती होगी और शुक्रवार को ऐसा ही दिखा। भारतीय कोच ने कहा, 'मुझे किसी भी टीम से संघर्ष की उम्मीद है। हम टूर्नामेंट में सर्वोच्च रैंकिंग वाली टीम हैं और यहां प्रबल दावेदार हैं, इसलिए हर टीम हमसे खेलने के लिए खुद को तैयार करेगी और हमें उस चुनौती का सामना करना होगा।' उन्होंने कहा, 'मैंने कई मैच देखे हैं जहां आप अच्छा नहीं खेलते, लेकिन जीत जाते हैं और जीत हासिल करना ही सबसे जरूरी है।'

हरमनप्रीत ने कहा कि चीन के खिलाफ मैच से उन्हें काफी कुछ सीखने को मिला। उन्होंने कहा, 'यह एक कठिन मैच था, लेकिन जीतना जरूरी था। आखिरी सीटी तक हम संघर्ष करते रहे। यह हमारे लिए एक अच्छा सबक है।' भारतीय कप्तान ने कहा कि टीम





की रक्षा पंक्ति को अधिक सतर्क रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा, 'ज्यादातर टीमें जवाबी हमला करने का इंतजार करती है। यह हमारे लिए एक अच्छा सबक है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हमारी रक्षापंक्ति मजबूत रहे।'

# एशियाई निशानेबाजी: मानिनी को 50 मीटर राइफल प्रोन में कांस्य, महिला टीम ने जीता रजत



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** शिमकेंट ‒ युवा भारतीय निशानेबाज मानिनी कौशिक ने शुक्रवार को यहां एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप में महिलाओं की 50 मीटर राइफल प्रोन स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल करने के साथ ही टीम स्पर्धा में रजत पदक जीतने में भी अहम भूमिका निभाई। मानिनी का व्यक्तिगत स्पर्धा में यह पहला अंतरराष्ट्रीय पदक है।

जयपुर की 24 साल की इस निशानेबाज ने 617.8 के स्कोर के साथ व्यक्तिगत कांस्य पदक जीता। दक्षिण कोरिया की हाना इम (620.2) और यूनसेओ ली (620.2) ने क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीते। मानिनी ने प्रतियोगिता में पांचवां स्थान हासिल किया था, लेकिन उनसे आगे रहने वाले दो निशानेबाज दक्षिण कोरिया की येलीन चोई (620.1) और भारत की सिफ्त कौर सामरा (617.9) सिर्फ रैंकिंग अंक (आरपीओ) के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे थे। आरपीओ निशानेबाज केवल अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग अंक के लिए प्रतिस्पर्धा करते हैं। मानिनी ने 10-10 शॉट के छह सीरीज में 104.0, 103.8, 101.2, 103.3, 103.2 और 102.3 का स्कोर किया। उन्होंने 50 मीटर राइफल प्रोन(गैर-ओलंपिक स्पर्धा) में टीम को रजत पदक दिलाने में भी मदद की। मानिनी (617.8), सुरभि भारद्वाज (614.4) और विनोद विदर्सा (613.8) की तिकड़ी ने कुल 1846 अंक के साथ रजत पदक हासिल किया। दक्षिण कोरिया (1856.8 अंक) ने स्वर्ण पदक जीता जबकि कजाकिस्तान 1828.2 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा।

भारत की प्राची गायकवाड़ ने 616.6 के स्कोर के साथ जूनियर महिला 50 मीटर राइफल प्रोन में रजत पदक जीता। स्वर्ण पदक दक्षिण कोरिया की सेही ओह (618.6) ने जीता, जबकि कांस्य कजाकिस्तान की सोफिया मलकिना (616.3) को मिला। प्राची (616.6), अनुष्का ठोकुर (607.6) और तेजल नथावत (599.2) की तिकड़ी ने कुल 1823.4 के साथ टीम कांस्य पदक जीता। दक्षिण कोरिया (1844 अंक) के साथ ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि कजाकिस्तान (1830.1) ने रजत पदक अपने नाम किया।

## एशिया कप के लिए बीसीसीआई का बड़ा फैसला, पांच खिलाड़ी नहीं जाएंगे दुबई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) ने फैसला किया है कि एशिया कप 2025 के लिए 5 स्टैंडबाय खिलाड़ियों यशस्वी जायसवाल, प्रसिद्ध कृष्णा, वाशिंगटन सुंदर, रियान पराग और ध्रुव जुरेल मुख्य टीम के साथ दुबई नहीं जाएंगे।

सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली टीम अपने एशिया कप अभियान की शुरुआत 10 सितंबर को ग्रुप ए में यूएई के खिलाफ करेगी। इसके बाद 14 और 19 सितंबर को क्रमशः पाकिस्तान और ओमान के खिलाफ मैच होंगे। BCCI ने इस महीने की शुरुआत में 15 सदस्यीय एक मजबूत टीम की घोषणा की थी जिसमें शुभमन गिल को उप-कप्तान बनाना गया है। समाचार एजेंसी पीटीआई की एक रिपोर्ट के अनुसार जायसवाल, प्रसिद्ध, सुंदर, पराग और जुरेल 9 सितंबर से शुरू होने वाले इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट के लिए मुख्य टीम के साथ यात्रा नहीं करेंगे। पीटीआई ने BCCO के एक सूत्र के हवाले से कहा, 'नहीं, स्टैंडबाय खिलाड़ी मुख्य टीम के साथ दुबई नहीं जाएंगे।' आमतौर पर तय की गई परंपरा से हटकर खिलाड़ी अपने-अपने स्थानों से अलग-अलग समय पर दुबई पहुंचेंगे, जबकि अन्य मौकों पर टीम रवाना होने से पहले मुंबई में इकट्ठा होती थी। यह निर्णय खिलाड़ियों की यात्रा की सुविधा और व्यवस्थाओं को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। एक वरिष्ठ बीसीसीआई अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर पीटीआई को बताया, 'सभी खिलाड़ी 4 सितंबर की शाम तक दुबई पहुंच जाएंगे और पहला नेट्स सत्र 5 सितंबर को ICC अकादमी में होगा। व्यवस्थाओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए खिलाड़ियों को अपने-अपने शहरों से दुबई आने की अनुमति दी जाएगी।' उन्होंने आगे कहा, 'जाहिर है कि कुछ लोग मुंबई से यात्रा करेंगे, लेकिन कुछ अन्य लोगों से पहले मुंबई आने और फिर दुबई जाने के लिए कहना बेतुका है। वैसे भी दुबई की उड़ान अन्य अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की तुलना में कम समय की है।'

### एशिया कप के लिए भारतीय स्क्वॉड

सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), संजू सैमसन (विकेटकीपर), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, शिवम दुबे, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, रिंकू सिंह, कुलदीप यादव और हर्षित राणा

# बिन्नी ने बीसीसीआई अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया, राजीव शुक्ला बने कार्यवाहक अध्यक्ष

**मुम्बई (एजेंसी)।** राजीव शुक्ला भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के कार्यवाहक अध्यक्ष बने हैं। इससे पहले रोजर बिन्नी ने अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। अब नए अध्यक्ष का चुनाव होने तक शुक्ला ही बीसीसीआई के प्रमुख रहेंगे। वह पिछले काफी समय से उपाध्यक्ष पद संभाल रहे हैं।

एक रिपोर्ट के अनुसार बुधवार को बीसीसीआई की एपेक्स कमिटी की शीर्ष परिषद की बैठक की अध्यक्षता भी शुक्ला ने ही की थी। इस बैठक में प्रायोजक का मामला भी उठा। इसके तहत ड्रीम11 के हटने के बाद नये प्रायोजक की तलाश को लेकर भी बाह हुई।

वहीं रिपोर्ट के अनुसार एशिया कप से पहले प्रायोजक मिलना संभव नही है क्योंकि उसमें अब दो सप्ताह का समय ही है। इससे पहले नई निविदा निकालना, कानूनी प्रक्रिया का पालन करना और बाकी तकनीकी चीजों को पूरा करना संभव नहीं है। केवल एशिया कप के लिए अलग प्रायोजक लाने की संभावना को भी बोर्ड ने खारिज कर दिया।। बोर्ड का लक्ष्य 2027 के एकदिवसीय विश्व कप को देखते हुए प्रायोजक लाने का है। राष्ट्रीय खेल प्रशासन कानून बन जाने के बाद भी बीसीसीआई को अगले महीने अपनी सालाना आम बैठक करने के साथ ही चुनाव भी कराने की आजादी है।

बीसीसीआई चुनाव में देर नहीं करना चाहेगी। इसका कारण है कि सरकार ने जो खेल कानून बनाया है, अभी उसकी अधिसूचना जारी नहीं की गई है। उसे अधिसूचित होने में कुछ महीने लग सकते हैं इसी को देखते हुए बीसीसीआई चुनाव नहीं टालेगी ताकि तय समय से पहले नया अध्यक्ष कामकाज संभाल ले। अभी बीसीसीआई का प्रशासन लोढ़ा समिति की सिफारिशों पर आए सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद बने संविधान के हिसाब से चलता है। ऐसे जब तक संसद से पारित नए खेल कानून की अधिसूचना जारी नहीं हो जाती, तब तक बीसीसीआई और राज्य क्रिकेट संघों को



उसी संविधान से काम करना होगा। वर्तमान कानून के तहत 70 साल की उम्र में बोर्ड में किसी पद पर नहीं रहा जा सकता। इसी कारण बिन्नी को इस्तीफा देना पड़ा था।

## रोहित और विराट को गेंदबाजी करना सबसे कठिन रहा : वुड

लंदन। इंग्लैंड के दिग्गज तेज गेंदबाज मार्क वुड ने कहा है कि अपने करियर के दौरान उनके लिए भारतीय टीम के रोहित शर्मा और विराट कोहली के अलावा ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ और मिशेल मार्श को गेंदबाजी करना सबसे मुश्किल रहा है। वुड ने रोहित की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्हें लगता था कि वह शॉर्ट गेंदों के साथ रोहित के खिलाफ सफल हो सकते हैं पर ऐसा नहीं हुआ और रोहित ने उन गेंदों पर कई लंबे छक्के लगा दिये थे। वुड ने कहा, अपने करियर के अलग-अलग अवसरों पर मैंने रोहित की क्षमता देखी है। शार्ट गेंद के सामने आपको लगता है कि उन्हें आउट करने का अवसर है पर अगर वो उस दिन लय में हो तो वह आक्रामक बल्लेबाजी करते है। इसलिए उन्हें आउट करना कठिन था। मुझे हमेशा लगता था कि उनका बल्ला बड़ा होता जा रहा है। रोहित के साथ ही वुड ने विराट कोहली को भी सबसे कठिन बल्लेबाज बताया है। वुड ने कहा कि कोहली अपने करियर के शुरुआती दौर में ऑफ स्टंप के बाहर कमजोर रहे हैं पर मैं उससे लाभ नहीं उठा पाया। वुड ने साथ ही कहा, कोहली अविश्वसनीय प्रतिस्पर्धी रहे, ऐसा खिलाड़ी जिसके बारे में मुझे लगता था कि चौथे और पांचवे स्टंप पर उसकी कमजोरी है। लेकिन जब भी मैंने उसे वहां गेंदे फेंकी, तो वह एक भी गेंद छोड़ते नहीं दिखे।

## पाक टीम एशिया कप के फाइनल में नहीं पहुंचेगी : कनेरिया

लाहौर। पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर दानिश कनेरिया ने कहा है कि पाक टीम अगले माह 9 सितंबर से शुरु हो रहे एशिया कप के फाइनल में नहीं नहीं पहुंचेगी। यूएई में स्पिनरों की सहायक पिचों पर होने जा रहे एशिया कप में कुल 8 टीमें खेलेंगी, जिन्हें चार-चार टीमों के दो समूहों में बांटा गया है। टूर्नामेंट शुरू होने से पहले कई दिग्गज क्रिकेटरों ने इसको लेकर अपनी भविष्यवाणी की है। वहीं इसी कड़ी में पाक के पूर्व स्पिनर कनेरिया ने कहा है कि उनकी टीम पाकिस्तान फाइनल में नहीं पहुंचेगी। उन्होंने कहा कि भारतीय टीम फाइनल में पहुंचेगी जहां उसका मुकाबला अफगान टीम से होगा। एशिया कप में भारत और पाकिस्तान एक ही ग्रुप में शामिल हैं। ऐसे में संभावना जतायी जा रही है कि इस ग्रुप से यही दोनों टीमें सुपर 4 में जाएंगी। ग्रुप स्टेज में भारत बनाम पाकिस्तान मैच 14 सितंबर को है। वहीं अगर दोनों सुपर-4 में पहुंची तो दूसरा मैच इन दोनों टीमों के बीच 21 सितंबर को होगा। वहीं कनेरिया को नहीं लगता कि इस बार पाक सुपर 4 तक पहुंचेगी।

## धवन ने खेल दिवस पर दिया विशेष संदेश



नई दिल्ली। पूर्व भारतीय क्रिकेटर शिखर धवन ने राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर सोशल मीडिया पर एक पोस्ट भेजी इसमें धवन ने लिखा जितना अधिक खेलोगे, उतना अधिक सीखोगे, उतना अधिक जीतोगे। पूर्व सलामी बल्लेबाज धवन ने इसके साथ ही क्रिकेट, फुटबॉल, पूल, घुड़सवारी और यहां तक कि पिकलबॉल खेलते हुए क अपनी तस्वीरें भी प्रशंसकों के साथ शेयर की हैं। इस पूर्व सलामी बल्लेबाज ने प्रशंसकों को खेलों में अलग-अलग तरीकों से सक्रिय रहने के अपने जुनून से भी परिचित कराया। उनके खेलों को लेकर दिये संदेश ने इस बात पर प्रकाश डाला कि कैसे खेल जीवन के विभिन्न सबक सिखाते हैं, इसमें बताया गया है कि प्रत्येक खेल और मैच व्यक्तिगत विकास और लचीलेपन में योगदान देता है। धवन की पोस्ट न केवल अपनी जीवंत तस्वीरों के लिए, बल्कि व्यापक संदेश के लिए भी प्रशंसकों के दिलों में छायी है। इसमें ये संदेश है कि खेल केवल स्टेडियमों तक सीमित नहीं हैं; ये अनुशासन, टीम वर्क और क्षमताओं को बताते हैं। गौरतलब हैकि हॉकी के दिग्गज खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के सम्मान में 29 अगस्त को हर साल राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जाता है। ये खेलों की एकजुटता, प्रेरणा और उत्थान की शक्ति की याद दिलाता है। राष्ट्रीय खेल दिवस स्वास्थ्य, फिटनेस और खेल उत्कृष्टता के प्रति भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि करने के एक मंच के रूप में विकसित हुआ है। साल 2019 में फिट इंडिया मूवमेंट की शुरुआत के साथ यह दिन एक व्यापक फिटनेस क्रांति में बदल गया है।

## यह संदेश हर किसी तक स्पष्ट रूप से पहुंच जाना चाहिए, शुभमन गिल की कप्तानी पर बोले पठान

**भुवनेश्वर (ओडिशा) (एजेंसी)।** स्पोर्ट्स डेस्क ‒ रोहित शर्मा के संन्यास के बाद जब शुभमन गिल को भारत का नया टेस्ट कप्तान घोषित किया गया तो कुछ लोगों ने हैरानी जताई थी, खासकर यह देखते हुए कि इस साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान खराब फॉर्म के कारण उन्हें कुछ समय के लिए टीम से बाहर कर दिया गया था। हालांकि 25 वर्षीय इस खिलाड़ी ने खुद को एक योग्य कप्तान और भारतीय बल्लेबाजी क्रम का करिश्माई खिलाड़ी साबित किया जिससे टीम को एक ऐतिहासिक सीरीज में 2-2 से बराबरी पर लाया गया और खुद भी इस सीरीज में रिकॉर्ड तोड़ 754 रन बनाए।

गिल अभी तक टी20 और वनडे में कप्तान नहीं हैं। सूर्यकुमार यादव टी20 टीम की कमान संभालते हैं जबकि रोहित शर्मा 50 ओवरों के प्रारूप में कप्तान बने हुए हैं, हालांकि टीम में उनकी जगह को लेकर सवाल उठ रहे हैं, मुख्यतः इसलिए क्योंकि उन्होंने इस साल पर्याप्त क्रिकेट नहीं खेला




है। पूर्व भारतीय ऑलराउंडर इरफान पठान ने कहा है कि खिलाड़ियों को यह स्पष्ट होना चाहिए कि लंबे समय में टीम की कमान कौन संभालेगा, भले ही इस समय तीन अलग-अलग कप्तान हों। पठान ने कहा, 'मुझे लगता है कि यह संदेश हर खिलाड़ी तक, मीडिया या प्रशंसकों से ज्यादा, जोरदार और स्पष्ट रूप से पहुंच जाना चाहिए कि इस ट्रेन का इंजन कौन है ताकि ट्रेन एक ही मंजिल तक पहुंचे, चाहे उसकी गति कितनी भी हो। शुभम गिल की कप्तानी समय के साथ बेहतर होती जाएगी, वह नेतृत्व की कला और सीखेंगे, लेकिन उन्होंने जो किया है वह शानदार है।' गिल को व्यापक रूप से तीनों प्रारूपों में कप्तानी संभालने के लिए तैयार माना जा रहा है।

सूर्यकुमार दुनिया के सर्वश्रेष्ठ टी20 बल्लेबाजों में से एक हैं, लेकिन वह 34 साल के हैं जबकि रोहित 38 साल के हैं। पठान को लगता है कि कप्तानी के मामले में भारत ने लंबे समय तक अपनी जगह बना ली है। पठान ने कहा, '(गिल) उनकी बल्लेबाजी क्षमता भी अच्छी है। वह एकदिवसीय क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं और वहां उप-कप्तान हैं। अब टी20 क्रिकेट में जो वह पिछले एक साल से नियमित रूप से खेल रहे थे, वह भी शामिल हैं। चयन समिति ने उनसे चर्चा की थी कि जैसे ही आप टेस्ट क्रिकेट से मुक्त होंगे, आपको वापसी का मौका मिलेगा। मैं समझता हूं कि मीडिया में कई सवाल उठ रहे हैं, लेकिन भारतीय क्रिकेट एक योजना के अनुसार चलता है और हमेशा से ऐसा ही रहा है। चयन बोर्ड और प्रबंधन की जिम्मेदारी है और मुझे लगता है कि एक ही दिशा में आगे बढ़ना जरूरी है। ऐसा लग रहा है कि भारतीय क्रिकेट इस समय शुभमन गिल के साथ यही कर रहा है।'

## एशिया कप में बुमराह सहित ये तीन खिलाड़ी निभाएंगे अहम भूमिका : सहवाग

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के आक्रामक सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने कहा है कि अगले माह होने वाले एशिया कप में अभिषेक शर्मा, जसप्रीत बुमराह और वरुण चक्रवर्ती एक्स फैक्टर होंगे। सहवाग के अनुसार भारतीय टीम यूएई में होने वाले इस टूर्नामेंट में जीत की प्रबल दावेदार है।




सूर्यकुमार यादव की कप्तानी वाली भारतीय टीम 10 सितंबर को यूएई के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। सहवाग ने कहा कि तेज गेंदबाज बुमराह के अलावा आक्रामक सलामी बल्लेबाज अभिषेक शुरुआत में ही विरोधी टीम पर दबाव बना देंगे। वहीं आईपीएल में मिस्ट्री स्पिनर के नाम से पहचान बनाने वाले वरुण चक्रवर्ती रही सही कसर पूरी कर देंगे। अभिषेक ने अब तक के सफर में भारतीय टीम की ओर से कई आक्रामक पारियां खेली हैं। वहीं वरुण ने चैंपियंस ट्रॉफी में स्पिन गेंदबाजी से विरोधी बल्लेबाजों पर दबाव बना दिया था। इससे भारतीय टीम ट्रॉफी जीती थी। सहवाग ने कहा, 'मुझे लगता है कि अभिषेक और बुमराह व वरुण मैच में बदलाव ला सकते हैं।' बुमराह ने पिछले साल के टी20 विश्व कप में भारत की खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने टूर्नामेंट के दौरान 15 विकेट लिए थे। 70 टी20आई में, उनके पास 17.74 की औसत से 89 विकेट हैं। वहीं दूसरी ओर अभिषेक ने 17 मैचों में 193.84 की शानदार स्ट्राइक रेट से 535 रन बनाए हैं। इसमें दो शतक और दो अर्धशतक हैं। वहीं वरुण ने 15 टी20 में 33 विकेट लिए हैं। उनकी फिरकी का सामना करना बड़े-बड़े बल्लेबाजों के बस की बात नहीं होती।

# आईपीएल में जो भी टीम खरीदेगी उससे खेलने के लिए तैयार हैं शमी

मुम्बई (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम से बाहर चल रहे अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने कहा है कि वह आईपीएल के अगले सत्र में किसी भी टीम से खेलने के लिए तैयार हैं। पिछले साल उन्हें सनराइजर्स ने मेगा नीलामी में 10 करोड़ रुपये में खरीदा था पर उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। शमी ने 9 मैच खेले और 56.16 की औसत से केवल 6 विकेट ही ले लिए थे। ऐसे में शमी को लगता है कि आईपीएल के इस सत्र में सनराइजर्स उन्हें शायद ही रिटेन करे। इसी को देखते हुए उनका कहना है कि वह किसी भी टीम से खेल सकते हैं। शमी ने कहा, मैं किसी भी टीम के लिए खेलने को तैयार हूं। जो भी मेरे लिए नीलामी में बोली लगायेगा। साथ ही कहा कि मेरे हाथ में कुछ नहीं है। यह आईपीएल है, क्रिकेट का उत्सव और प्रशंसकों के लिए मनोरंजन है। जो भी इसमें आपके लिए बोली लगाए, उसके साथ जाना होगा। गौरतलब है कि शमी ने आईपीएल में सर्वश्रेष्ठ 2023 सत्र में गुजरात टाइटन्स की ओर से किया था। इस सत्र में उन्होंने 17 मैचो में 18.64 की औसत से 28 विकेट लिए हैं। इसी सत्र में शमी ने पर्पल कैप भी हासिल की है। अपने पहले ही आईपीएल सत्र 2022 में, उन्होंने 24.40 की औसत से 20 विकेट लिए हैं।

## हसरंगा के बिना ही जिम्बाब्वे के खिलाफ टी20 सीरीज में उतरेगी श्रीलंकाई टीम

कोलंबो। श्रीलंका के गेंदबाजी ऑलराउंडर वानिंदु हसरंगा चोटिल होने के कारण अगले माह जिम्बाब्वे के खिलाफ होने वाली दो एकदिवसीय और तीन मैचों की टी20 सीरीज से बाहर हो गये हैं। हसरंगा का अब 9 सितंबर से यूएई में होने वाले एशिया कप में खेलना भी संदिग्ध है। जिम्बाब्वे के खिलाफ सीरीज के लिए श्रीलंकाई टीम घोषित कर दी गई है। हसरंगा को जुलाई में बांग्लादेश के खिलाफ टी20 सीरीज के दौरान हैमस्ट्रिंग में चोट लगी थी। वह अभी भी पूरी तरह से चोट से नहीं उबर पाए हैं। गत माह जुलाई से ही हसरंगा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर नहीं खेल पाये हैं। वह एक अच्छे स्पिनर होने के साथ ही निचले क्रम के बेहतरीन बल्लेबाज हैं। ऐसे में जिम्बाब्वे दौरे पर टीम के लिए उनकी कमी पूरी करना आसान नहीं होगा। ऐसे में स्पिन गेंदबाजी की जिम्मेदारी महिश तिक्षाणा और दुनिथ वेल्लालागे के पास रहेगी। वहीं तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना को भी टी20 टीम में शामिल किया गया है। लंकाई टीम साल 2008 के बाद पहली बार जिम्बाब्वे जाएगी। एकदिवसीय सीरीज के दो मैच 29 अगस्त और 31 अगस्त को हरारे में होंगे। वहीं, तीन टी20 मैच 3, 6 और 7 सितंबर को हरारे में ही खेले जाएंगे।



**श्रीलंका टी20 टीम इस प्रकार है ‒** चरिथ असलांका (कप्तान), पथुम निसांका, कुसल मेंडिस, कुसल परेरा, नुवानिदु फर्नांडो, कामिंदु मेंडिस, कामिल मिशारा, विशेन हलंबगे, दासुन शनाका, दुनिथ वेल्लालागे, चमिका करुणारत्ने, महीश तिक्षाना, दुशान हेमंथा, दुशमंथा चमीरा, बिनुरा फर्नांडो, नुवान तुषारा और मथीशा पथिराना।

**श्रीलंकाई एकदिवसीय टीम ‒** चरिथ असलंका (कप्तान), पथुम निसांका, निशान मदुष्का, कुसल मेंडिस, सदीरा समाराविक्रमा, नुवानिडु फर्नांडो, कामिंदु मेंडिस, जेनिथ लियानेज, पवन रत्नायके, दुनिथ वेल्लालागे, मिलन रथनायके, महेश दीक्षाना, जेफरी वेंडरसे, असिथा फर्नांडो, दुष्मंथा चमीरा और दिलशान मदुशंका।

# औसत से कम प्रदर्शन, नीरज चोपड़ा डायमंड लीग फाइनल में दूसरे स्थान पर रहे

**ज्यूरिख (एजेंसी)।** विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा ने गुरुवार रात अपने छठे और अंतिम प्रयास में रात का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 85.01 मीटर भाला फेंका और सीजन के आखिरी डायमंड लीग फाइनल में दूसरे स्थान पर रहे। चोपड़ा दो वैध थ्रो और तीन फाउल के साथ 84.35 मीटर के साथ तीसरे स्थान पर रहे, लेकिन अपने आखिरी प्रयास में केशोर्न वालकॉट को पछाड़कर दूसरे स्थान पर आ गए। उपविजेता स्थान हासिल करने से भारतीय दिग्गज और मौजूदा विश्व चैंपियन को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगातार 26 बार शीर्ष दो में रहने के अपने अविश्वसनीय क्रम को भी बरकरार रखने में मदद मिली।

अक्टूबर में टोक्यो में होने वाली विश्व चैंपियनशिप से कुछ हफ्ते पहले आयोजित एक प्रतियोगिता में चोपड़ा पिछले साल जीता गया अपना खिताब बरकरार रखने में नाकाम रहे और 84.35 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ तीसरे स्थान पर रहे, जो इस स्विस शहर में 7 खिलाड़ियों के बीच उनके व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 90.23 मीटर से कम था।

गत विजेता चोपड़ा को अपनी लय पाने में संघर्ष करना पड़ा और अपनी तकनीक में गलतियां करते हुए वह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए संघर्ष करते रहे। अंतिम विजेता जूलियन वेबर पहले ही दौर में अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ और विश्व-अग्रणी दूरी हासिल करने में सफल रहे। उन्होंने जोरदार थ्रो से भाला 91.37 मीटर पर पहुंचा दिया, जो उनके पिछले सर्वश्रेष्ठ 90.06 मीटर से बेहतर था, जिसने पहले कुछ मिनटों में ही प्रतियोगिता को समाप्त कर दिया।

पूर्व विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स 82.06 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ चौथे स्थान पर रहे क्योंकि वेबर को छोड़कर अधिकांश अन्य दो दिवसीय प्रतियोगिता में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में विफल रहे। टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक और पिछले साल पेरिस में रजत पदक जीतने वाले 27 वर्षीय चोपड़ा ने अपने पहले प्रयास में 84.35 मीटर का थ्रो फेंका, जिससे वह जर्मनी के जूलियन वेबर (91.37 मीटर) और त्रिनिदाद और टोबैगो के केशोर्न वाल्कोट (84.95 मीटर) के बाद तीसरे स्थान पर रहे।

वालकोट और चोपड़ा दोनों ने 79.91 मीटर और 82.00 मीटर के थ्रो फेंके, वेबर 91.51 मीटर के थ्रो के साथ आगे बढ़े जिसने लगभग उनके लिए पहला स्थान तय कर दिया। उन्होंने और चोपड़ा दोनों ने अपने तीसरे प्रयास में फाउल किया, जबकि भारतीय के दो बार के ओलंपिक पदक विजेता ने अपने अगले प्रयास में भी फाउल किया। वेबर (83.66 मीटर) और वाल्कोट (81.78 मीटर) ने ऐसे थ्रो फेंके जिनका समग्र परिणाम पर कोई असर नहीं पड़ा।

चोपड़ा ने अपने पांचवें प्रयास में भी फाउल किया जबकि वाल्कॉट ने 77.00 मीटर का औसत थ्रो किया और वेबर ने 86.45 मीटर के साथ प्रतियोगिता का तीसरा सर्वश्रेष्ठ



थ्रो किया। उन्होंने अंतिम प्रयास में छठे और अंतिम थ्रो के साथ वाल्कॉट को पीछे छोड़ दिया। चोपड़ा ने जून में पेरिस में 88.16 मीटर के प्रयास के साथ प्रथम स्थान प्राप्त करके डायमंड लीग फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था। उन्होंने मई में दोहा में 90.25 मीटर का अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ और राष्ट्रीय रिकॉर्ड थ्रो किया था, जो 90 मीटर के निशान से आगे उनका पहला प्रयास था, और ज्यूरिख में फिर से 90 मीटर का आंकड़ा पार करने की उम्मीद कर रहे थे।

# काम हीरो जितना लेकिन पैसा दसवां हिस्सा



ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा इन दिनों कई फिल्मों की शूटिंग में बिजी हैं। इसी बीच उनका एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें वो हिंदी फिल्म इंडस्ट्री की कड़वी सच्चाई के खिलाफ आवाज उठाते हुए नजर आ रही हैं। प्रियंका फिल्म जगत में असमान वेतन और पुरुष प्रधान कल्चर पर बात कर रही हैं।

### तेलुगु फिल्म में आएंगी नजर

प्रियंका चोपड़ा ने अपने अभिनय की शुरुआत भारतीय सिनेमा से की और समय के साथ न सिर्फ बॉलीवुड बल्कि हॉलीवुड में भी अपनी खास जगह बनाई। वह अब जल्द ही तेलुगु सिनेमा में भी कदम रखने जा रही हैं। फिल्म में वो साउथ सुपरस्टार महेश बाबू के साथ मुख्य भूमिका में नजर आएंगी।

वायरल वीडियो में प्रियंका साफ कहती हैं कि हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में सब कुछ पुरुष केंद्रित है। उनकी मानें तो सेट पर मेहनत दोनों ही कलाकार करते हैं, परंतु भुगतान में भारी असमानता है। उन्होंने कहा कि अक्सर हीरो तय करता है कि शूटिंग कब शुरू होगी और सबको उसका इंतजार करना पड़ता है, जबकि अभिनेत्रियों की राय या समय का कोई महत्व नहीं दिया जाता। प्रियंका के मुताबिक, उन्होंने अपने करियर के शुरुआती दौर में ऐसे हालात देखे जब किसी फिल्म में नायक को दी गई फीस का दसवां हिस्सा भी उन्हें नहीं मिला। कई बार जब उन्होंने बराबरी की बात उठाई, तो उन्हें ज्यादा मांग करने वाली या घमंडी करार दिया गया और मौके भी छीन लिए गए।

### फिर से शुरू हुई बहस

प्रियंका के इस वीडियो से पहले भी कई बार ये मुद्दा उठ चुका है। इससे पहले भी दीपिका पादुकोण और विद्या बालन जैसी अभिनेत्रियां वेतन असमानता पर अपनी राय रख चुकी हैं। हालांकि बावजूद इसके कोई ज्यादा फर्क नजर नहीं आता है। उदाहरण के तौर पर नितेश तिवारी की रामायण में मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक जहां रणबीर कपूर राम बनने के लिए 75 करोड़ रुपये एक पार्ट के लिए चार्ज कर रहे हैं वहीं कोइमोई की रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म में सीता का किरदार निभा रहीं साई पल्लवी को 18-20 करोड़ रुपये मिल रहे हैं।

### हॉलीवुड में मिला समान सम्मान

दिलचस्प बात यह है कि वीडियो में प्रियंका सिर्फ बॉलीवुड ही नहीं, हॉलीवुड का भी जिक्र करती हैं। उन्होंने कहा कि विदेश में उन्हें हीरो के बराबर मेहनताना दिया गया और वहां महिला कलाकारों को वो सम्मान मिला जिसकी कमी बॉलीवुड में अब भी है। यह अनुभव उनके लिए बेहद संतोषजनक रहा।



## ऑल अबाउट हर में होंगी मजेदार और जरूरी बातें

अभिनेत्री सोहा अली खान ने डिजिटल ऑडियंस के साथ जुड़ने के लिए पॉडकास्ट ऑल अबाउट हर शुरू किया है। अभिनेत्री ने बताया कि कोविड के बाद से ही पॉडकास्ट का चलन कुछ ज्यादा ही हो गया है। ऐसे में हम एक ऐसा फॉर्मेट लेकर आए हैं, जो अब तक दर्शकों को देखने को नहीं मिला है। बातचीत में सोहा ने कहा, मैं मानती हूं कि आजकल पॉडकास्ट्स की संख्या बहुत बढ़ गई है और लोगों की दिलचस्पी भी इसमें बढ़ रही है। लेकिन जब मैंने रिसर्च की तो देखा कि न्यूज, फिक्शनल थ्रिलर्स, वेलनेस और पैरेंटिंग जैसे विषयों पर कई पॉडकास्ट हैं, मगर महिलाओं की वेलनेस को लेकर कोई बात नहीं कर रहा है और मैं इस पॉडकास्ट के जरिए इसी गैप को भरने की कोशिश कर रही हूं। एक्ट्रेस ने आगे बताया कि आमतौर पर पॉडकास्ट में या तो कोई सेलेब्रिटी होता है या कोई एक्सपर्ट। लेकिन उनके पॉडकास्ट का फॉर्मेट थोड़ा नया है। इसमें न केवल सेलिब्रिटी होंगे बल्कि एक्सपर्ट्स भी होंगे। सोहा ने कहा, जब कोई एक्सपर्ट होता है, तो बातचीत थोड़ी बोरिंग हो जाती है, जबकि सेलेब्रिटी के साथ बातचीत और मजेदार लगने लगती है, लेकिन उन बातचीत में कुछ सीखने को नहीं मिलता है। लेकिन जब दोनों को एक साथ लाया जाए, तो बातचीत भी मजेदार होती है और सुनने वालों को कुछ काम की बातें भी मिलती हैं। यही इस पॉडकास्ट की खासियत है। उम्मीद है कि यह पॉडकास्ट महिलाओं को जागरूक बनाएगा और उपयोगी जानकारी मुहैया कराने का एक बेहतरीन मंच साबित होगा। इस पॉडकास्ट में अलग-अलग क्षेत्रों की जानी-मानी महिलाएं शामिल होंगी, जिनमें मलाइका अरोड़ा, करीना कपूर खान, स्मृति ईरानी, राधिका गुप्ता, पत्रलेखा, और सनी लियोन जैसे कई पॉपुलर चेहरे नजर आएंगे। साथ ही, किरण कोएल्हो, डॉ. रंजना धनु, और रुजुता दिवेकर जैसी विशेषज्ञों को भी इसमें देखा जा सकेगा, जो अलग-अलग मुद्दों पर अपनी राय देती दिखेंगी। अभिनेत्री का पॉडकास्ट ऑल अबाउट यूट्यूब पर स्ट्रीम हो रहा है।

## नो एंट्री का बिपाशा बसु वाला रोल लारा दत्ता को हुआ था ऑफर

साल 2005 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई फिल्म 'नो एंट्री' ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया था। इसे आज भी लोग देखना पसंद करते हैं। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर बड़ी सफलता हासिल की थी। इसमें सलमान खान, अनिल कपूर, फरदीन खान, बिपाशा बसु, लारा दत्ता, ईशा देओल, सेलिना जेटली और बोमन ईरानी समेत अन्य कलाकार अहम भूमिकाओं में थे। इस फिल्म को रिलीज हुए 20 साल हो चुके हैं। इस मौके पर फिल्म की एक्ट्रेस लारा दत्ता ने खुलासा किया है कि बिपाशा वाले रोल के लिए उन्हें सेलेक्ट किया गया था। एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर लिखा, नो एंट्री के 20 साल पूरे हो गए। यह फिल्म हमेशा मेरी पसंदीदा फिल्मों में से एक रहेगी। कॉमेडी में मेरा पहला कदम, मुझे वह रोल मिला था, जो बाद में बिपाशा ने निभाया था। मुझे याद है कि मैंने अनीस बज्मी से कहा था कि काजल का किरदार मेरे अब तक के सबसे अलग किरदारों में से एक है और मुझे एक बेहद शक्की, बड़बोली, पंजाबी पत्नी का किरदार निभाने के लिए खुद को कड़ी चुनौती देनी होगी। हैरानी की बात है कि मैंने उस किरदार को पूरी तरह से अपनाया और उसे निभाते हुए मुझे बहुत मजा आया।



## बेबी के किरदार की वजह से मिला तेहरान में मौका



**मधुरिमा तुली की तेहरान हाल ही में जी5 पर रिलीज हुई है। इसमें उनके साथ जॉन अब्राहम भी हैं। मधुरिमा ने खास बातचीत की।**


### फिल्म का हिस्सा कैसे बनीं?

पिछले कुछ समय से मैं लगातार म्यूजिक वीडियो कर रही थी और साथ ही कई लुक टेस्ट भी दे रही थी, लेकिन कहीं बात बन नहीं पा रही थी। तभी मेरी मैनेजर ने मेरे कुछ फोटो इस फिल्म के लिए भेजे। मेकर्स ने जब उन्हें देखा तो मुझे इस किरदार के लिए चुन लिया। बाद में जब मेरी मुलाकात टीम से हुई तो मुझे स्क्रिप्ट और मेरा किरदार दोनों ही बेहद पसंद आए। उन्होंने बताया कि मेरी पिछली फिल्म बेबी में निभाए गए किरदार को देखकर ही मुझे चुना गया था, क्योंकि उन्हें वैसी ही एक लड़की अपने प्रोजेक्ट के लिए चाहिए थी।


### जॉन संग बॉन्डिंग कैसी रही?

मेरी और जॉन की बॉन्डिंग काफी जबरदस्त रही। हमने साथ में कई संजीदा सीन्स किए और उनके लिए डायरेक्टर्स के साथ कई बार रीडिंग सेशन भी हुए। अक्सर हम बैठकर सोचते थे कि किसी सीन को किस तरह और बेहतर तरीके से परफॉर्म किया जा सकता है। इस दौरान हमारा कोऑर्डिनेशन बहुत अच्छा बना, जिसकी वजह से ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री भी और निखर कर सामने आई। वहीं अगर स्क्रिप्ट की बात करूं तो यह वाकई बहुत खूबसूरती से लिखी गई है। इसमें कई कठिन भाव ऐसे हैं जिन्हें बेहद कम शब्दों में बड़े सहज और असरदार तरीके से बयां किया गया है।

## निर्देशक विष्णुवर्धन की अगली फिल्म में दिखाई देंगे कार्तिक



अभिनेता कार्तिक आर्यन को पिछली बार फिल्म भूल भुलैया 3 में देखा गया था, जो बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुई। आने वाले समय में कार्तिक एक से बढ़कर एक फिल्मों में नजर आएंगे और अब उनके खाते से एक और बड़ी फिल्म जुड़ गई है। कार्तिक ने अपनी अगली फिल्म के लिए पहली बार निर्देशक विष्णुवर्धन से हाथ मिलाया है, जिन्हें सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी की फिल्म शेरशाह के लिए जाना जाता है। रिपोर्ट्स के अनुसार, विष्णुवर्धन एक जॉम्बी फिल्म लेकर आ रहे हैं, जिसके हीरो कार्तिक होंगे। निर्माताओं की तरफ से फिल्म की हरी झंडी मिल गई है। कार्तिक ने भी फिल्म के लिए हामी भर दी है, लेकिन कागजी कार्रवाई अभी बाकी है। फिल्म की कहानी लिखी जा चुकी है और जुलाई 2026 में इसकी शूटिंग शुरू होगी।



## मनोज बाजपेयी की नई फिल्म 'जुगनुमा' की हुई घोषणा

ओटीटी के किंग कहे जाने वाले अभिनेता मनोज बाजपेयी आने वाले वक्त में अलग-अलग जॉनर के कई प्रोजेक्ट्स में नजर आने वाले हैं। आज ही उनकी नई फिल्म 'इंस्पेक्टर जेंदे' का ट्रेलर रिलीज हुआ है। अब मनोज बाजपेयी के एक और प्रोजेक्ट की जानकारी सामने आई है। उनकी इस फिल्म का नाम है 'जुगनुमा'। आज फिल्म का पोस्टर और इसकी रिलीज डेट सामने आई है।

### कुछ ऐसी होगी फिल्म की कहानी

'जुगनुमा' एक जादुई फिक्शनल ड्रामा है। इस फिल्म की कहानी 80 के दशक के आखिरी में आधारित है। फिल्म के केंद्र में है देव, जिसे मनोज बाजपेयी ने निभाया है। देव हिमालय में स्थिति अपने फलों के बागों में रहस्यमय तरीके से जले हुए पेड़ों की खोज करता है। तमाम कोशिशों के बावजूद और भी आग लग जाती है, जिससे उसे खुद को और अपने परिवार को उनके असली रूप में देखने का मौका मिलता है। कहानी काफी रोचक मालूम पड़ती है। फिल्म 12 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होनी है।

### फिल्म से जुड़े हैं अनुराग कश्यप



'जुगनुमा' का निर्देशन राम रेड्डी ने किया है। यह उनकी दूसरी फिल्म है। उन्होंने इससे पहले साल 2016 में आई नेशनल अवॉर्ड विनिंग कन्नड़ फिल्म 'तिथि' का निर्देशन किया था। इस फिल्म में मनोज बाजपेयी के अलावा दीपक डोबरियाल, प्रियंका बोस, हिरल सिद्धू, तिलोत्तमा शोम सरीखे कलाकार भी नजर आएंगे। निर्माता गुनीत मोंगा कपूर और अनुराग कश्यप इस फिल्म से बतौर एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर जुड़े हुए हैं।

### 'द फैमिली मैन' के नए सीजन का इंतजार कर रहे फैंस

मनोज बाजपेयी के वर्कफ्रंट की बात करें तो इसके अलावा वो नेटफ्लिक्स की फिल्म 'इंस्पेक्टर जेंदे' में नजर आएंगे, जो 5 सितंबर को रिलीज हो रही है। इसके अलावा दर्शक उनकी लोकप्रिय वेब सीरीज 'द फैमिली मैन' के तीसरे सीजन का भी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। 'द फैमिली मैन' के नए सीजन के इस साल की अंत तक आने की उम्मीद है।



# इंडस्ट्री ने काम देना बंद कर दिया था हम रेसिस्ट हैं, बदलने में वक्त लगेगा

**अपने अभिनय के लिए नैशनल अवॉर्ड की हकदार रही पल्लवी जोशी के करियर में एक दौर ऐसा भी आया, जब उनके पास काम नहीं था। कश्मीर फाइल्स के बाद वे चर्चा में हैं द बंगाल फाइल्स से।**

**आप फिल्म और टीवी दोनों का हिस्सा रहीं हैं, मगर लंबे अरसे से आपने अभिनेत्री के रूप में खुद को डायरेक्टर पति विवेक अग्निहोत्री की फिल्मों तक सीमित कर लिया है?**

मैं तो विवेक की बहुत शुक्रगुज़ार हूं कि वो मेरे लिए किरदार लिख रहे हैं। कम से कम मैं उनकी फिल्मों में तो काम कर पा रही हूं, क्योंकि बाहर की फिल्मों में तो मुझे काम मिलना बंद हो गया था। ये हुआ 2004-5 से। मेरी दो सहेलियां हैं, रेणुका (शहाणे) और मृणाल जिन्होंने मुझे कास्ट किया। अन्यथा मुझे तो कोई ऑफर्स ही नहीं आ रहे थे। मुझे टीवी के वही डेली सोप के प्रस्ताव आ रहे थे, जो मैं करना नहीं चाहती थी। उसमें कोई किरदार नहीं होता, आप किसी की मां या सास होते हैं और वो चरित्र कभी भी पलटी मार सकता है। मेरे लिए रोल की शुरुआत और एंडिंग जानना जरूरी होता है। मैं अभिनय नहीं कर रही थी तो मैंने अपना प्रोडक्शन शुरू किया। मैंने दो हजार के दशक में दो मराठी फ़िल्में बनाई थीं। फिर हमने अपना होम प्रोडक्शन शुरू किया।

**आप जैसी समर्थ अदाकारा के लिए रोल्स की कमी क्यों कर हुई?**

मुझे कोई आइडिया नहीं है। हां बीच में दो हजार के दशक में मेरी समकालीन अभिनेत्रियां घर बैठ गई थीं। ये चलन हो गया था कि अरे इनको बहुत देख लिया है, नए चेहरों को लो। मेरे साथ की कई अभिनेत्रियों को नुकसान पहुंचा था। नीना गुप्ता को छोड़ दिया जाए, और उन्होंने भी ट्विटर पर डाल दिया था कि उन्हें काम नहीं मिल रहा, तो उसके बाद उन्हें काम मिलने लगा। वरना वे कितने सालों तक घर पर बैठी थीं। ये दुखद है, मगर जो अच्छे एक्टर्स होते हैं, वे अच्छे कैरेक्टर भी तो चाहते हैं।

**इंडस्ट्री में अनकन्वेंशनल रूप-रंग के कारण आपको रिजेक्शन का शिकार होना पड़ा था?**

बहुत पहले हुआ था। विवेक मुझे किसी टीवी प्रॉजेक्ट के लिए कास्ट कर रहे थे, तो एक सीनियर पर्सन ने कहा, पल्लवी जोशी को कास्ट मत करो, वो काली है। तब विवेक ने हंस कर कहा था, मेकअप भी कोई चीज होती है। मगर ये तो होता ही है। हमारे यहां जब बच्चा पैदा होता है, तो पूछा जाता है, गोरा है या काला है? हमें आज भी गोरी चमड़ी का ऑब्सेशन है। लड़का है या लड़की है? यह भी पूछा जाता है, तो हम रेसिस्ट भी हैं और सेक्सिस्ट भी। समस्या हमारे अंदर है, तो जब तक उसमें सुधार नहीं होगा, कुछ नहीं बदलेगा।

**आपके निर्देशक पति विवेक अग्निहोत्री का कहना है कि द बंगाल फाइल्स एजेंडा वाली फिल्म है, आप क्या कहेंगी?**

देखिए, ये सच तो है, मगर उसे कहने का मेरा तरीका विवेक से हट कर है। मैं कहती हूं कि किसी एक फैक्ट को नहीं छुपाया गया कि इससे देश का सोशल फैब्रिक खराब होगा, हमने देखा कि जो-जो हमने सहा, वो सब कुछ दबा कर रख दिया गया। कहने का अर्थ ये है कि जो पूरा सच छुपाया गया, वो एक एजेंडा था। भारतीय नागरिक होने के नाते इस एजेंडे को बेनकाब करना मेरा कर्तव्य है। मैं फिल्म में मां भारती का किरदार कर रही हूं। दिलचस्प बात ये है कि फिल्म में सारे किरदार वास्तविक हैं, सिर्फ मेरा किरदार काल्पनिक है, तो इसे करना चुनौतीपूर्ण रहा।





खूबसूरत दिखना हर कोई चाहता है। लोगों की यही चाहत ऐसे बहुत से रोजगार पैदा कर जाती है, जिसकी आमतौर पर सामान्य छात्र कल्पना नहीं करता। कॉस्मेटोलॉजी ऐसा ही क्षेत्र है। इसमें अनेक शाखाएं हैं, जहां भविष्य की संभावनाएं तलाशी जा सकती हैं। आप हेयर स्टाइलिस्ट, शैम्पू टेक्नीशियन, नख प्रसाधक, इस्थेटिशियन, ब्यूटी थेरेपिस्ट, नेल टेक्नीशियन और इलेक्ट्रोलॉजिस्ट तक बन सकते हैं और जॉब के रूप में हजारों तथा खुद का काम करके लाखों कमा सकते हैं।



# सौन्दर्य के संसार में खूबसूरत करियर

सुन्दर दिखने की चाहत और उसके लिए तरह-तरह के नुस्खों की आजमाइश जोरों पर है। इसके लिए बाजार में सौन्दर्य प्रसाधनों व लाइफ स्टाइल के उत्पादों की बाढ़ सी आ गई है। शेविंग क्रीम हो या टूथ पेस्ट, फेस क्रीम, स्क्रीन क्रीम या फिर शैम्पू, साबुन और तेल-ये सभी आम जीवन की जरूरतों में शामिल हैं। बाजार में रोजमर्रा की मांग ने इस क्षेत्र में रोजगार के अवसर भी खूब पैदा किए हैं। कॉस्मेटोलॉजी का कोर्स इन अवसरों के बीच ही ले जाता है। इसकी मांग को देखते हुए दिल्ली विश्वविद्यालय में भी इस कोर्स को करवाया जा रहा है।



## कॉस्मेटोलॉजी के रंग

इस कोर्स में छात्रों को पहले कॉस्मेटोलॉजी की विभिन्न ब्रांच और उसके विविध रूपों की जानकारी दी जाती है। ये ब्रांच हैं हेयर स्टाइलिस्ट, शैम्पू टेक्नीशियन, नख प्रसाधक, इस्थेटिशियन, ब्यूटी थेरेपिस्ट, नेल टेक्नीशियन और इलेक्ट्रोलॉजिस्ट। इसके बाद इन क्षेत्रों में काम आने वाले विभिन्न प्रोडक्ट्स के निर्माण के बारे में बताया जाता है। मसलन शेविंग क्रीम, टूथ ब्रश, पेस्ट, फेस क्रीम, सन्सक्रीम, नेल पॉलिश आदि। कोर्स से जुड़े विशेषज्ञों की मानें तो लाइफ स्टाइल और सौन्दर्य प्रसाधन से जुड़े जितने भी प्रोडक्ट प्रचलन में हैं, चाहे वे त्वचा संबंधी हों या आंख, नाक, कान, बाल, मुंह या शरीर के किसी और अंग से, इन सबके बारे में इस कोर्स में बताया जाता है। हेयर स्टाइलिस्ट को बालों के विभिन्न रूप, उनकी कटिंग और उनमें काम आने वाले कैमिकल्स की जानकारी दी जाती है। बालों को सुंदर बनाने की कला से भी रूबरू कराया जाता है।

शैम्पू टेक्नीशियन को आमतौर पर शैम्पू बनाने की विधियां, उसमें इस्तेमाल होने वाले रसायन और उसके इस्तेमाल की तरकीबें बताई जाती हैं। नख प्रसाधन के क्षेत्र में हाथ और पैर को सुन्दर बनाने वाली पॉलिश और क्रीम आदि के बारे में बताया जाता है। साथ ही देखभाल के बारे में जानकारी दी जाती है।

इस्थेटिशियन को आमतौर पर त्वचा की देखभाल की कला सिखाई जाती है। उसे नई तकनीक के इस्तेमाल से अंग लेपन, फेशियल मसाज आदि से अवगत कराया जाता है। इसमें दक्ष इस्थेटिशियन चाहे तो स्वतंत्र रूप से सैलून या स्पा में काम कर सकता है। वह चाहे तो किसी डॉक्टर को इस क्षेत्र की प्रैक्टिस में सहायता भी प्रदान कर सकता है। इस्थेटिशियन को त्वचा की देखभाल संबंधी उत्पाद की जानकारी के साथ-साथ उसके नफे-नुकसान के बारे में बताया जाता है। त्वचा की पूरी तरह से देखभाल के कारण इसे स्किन केयर थेरेपिस्ट भी कहा जाता है।

ब्यूटी थेरेपिस्ट को मशीन द्वारा बालों को हटाना, आंखों की पुतलियां सजाना, ठीक करना जैसी चीजों के बारे में दक्ष बनाया जाता है। इलेक्ट्रोलॉजिस्ट को इलेक्ट्रोलिसिस का इस्तेमाल करना सिखाया जाता है। विद्युत तरंगों से लैस मशीन से बाल को उखाड़ना या उसे उगाना जैसे काम इसमें बखूबी किए जाते हैं। कोर्स में छात्रों को सामान्य मेडिसिन की जानकारी भी दी जाती है। हालांकि डॉक्टर की तरह इलाज करना उसका काम नहीं होता। उसे सौन्दर्य प्रसाधन से जुड़े प्रोडक्ट्स का क्या-क्या असर होगा, यह भी पढ़ाया जाता है। मोटापा बढ़ने पर वजन कम करने और आकर्षक लुक व सुडौल शरीर कैसे बने, इसका भी ज्ञान दिया जाता है। यही नहीं, उसे मानव साइकोलॉजी का भी पाठ पढ़ाया जाता है। कोर्स में एनेलिटिकल कैमिस्ट्री का भी पाठ शामिल है।

## दाखिले की प्रक्रिया

दाखिले के लिए कहीं 12वीं पास तो कहीं बीएससी या स्नातक की मांग की जाती है। कैमिस्ट्री की पढ़ाई करने वालों के लिए यह और फायदेमंद हो जाता है। यह कोर्स सरकारी और गैर-सरकारी, दोनों तरह के संस्थानों में चल रहे हैं।



## रोजगार कहां

कोर्स को करने के बाद छात्र चाहे तो खुद बॉडी केयर सेंटर खोल सकते हैं। दिल्ली जैसे शहर में इस तरह के सेंटर से लोग प्रति माह हजारों रुपए कमा रहे हैं। आप ब्यूटीशियन के लिए बतौर कंसलटेंट काम कर सकते हैं। कॉस्मेटिक प्रोडक्ट बनाने वाली कंपनियों में भी काफी अवसर हैं। छात्र चाहे तो कॉस्मेटिक निर्माण की यूनिट भी लगा सकता है। जहां तक आय का सवाल है, कोई चाहे तो किसी के यहां काम करके 20 से 30 हजार रुपए भी कमा सकता है और स्वरोजगार में लाख, दो लाख रुपए महीना भी।

# क्या कहता है आपका एप्टीटयूड




**विषय अनेक और करियर भी अनेक, इतने कि किसे चुनें, किसे नहीं। इसी ऊहापोह में छात्र भटक कर रह जाते हैं। अपनी दुविधा लेकर काउंसलरों के पास आने वाले छात्रों के आंकड़े बताते हैं कि हाल-फिलहाल में छात्रों में यह असमंजस की स्थिति कहीं ज्यादा बढ़ी है। आपके इस असमंजस को सही दिशा दे सकता है एप्टीटयूड टैस्ट। किस-किस तरह के हैं ये एप्टीटयूड टैस्ट?**

अमोल संगीतज्ञ बनना चाहता है, लेकिन उसके माता-पिता उसे इंजीनियर के रूप में देखना चाहते हैं। पिता और अमोल के बीच करियर के चुनाव को लेकर काफी दिन तक खींचतान चलती रही। घर में इस कलह को दूर करने के लिए उसे काउंसलरों ने एप्टीटयूड टैस्ट कराने की सलाह दी। अमोल के एप्टीटयूड टैस्ट के बाद ही यह पता लगाया गया कि वह एक सफल संगीतज्ञ बन सकता है। टैस्ट में उसमें क्रिएटिव इनोवेशन के लक्षण ज्यादा पाए गये। इस क्षेत्र में उसकी विशेष रुचि भी देखी गई। अमोल अकेला ऐसा छात्र नहीं। उसकी तरह कई और भी छात्र हैं, जिनके जीवन को सही दिशा देने के लिए माता-पिता अब एप्टीटयूड टैस्ट कराने लगे हैं। किसी व्यक्ति की क्षमता का आकलन एप्टीटयूड टैस्ट से ही हो पाता है। उसमें इंजीनियर बनने की क्षमता है या ड्राइवर या कलाकार, इसे पता लगाने का सटीक उपाय है एप्टीटयूड टैस्ट। दिल्ली विश्वविद्यालय में मनोविज्ञान के प्रो. एनके चड्ढा कहते हैं, करियर का सही चुनाव और उसमें मौजूद क्षमता के आकलन के लिए एप्टीटयूड के साथ बच्चे की रुचि भी देखी जाती है। ऐसा करने पर करियर के चुनाव में खासी मदद मिलती है। एप्टीटयूड और इंटरेस्ट, दोनों एक-दूसरे के साथ जुड़े हैं और साथ-साथ चलते हैं। अगर एक है और दूसरा नहीं तो करियर को सही दिशा नहीं मिलती।

काउंसलर गीतांजलि कुमार करियर और जीवन को सही दिशा देने में एप्टीटयूड और इंटरेस्ट के साथ व्यक्ति के व्यक्तित्व और शारीरिक क्षमता को भी एक कड़ी मानती हैं। वह कहती हैं, इन सबको मिला कर ही किसी को करियर या जीवन में कोई राह चुनने की सलाह दी जाती है। अगर किसी में किसी कार्य के प्रति एप्टीटयूड है, पर रुचि या करने की इच्छा नहीं तो उस दिशा में भेजना बेकार है। इसी तरह पहली दोनों चीजें हैं, लेकिन शारीरिक क्षमता या व्यक्तित्व नहीं तो ऐसे करियर के चुनाव की सलाह देना बेकार है। वह कहती हैं, व्यक्तित्व भी पॉजिटिव मोटिव देता है, इसलिए तीनों को देखना जरूरी है।

## क्यों है जरूरी

एप्टीटयूड टैस्ट ही किसी छात्र या व्यक्ति के करियर और काम की दिशा बताता है। उसकी क्षमता और रुचि को बताता है। इसके बाद उसे सही प्रोफेशन चुनने की सलाह दी जाती है। विशेषज्ञों के मुताबिक अगर ऐसा नहीं होता तो अमुक व्यक्ति में आगे चल कर कुंठा का जन्म होता है। वह काम को एन्जॉय नहीं कर पाता। ऐसी स्थिति में उसके अंदर नकारात्मक सोच हावी हो जाती है। वह विध्वंसात्मक दिमाग का हो जाता है। उसमें पहचान का संकट भी पैदा होने लगता है। एप्टीटयूड, रुचि और व्यक्तित्व के हिसाब से काम नहीं मिलने पर वह अपने पेशे में उतना सक्षम साबित नहीं होता, जितना दूसरे लोग। ऐसे में वह दूसरों को नीचा दिखाने के लिए कई बार उलटे-सीधे हथकंडे भी अपनाता है। सफलता नहीं मिलने पर वह कई बार अवसाद की स्थिति में आ जाता है और आत्महत्या को मजबूर हो जाता है, इसलिए शिक्षण संस्थानों को सरकार ने बच्चों के करियर की दिशा तैयार करने को कहा है। शिक्षण संस्थाओं में करियर एंड काउंसलिंग सेंटर आए दिन इसी वजह से खोले जा रहे हैं। यह हर संस्थान और काम की जगह की जरूरत बनती जा रही है। प्रो. चड्ढा कहते हैं, भारत में इस तरह की समस्याओं के लिए निजी प्रैक्टिशनर की ओर से जगह-जगह नगरों व महानगरों में काउंसलिंग सेंटर खुल गए हैं, लेकिन इसे चलाने वाले लोग आमतौर पर क्वालिफाइड नहीं होते। काउंसलिंग के लिए कौन सा व्यक्ति उपयुक्त है या नहीं, इसके लिए नेशनल एजेंसी बनी है। वह क्वालिफिकेशन तय करती है। गाइडलाइंस भी तैयार किए हैं।

## एप्टीटयूड टैस्ट के रूप-रंग


**लॉजिकल रीजनिंग**- एप्टीटयूड टैस्ट के कई आयाम हैं, जिनमें एक है लॉजिकल रीजनिंग। इसके तहत कार्य-कारण संबंध पर जोर होता है। किसी व्यक्ति में मानसिक स्तर पर कैलकुलेशन की क्षमता कितनी है, इसका आकलन लॉजिकल रीजनिंग के माध्यम से किया जाता है। अगर वह लॉजिकल रीजनिंग में ज्यादा स्कोर करता है तो इससे पता चलता है कि वह कायदे-कानून में रह कर कठिन से कठिन समस्याओं को हल कर सकता है। इस क्षमता से लैस युवा मैनेजर, वैज्ञानिक और व्हाइट कॉलर जॉब में जाने के उपयुक्त होते हैं।

**एब्सट्रेक्ट रीजनिंग** - इसके तहत खरा उतरने वाला युवा बिखरी हुई चीजों को एकत्रित करके प्लान के साथ काम करने में विशेष हुनर रखता है। इसमें एप्टीटयूड किस तरफ जा रहा है, उसकी दिशा क्या है, वह एक एरिया से दूसरे एरिया में लिंक कर रहा है या नहीं, यह भी देखा जाता है। सिविल और इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियरिंग में बेहतर करने वाले युवाओं में एब्सट्रेक्ट रीजनिंग हल करने की क्षमता ज्यादा पाई जाती है।

**न्यूमेरिकल रीजनिंग** - यह किसी व्यक्ति की गणितीय क्षमता की जानकारी देता है। वह गुणा-भाग करने और सांख्यिकीय सवालों को हल करने की कितनी क्षमता रखता है, इसका आकलन इसके द्वारा किया जाता है। इसे देख कर ही उसे इस विषय या क्षेत्र से जुड़े करियर में जाने की सलाह दी जाती है। मसलन सीए, गणितज्ञ और लेखाकार आदि बनने के लिए न्यूमेरिकल रीजनिंग में बेहतर होना चाहिए।

**आई-हैंड कोऑर्डिनेशन** - आमतौर टेक्निकल काम मसलन ड्राइविंग हो, पायलट या फिर किसी मशीन को चलाने के लिए मशीनमैन हो, उसमें यह एप्टीटयूड जरूर होना चाहिए। इसमें कोई व्यक्ति हाथ, पैर व आंख को काम करते वक्त कितना केन्द्रित कर पाता है, यह देखा जाता है। ऐसा व्यक्ति दुर्घटनाओं को कम करने में काफी मददगार साबित होता है। ड्राइवर, पायलट, मशीनमैन और मैकेनिकल जॉब के लिए यह एप्टीटयूड बढ़िया माना जाता है।

**क्रिएटिव इनोवेशन** - इसमें किसी व्यक्ति की रचनात्मक क्षमता का आकलन किया जाता है। उसमें कलात्मक रुझान व रुचि का पता लगाया जाता है। आमतौर पर व्हाइट कॉलर जॉब में इस तरह के लोगों की जरूरत पड़ती है। इसके तहत यह भी देखा जाता है कि वह निर्णय कितना शीघ्र और सही रूप में लेता है। उसमें फ्लेक्सिबिलिटी भी होनी चाहिए। कोई व्यक्ति स्वभाव में अड़ियल तो नहीं है। अगर उसमें फ्लेक्सिबिलिटी का स्तर बेहतर है तो उसे उच्चतम पदों की जिम्मेदारी दी जाती है। इसमें उसके अंदर बड़प्पन कितना है, इसका आकलन भी किया जाता है। एप्टीटयूड टैस्ट में ओरिजनेलिटी और मौलिकता को भी देखा जाता है। ऐसे चंद ही व्यक्ति होते हैं, जो अलग किस्म के आइडिया से लैस होते हैं। इस टैस्ट में ओरिजनल आइडिया को देखा व समझा जाता है। इसे बहुविध सोच के रूप में भी देखा जाता है। यह गुण जिसमें है, उसमें अध्यापक, लेखक, अभिनेता, संगीतज्ञ और आविष्कारक बनने की क्षमता होती है।



# प्रोफेशनल लाइफ में रख रहे हैं कदम अपनाएं ये टिप्स

कॉलेज लाइफ को अलविदा कहकर प्रोफेशनल वर्ल्ड में कदम रखने कम चुनौतीपूर्ण नहीं हैं। कई युवाओं के लिए कॉलेज ग्रेजुएशन पूरा होने और अपने पहले जॉब की शुरुआत काफी तनावपूर्ण होती है। कॉलेज पूरा करने के बाद आपको जॉब हंटिंग, इंटरव्यू देना होता है और वास्तविकता का सामना करना इतना आसान नहीं है। कॉलेज स्टूडेंट से एक प्रोडक्टिव एम्प्लॉई बनने का यह ट्रांजिशन सफल बनाने के लिए कुछ बातों को समझना जरूरी है। इन मुद्दों को समझकर और उनके लिए तैयार रहकर इस बदलाव को आसान बना सकते हैं।

कॉलेज जाने और नौकरी पर जाने में बहुत फर्क है। आप जॉब में बंक नहीं मार सकते। आप पैसे देकर ट्यूशन नहीं ले रहे बल्कि आपको पे किया जा रहा है। इसलिए ट्यूशन की तरह मन न होने पर आप काम पर नहीं जाने का मन नहीं बना सकते। आपको नौकरी में आठ घंटे तो काम करना ही पड़ता है।

कॉलेज का समय प्रयोग का समय होता है। हम यहां थोड़ा गैर जिम्मेदार हुए तो चलेगा लेकिन प्रोफेशनल लाइफ में ऐसा नहीं है। कॉलेज में गैर जिम्मेदार होने का मतलब खराब ग्रेड लेकिन वर्कप्लेस पर अनप्रोफेशनल होना मतलब आपके नौकरी की छुट्टी। प्रोफेशनल का मतलब ही सेल्फ-स्टार्टर होता है। कॉलेज से ज्यादा डेडलाइन का सामना आपको प्रोफेशनल वर्ल्ड में करना होगा।

ग्रेजुएशन या पोस्ट ग्रेजुएशन के बाद आपके दिमाग में अपना स्पष्ट करियर पाथ होना चाहिए लेकिन अगर आपका पहला जॉब अपनी योजना से मेल नहीं खाता है तो घबराइए नहीं।

कॉलेज छोड़ने और प्रोफेशनल दुनिया में कदम रखने में बहुत चीजें बदलती है। हां, अगर आप दोपहर तक सोते रहते हैं या देर रात फिल्में देखते हैं तो यह सब आपको बंद करना पड़ेगा। आपकी डाइट भी बदलेगी। लाइफस्टाइल के बदलावों के लिए तैयार रहें।

कॉलेज लाइफ खत्म होने का मतलब नहीं कि आपकी लाइफ से फन गायब हो गया। आप अभी भी ट्रेवल कर सकते हैं, दोस्तों के साथ समय बिता सकते हैं और नए व रोमांचक चीजें सीख सकते हैं। इस समय आपको देखना होगा कि किस तरह से मनोरंजन करें ताकि आप अपनी जॉब की जिम्मेदारी भी अच्छे से निभा पाएं।